

- पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ नस्ली हिंसा पर दायर की जनहित याचिका - 5



- अश्लील और गैरकानूनी सामग्री पर कार्रवाई करें वर्ना भुगतने पड़ेंगे नतीजे - 8



- परमाणु कार्यक्रम दोबारा शुरू करने पर ईरान पर हमला करेगा अमेरिका - 9



- विश्व ब्लिट्ज : अर्जुन एरिगैसी से हार के बाद कार्लसन ने आपा खो दिया - 10

आज का मौसम

18.0° अधिकतम तापमान

08.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 07.04

सूर्यास्त 05.26


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

- लखनऊ - बरेली - कानपुर
- मुरादाबाद - अयोध्या - हल्द्वानी

पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी 01:48 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 31 दिसंबर 2025, वर्ष 7, अंक 37, पृष्ठ 14 - मूल्य 6 रुपये






Plot No. 772, Mundia Ahmed Nagar, near Bareilly Airport, Central Pilibhit Road, Bareilly-243006, Uttar Pradesh



पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ नस्ली हिंसा पर दायर की जनहित याचिका - 5



अश्लील और गैरकानूनी सामग्री पर कार्रवाई करें वर्ना भुगतने पड़ेंगे नतीजे - 8



परमाणु कार्यक्रम दोबारा शुरू करने पर ईरान पर हमला करेगा अमेरिका - 9




विश्व ब्लिट्ज : अर्जुन एरिगैसी से हार के बाद कार्लसन ने आपा खो दिया - 10


आज का मौसम | 18.0° अधिकतम तापमान | 08.0° न्यूनतम तापमान | सूर्योदय 07.04 | सूर्यास्त 05.26

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| बरेली |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी 01:48 उपरांत त्रयोदशी विक्रम संवत 2082

बुधवार, 31 दिसंबर 2025, वर्ष 7, अंक 37, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


पहाड़ों पर सैलानी



शिमला : नए साल का जश्न मनाने के लिए हिमाचल प्रदेश के पर्यटन स्थल सैलानियों से पैक हो गए हैं। शिमला में कड़ाके की ठंड के बाद भी मंगलवार की शाम को रिज में अच्छी चहल-पहल देखी गई। ● एजेंसी

## भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, जापान हमसे पीछे

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और 2030 तक जर्मनी को पीछे करके तीसरे स्थान पर पहुंचने की स्थिति में है। सरकार की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गई। भारत लगातार मजबूत वृद्धि आंकड़ों के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था भी बना हुआ है।

वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 8.2 प्रतिशत रही। यह आंकड़ा चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही के 7.8 प्रतिशत और पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के 7.4 प्रतिशत से अधिक है। भारत ने 4,180 अरब अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन के साथ जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा हासिल कर लिया और अनुमान है कि 2030 तक 7,300 अरब अमेरिकी डॉलर की जीडीपी के साथ जर्मनी को तीसरे स्थान से हटाने की स्थिति में है।

- टैरिफ वार के बीच पकड़ी रॉकेट सी रफ्तार, 2030 तक जर्मनी को पीछे छोड़ तीसरे स्थान पर होंगे हम



### आईएमएफ का अनुमान

आईएमएफ के साल 2026 के अनुमानों के अनुसार, भारत की अर्थव्यवस्था 4.51 ट्रिलियन डॉलर की होगी। यह जापान के अनुमानित 4.46 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा अधिक है। सरकार का यह आशावादी दृष्टिकोण ऐसे समय में आया है जब अगस्त में अमेरिका द्वारा लगाए गए भारी टैरिफ के कारण अर्थव्यवस्था को कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ये टैरिफ भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद से जुड़े थे।

दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका है, जबकि चीन दूसरे स्थान पर है। बयान में कहा गया कि 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि छह तिमाहियों के उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो वैश्विक व्यापार में बनी अनिश्चितताओं के बावजूद भारत की मजबूती को दर्शाती है। मजबूत निजी उपभोग जैसे घरेलू कारकों ने इस विस्तार को सहारा देने में प्रमुख भूमिका निभाई। बयान में विभिन्न संस्थानों के अनुमानों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने इसकी पुष्टि की है।

विश्व बैंक ने 2026 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। वहीं मूडीज का अनुमान है कि भारत 2026 में 6.4 प्रतिशत और 2027 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि के साथ जी-20 अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष ने 2025 के लिए अपने अनुमान को बढ़ाकर 6.6 प्रतिशत और 2026 के लिए 6.2 प्रतिशत कर दिया है।


अमृत विचार वार्षिक पंचांग- 2026

प्रिय पाठक, 2026
नववर्ष की अग्रिम शुभकामनाएं
1 जनवरी 2026 के अंक के साथ
आकर्षक निःशुल्क पंचांग वितरक से लेना न भूलें।
अपनी प्रति आज ही सुरक्षित करायें।
प्रबन्धन


## भारत रिफॉर्म एक्सप्रेस में सवार, युवा आबादी इसका मुख्य इंजन : मोदी

### प्रधानमंत्री ने कहा- सुधारों के बाद हमारी तरफ उम्मीद एवं भरोसे से देख रही है दुनिया


नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि भारत ने विभिन्न क्षेत्रों में वृद्धि की संभावनाएं बढ़ाने वाले अगली पीढ़ी के सुधारों के माध्यम से प्रगति की रफ्तार को जिस गति से बढ़ाया है, उसकी तारीफ दुनिया कर रही है। कहा कि भारत सुधारों पर केंद्रित 'रिफॉर्म एक्सप्रेस' में सवार हो चुका है जिसका मुख्य इंजन देश की युवा आबादी और नागरिकों का अटूट संकल्प है। प्रधानमंत्री ने पेशेवर सोशल नेटवर्किंग मंच 'लिंक्डइन' पर अपनी एक पोस्ट में यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत अपने लोगों के नवोन्मेषी उत्साह के कारण वैश्विक ध्यान का केंद्र बन गया है और अब दुनिया भारत को उम्मीद और भरोसे के साथ देख रही है।

मोदी ने कहा, भारत के लिए 2025 एक ऐसा साल होगा जिसे हमने पिछले 11 वर्षों में तैयार जमीन पर सुधारों को एक सतत राष्ट्रीय मिशन के रूप में आगे बढ़ाने के लिए याद किया जाएगा। हमने संस्थाओं को आधुनिक बनाया, शासन को सरल किया और दीर्घकालीन समावेशी वृद्धि के लिए बुनियाद को मजबूत किया। प्रधानमंत्री ने जीएसटी, भारतीय बीमा कंपनियों में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति, श्रम कानूनों में सुधार और ग्रामीण रोजगार गारंटी जैसी कुछ प्रमुख पहलों का उदाहरण भी दिया। उन्होंने जीएसटी में पांच और 18 प्रतिशत का दो-स्तरीय कर ढांचा लागू किए जाने का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे घरों, एमएसएमई, किसानों और श्रम-गहन क्षेत्रों पर बोझ कम हुआ है। इसका मकसद विवादों में कमी लाना और अनुपालन को बेहतर करना है। इस सुधार से उपभोक्ता धारणा और मांग में वृद्धि हुई है।

त्योहारी मौसम में बिक्री में भी वृद्धि देखी गई। मोदी ने इस पोस्ट में मध्यम वर्ग को दी गई अप्रत्याशित राहत का जिक्र करते हुए कहा कि सालाना 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को अब आयकर नहीं देना है।

इसके अलावा 1961 के पुराने आयकर अधिनियम को बदलते हुए आधुनिक और सरल आयकर अधिनियम, 2025 लागू किया गया है। भारतीय बीमा कंपनियों में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति देने से बीमा दायरा बढ़ेगा, प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा और नागरिकों को बेहतर विकल्प एवं सेवाएं मिलेंगी। संसद के मानसून सत्र में एक ही बार पांच समुद्री कानून पारित किए गए। मोदी ने चार आधुनिक श्रम संहिताएं लागू किए जाने का जिक्र किया जो मजदूरों के हित सुरक्षित करने के साथ कारोबारी परिवेश को भी मजबूत करता है। इसके अलावा यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ के साथ एफटीए भी का भी जिक्र किया।



### दीर्घकालिक वृद्धि के लिए मिशन रूप में सुधारों की जरूरत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में मिशन रूप में सुधार किए जाने की जरूरत पर जोर दिया ताकि दीर्घकालीन आर्थिक वृद्धि को सुनिश्चित किया जा सके। प्रधानमंत्री ने वित्त वर्ष 2026-27 के केंद्रीय बजट की तैयारियों के संदर्भ में नीति आयोग में जाने-माने अर्थशास्त्रियों और विशेषज्ञों के साथ बातचीत में यह बात कही। इस संवाद का विषय 'आत्मनिर्भरता एवं संरचनात्मक रूपांतरण, विकसित भारत के लिए एजेंडा' था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की नीति-निर्माण प्रक्रिया और बजट निर्धारण में 2047 के लिए संकल्प को केंद्रीय रूप से रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश को वैश्विक श्रम शक्ति और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बनाए रखना जरूरी है। मोदी ने विकसित भारत के लक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प अब सरकारी नीतियों से इतर आमजन आकांक्षा बन चुका है। इस चर्चा में कई प्रमुख अर्थशास्त्रियों एवं विशेषज्ञों ने शिरकत की। इनमें शंकर आचार्य, अशोक के भट्टाचार्य, एन. आर. भानुमूर्ति, अमिता बत्रा, जन्मेजय सिन्हा, अमित चंद्रा, रजनी सिन्हा, बसंत प्रधान, मदन सबनवीस, आशिमा गोयल, धर्मकीर्ति जोशी, उमाकांत दास, पिनाकी चक्रवर्ती, इंद्रनील सेन गुप्ता, समीरन चक्रवर्ती, अभिमान दास, राहुल बाजोरिया, मोनिका हलन और सिद्धार्थ सन्याल शामिल थे।

## उत्तर प्रदेश में फिर बढ़ी एसआईआर की समय सीमा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन अब 6 जनवरी, 2026 को
- ड्राफ्ट वोटर लिस्ट 6 मार्च को की जाएगी जारी

**अमृत विचार:** भारत निर्वाचन आयोग ने उत्तर प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम की समय-सीमा में पुनः संशोधन किया है। इसके अनुसार एक जनवरी, 2026 के आधार पर तैयार की जा रही मतदाता सूची के लिए अब नई तारीख घोषित की गई हैं। चुनाव आयोग ने बताया कि तारीख में हुए इस बदलाव का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक सटीक, पारदर्शी और त्रुटिहीन बनाना होगा।

राज्य निर्वाचन आयोग के अनुसार, अब ड्राफ्ट वोटर लिस्ट छह जनवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। ड्राफ्ट लिस्ट जारी होने के बाद मतदाता अपने नाम, पते और अन्य विवरणों की जांच कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी के आधार पर राज्य में चल रहे एसआईआर कार्यक्रम की घोषित तारीखों में संशोधन करते हुए नई तिथियां जारी कर दी गई है। संशोधित



तारीखों के अनुसार, अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन छह जनवरी, 2026 को किया जाएगा। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि छह जनवरी से छह फरवरी, 2026 तक निर्धारित की गई है।

छह जनवरी से 27 फरवरी 2026 तक नोटिस चरण, गणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन छह मार्च, 2026 को किया जाएगा।

### ब्रीफ न्यूज

### रेलवन एप से अनारक्षित टिकटों पर 3% छूट

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय 14 जनवरी से 14 जुलाई 2026 तक रेलवन एप के माध्यम से अनारक्षित टिकटों की खरीद और किसी भी डिजिटल माध्यम से भुगतान पर तीन प्रतिशत की छूट प्रदान करेगा। फिलहाल, यह एप पर आर-वॉलेट भुगतान के माध्यम से अनारक्षित टिकट बुक करने पर तीन प्रतिशत कैशबैक प्रदान करता है।

### सीक्यूबी कार्बाइन और टॉरपीडो का करार

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए सीक्यूबी कार्बाइन और नौसेना के लिए हेवी वेट तारपीडो की खरीद के 4,666 करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं। सीक्यूबी नजदीकी लड़ाई और आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है। (विस्तृत पेज 5 पर)

## बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का निधन

ढाका, एजेंसी

- प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्त किया शोक कहा- भारत-बांग्लादेश संबंधों में उनके योगदान को याद रखा जाएगा
- तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकी थीं खालिदा जिया, आज किया जाएगा अंतिम संस्कार

बांग्लादेश की पहली महिला प्रधानमंत्री खालिदा जिया का मंगलवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। जिया ने देश में उथल-पुथल भरे सैन्य शासन के बाद लोकतंत्र की पुनर्स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और दशकों तक देश की राजनीति पर अपना दबदबा बनाए रखा था। जिया के बड़े बेटे और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारीक रहमान ने कहा, मेरी मां अब हमारे बीच नहीं रहीं। जिया बीएनपी की अध्यक्ष थीं।

प्रधानमंत्री मोदी ने जिया के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पड़ोसी देश के विकास और भारत-बांग्लादेश संबंधों में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। जिया के निजी चिकित्सक डॉ. एजेडएम जाहिद हुसैन ने बताया कि ढाका के 'एवरकेयर' अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार तड़के उन्होंने अंतिम सांस ली। जिया तीन बार प्रधानमंत्री और बीएनपी की अध्यक्ष भी रह चुकी थीं। जिया के जनाजे की नमाज बुधवार को संसद परिसर के सामने ढाका मानिक मियां एवेन्यू में होने की उम्मीद है। जिया गुर्दे और हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह के साथ अन्य संक्रमणों से जूझ रहीं थीं। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने अपने शोक संदेश में जिया के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि देश ने न केवल एक महान राजनेता को खोया है।



### अंतिम संस्कार में शामिल होंगे जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री बेगम खालिदा जिया के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए बुधवार को बांग्लादेश जाएंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि जयशंकर अंतिम संस्कार में शामिल होंगे और भारत तथा भारत के लोगों का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों देशों के बीच हाल के घटनाक्रमों को देखते हुए डॉ. जयशंकर के बेगम जिया के अंतिम संस्कार में भाग लेने को महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है।

## छह राज्यों में बारिश का अलर्ट, यूपी में बिगड़ेगा मौसम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहाड़ों पर हिमपात के कारण तापमान दो से तीन डिग्री गिरने की संभावना
- वर्ष के आखिरी दिन 20 से अधिक शहरों में घने कोहरे के आसार

**अमृत विचार :** नववर्ष के आगमन की तैयारी के बीच मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने उत्तर भारत के छह राज्यों में बारिश की चेतावनी दी है। लोगों से इस दौरान सतर्क रहने की अपील की गई है।

दरअसल, पहाड़ी इलाकों में कुछ जगहों पर भारी हिमपात की संभावना है, जिससे उत्तर प्रदेश के भी तमाम जिले प्रभावित होंगे। बारिश और हिमपात के कारण तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की कमी आने की संभावना है। इस बीच उत्तर प्रदेश में वर्ष 2025 के आखिरी दिन 20 से अधिक शहरों में घना कोहरा मुश्किल हालात पैदा कर सकता है। सुबह के वक्त यात्रा करने वाले लोगों को विशेष रूप से सतर्क रहने की आवश्यकता है। जिन जिलों में घने कोहरे की चेतावनी जारी की गई है, उनमें लखनऊ, बाराबंकी, कानपुर, सीतापुर, गोरखपुर, महाराजगंज, संत कबीर नगर, बहराइच, गोंडा, सैफई, मैनपुरी, बिजनौर, रामपुर, बलरामपुर, आगरा, मुजफ्फर नगर, अमेठी, मेरठ और बरेली शामिल हैं। दूसरी ओर वर्ष के अंतिम दिन 31 दिसंबर की शाम से छह राज्यों उत्तराखंड, दिल्ली, हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में बारिश और बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान लोगों से काफी सतर्क रहने की अपील भी है। बारिश की वजह से पारा तेजी से गिरने की संभावना जताई गई है।

## 'बैटल ऑफ गलवान' से चिढ़ा चीन

**नई दिल्ली।** सलमान खान अभिनीत फिल्म बैटल ऑफ गलवान का टीजर जारी होने के बाद चीनी ने नाराजगी जताई है। वहां की मीडिया में हो रही आलोचना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मंगलवार को सरकारी सूत्रों ने कहा कि सिनेमा कलात्मक अभिव्यक्ति का एक माध्यम है और भारत इसे प्रतिबंधित नहीं करता है। यह फिल्म 2020 में गलवान घाटी में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प पर आधारित है।

चीन के मीडिया संस्थान ग्लोबल टाइम्स ने इस फिल्म को सिनेमाई अतिशयोक्ति बताया और दावा किया कि इसमें तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में सलमान ने बी संतोष बाबू की भूमिका निभाई है। साल 2020 में भारतीय क्षेत्र की रक्षा करते हुए बाबू और 16 बिहार रेजिमेंट के 19 अन्य सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी।



- चीनी मीडिया ने की आलोचना, कहा- ट्रेलर हकीकत से दूर, भारत सरकार के सूत्रों ने किया बचाव

### 48 घंटे के भीतर दूसरा भेड़िया ढेर

**कैसरगंज (बहराइच)।** कैसरगंज वन रेंज में वन विभाग ने मंगलवार को मादा भेड़िए को मार गिराया। बीते 48 घंटों में यह दूसरा भेड़िया है जिसे वन विभाग ने शूट किया है। भेड़िए के मारे जाने से ग्रामीणो ने राहत की सांस ली है।

मंगलवार को भिरगू पुरवा के पास भेड़िए की मौजूदगी की सूचना मिली थी। रेस्क्यू टीम को देखकर भेड़िया खेतों की ओर भागने लगा, जिसके बाद शूटर ने उसे गोली मार दी। चेहरे पर गोली लगने से भेड़िया मौके पर ही ढेर हो गया। इससे पहले, रविवार को भी वन विभाग ने इसी इलाके के बिरजा पकड़िया क्षेत्र में एक भेड़िए को शूट किया था। वहीं प्रभागीय वनाधिकारी राम सिंह यादव ने बताया कि मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे गश्त के दौरान भेड़िए को देखा गया और पीछा करने के बाद उसे गोली मार दी गई।


रिपोर्ट | एक अप्रैल से 10 दिसंबर तक 75 जिलों से 207486 कॉल पहुंची, आगरा पहले नंबर पर, लखनऊ-बरेली और मुरादाबाद भी टॉप 10 में

## बढ़े मानसिक रोगी, दो लाख लोगों ने लिया हेल्पलाइन का सहारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** पश्चिमी उप्र में मानसिक तनाव के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। बरेली, फिरोजाबाद के बाद मुरादाबाद से भी बड़ी संख्या में लोगों ने मानसिक समस्याओं से राहत पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टेलीमानस हेल्पलाइन पर संपर्क किया है। रिपोर्ट के अनुसार, एक अप्रैल से 10 दिसंबर तक प्रदेश के 75 जिलों से कुल 2,07,486 कॉल्स प्राप्त हुईं।

प्रदेश में सबसे अधिक 8,863 कॉल आगरा जिले से दर्ज की गईं, जबकि लखनऊ, वाराणसी, बरेली और फिरोजाबाद भी टॉप 10 जिलों में शामिल रहे। मुरादाबाद जिला अस्पताल में तैनात मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिनव शेखर ने बताया कि प्रदेश में गोरखपुर, बरेली, आगरा और वाराणसी में टेलीमानस सेंटर स्थापित किए गए हैं। ये सेंटर सप्ताह के सातों दिन 24 घंटे सक्रिय रहते हैं। टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 14416 और 18008914416 पर कॉल करने वाले लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों और प्रशिक्षित काउंसलरों द्वारा निशुल्क परामर्श दिया जाता है। प्रदेश के किसी भी जिले से की गई कॉल सीधे इन सेंटरों तक पहुंचती है।



### ये हैं टॉप-10 जिले (कॉल संख्या)

आगरा (8863), लखनऊ (5488), वाराणसी (4662), बरेली (4226), फिरोजाबाद (2901), मुरादाबाद (2817), झांसी (2783), प्रयागराज (2773), बुलंदशहर (2726), रामपुर (2406)।

### सबसे अधिक कॉल पुरुषों ने की

आंकड़ों के अनुसार, मानसिक तनाव को लेकर सबसे अधिक कॉल पुरुषों ने कीं। कुल कॉल्स में 55 प्रतिशत पुरुष, 43 प्रतिशत महिलाएं रहीं, जबकि 10.1 प्रतिशत ट्रांसजेंडरों ने भी मानसिक तनाव से जूझने की बात साझा की। करीब दो प्रतिशत लोगों ने कॉल तो की, लेकिन कोई पीड़ा साझा नहीं की, 10.2 प्रतिशत लोगों ने केवल टेलीमानस सेवा की जानकारी के लिए संपर्क किया। कॉल्स के प्रकार में 76 प्रतिशत नियमित परामर्श, 20 प्रतिशत सूचनात्मक, चार प्रतिशत बिना स्पष्ट कारण के और 0.2 प्रतिशत गंभीर प्रकरणों से संबंधित पाई गईं। मानसिक तनाव के प्रमुख कारणों में बेरोजगारी, घरेलू विवाद और काम का बढ़ता दबाव सामने आया है। कॉल करने वालों ने निराशा, उदासी, नींद न आने, आक्रामक व्यवहार और अकेलापन महसूस होने जैसी समस्याएं बताईं।

### परिजनों, दोस्तों के साथ समय बिताने की सलाह

काउंसलरों द्वारा उन्हें परिजनों और दोस्तों के साथ समय बिताने, अपनी बात साझा करने और सकारात्मक सोच अपनाने के सुझाव दिए गए। सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि तनाव से बचाव के लिए सकारात्मक सोच और संवाद बेहद जरूरी है। मुरादाबाद में टेलीमानस की सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। लोग हेल्पलाइन पर कॉल कर सकते हैं या जिला अस्पताल के मनकक्ष में पहुंचकर उपचार ले सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### सात घंटे में चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**सैंथल, अमृत विचार** : पुलिस ने क्षेत्र में हुई चोरी की एक घटना का महज 7 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी की गई नकदी और सोने के जेवर बरामद किए हैं। सोमवार को ग्राम कचनरा निवासी शांति देवी ने अपने घर से बीस हजार रुपये और सोने के बुंदे चोरी होने की शिकायत थाना हाफिजगंज में दर्ज कराई थी। उपनिरीक्षक सतेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने सदरपुर के पास से एक आरोपी विकास और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 510 रुपये नकद और सोने के दो बुंदे बरामद किए गए हैं। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया है।

### फतेहगंज पूर्वी में हादसे में दो घायल

**फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार** : अलग-अलग हुए मार्ग दुर्घटना में दो लोग घायल हो गए। जिनको पुलिस ने उपचार हेतु बरेली भेजा है। पहली घटना में हाईवे पर ग्राम उचसिया के समीप मोटरसाइकिल सवार देवेंद्र कुमार के साथ हुई। फरीदपुर निवासी देवेन्द्र को पीछे से आ रहे एक वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए बरेली भेजा है। दूसरी घटना में टिसुआ-शिवपुरी मार्ग पर एक तांगा ने मोटरसाइकिल सवार गढ़िया रंगीन निवासी बुधपाल सिंह के टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।

### महिला के घर में घुसकर की मारपीट

**क्योलड़िया, अमृत विचार** : गांव मधु नगला निवासी जन्नती बेगम बेटी मंतशा के साथ घर पर अकेली थी दूसरे गांव बरखन के युवक शकील अहमद सफीक अहमद रईस अहमद फहीम अन्य साथियों के साथ कार से घर आ धमाके और घर में घुसकर लाठी-डंडों से मां बेटी को बुरी तरह पीटा जिससे दोनों घायल हो गई। पुलिस ने रिपोर्टदर्ज कर ली है।

### प्रेरणा दिवस मनाया

**क्योलड़िया, अमृत विचार** : थाभदपुरा ब्लाक के सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के अंतर्गत प्रेरणा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने में फिर चमका फरीदपुर

## शासन ने जारी की नवंबर महीने की डैश बोर्ड रैंकिंग

संवाददाता, बरेली/फरीदपुर

**अमृत विचार** : शहर की तुलना में देहात क्षेत्र में मरीजों को स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर मिल रही हैं। दरअसल, शासन की ओर से जारी नवंबर माह की डैश बोर्ड रैंकिंग में शहरी क्षेत्र के स्वास्थ्य केंद्रों की तुलना में जिले के पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टॉप पांच में शामिल हुए है। वहीं फरीदपुर स्वास्थ्य केंद्र ने जिले में पहला स्थान हासिल किया है।

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह के अनुसार मरीजों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए विभाग प्रयासरत है। नवंबर माह की रैंकिंग में पहले स्थान पर फरीदपुर, दूसरे स्थान पर रिछा, तीसरे स्थान पर फतेहगंज पश्चिमी, मीरगंज को चौथा और आलमपुर जाफराबाद को पांचवां स्थान मिला है, जबकि लचर प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य केंद्रों में मझगवां, नवाबगंज, बहेड़ी, भुता और शहरी क्षेत्र है।



फरीदपुर सामुदायिक केन्द्र। ● अमृत विचार

● **डैशबोर्ड रैंकिंग में शहरी स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति लचर**

प्रदर्शन में सुधार करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि रैंक के लिए 16 मानकों पर बेहतर प्रदर्शन करने पर ही स्थान निर्धारित किया जाता है।

इन मानकों में सिजेरियन प्रसव, नियमित और संपूर्ण टीकाकरण, परिवार नियोजन के स्थाई साधनों, गर्भावस्था में प्रसव पूर्व जांच (हीमोग्लोबिन), गृह आधारित नवजात शिशु देखभाल, टीबी नोटिफिकेशन, गर्भावस्था के दौरान एचआईवी की जांच शामिल हैं।

**प्रदेश में जिले की स्थिति भी दयनीय** : रैंकिंग में प्रदेश में जिले की स्थिति भी दयनीय है। अक्टूबर तक जहां प्रदेश में जिला 25वें स्थान पर था जो कि नवंबर में खिसककर 43वें स्थान पर पहुंच गया है। इस पर सीएमओ ने मंगलवार को अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर रैंकिंग सुधार के लिए बेहतर कार्य करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किए।

## तहसीलदार ने कब्जाई जमीन का किया निरीक्षण

**नवाबगंज, अमृत विचार** : सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की खबर प्रकाशित होने के बाद तहसील प्रशासन हरकत में आया। मंगलवार को तहसीलदार ने राजस्व टीम के साथ ग्राम ज्योरामकरंदपुर स्थित ग्राम समाज की भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया।

क्षेत्र के ग्राम ज्योरामकरंदपुर में गाटा संख्या 508, 116 एवं 739 पर पूर्व में पट्टे किए गए थे। जिन्हें बाद में निरस्त कर दिया गया सूत्रों के अनुसार भूमि पर कब्जा बनाए रखने के उद्देश्य से ही राजस्व अभिलेखों में खेल किया गया। ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी ठोस कार्यवाही नहीं हुई। दो वर्ष पूर्व ग्राम निवासी लालाराम व सूरजपाल ने तहसील दिवस में शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर पुलिस ने कब्जेदार संतराम के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। संतराम की मृत्यु के बाद उसके पुत्रों ने कब्जा बनाए रखा। तहसीलदार दुष्यन्त प्रताप सिंह ने बताया कि ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे के पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर जिलाधिकारी को भेजी जाएगी। किसी भी स्तर पर राजस्व कर्मियों की संलिप्तता पाई जाती है तो विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू का धरना सातवें दिन स्थगित


तहसील परिसर में सात दिन से धरना दे रहे भाकियू का धरना सातवें दिन समाप्त होने से पूर्व डटे किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, आंवला

**अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की ओर से क्षेत्रीय मांगों को लेकर तहसील परिसर के सामने पिछले सात दिनों से चल रहा धरना मंगलवार को अधिकारियों के आश्वासन पर स्थगित कर दिया गया। संगठन ने इस दिन क्षेत्र के पदाधिकारियों को बुलाकर महापंचायत आयोजित की थी। महापंचायत आरंभ होने से पूर्व एसडीएम आंवला विदुषी सिंह ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को बुलाकर किसानों से वार्ता की।

प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह ने बताया कि

● **भाकियू की महापंचायत से पूर्व एसडीएम ने अफसरों से की वार्ता**

बातचीत के दौरान चार प्रमुख बिंदुओं पर सहमति बनी। इनमें ग्राम मनोना के भूमि विवाद का नक्शा दुरुस्त कराने, एसडीएम आवास के पीछे अवैध कब्जे के विवाद में वाद दायर करने, सिरौली के बरसेर गांव में नाले की खुदाई कराने तथा केसरपुर गांव में बिना अनुमति खींची गई बिजली लाइन से जुड़े विवाद का थाना परिसर में आपसी समझौते से समाधान कराने पर सहमति बन गयी है।

इफको संयंत्र से जुड़े भूदाता किसानों को रोजगार उपलब्ध कराने के मुद्दे पर 12 जनवरी को इफको प्रबंधन और किसान संगठन पदाधिकारियों की बैठक होगी। दो घंटे चली वार्ता में किसान नेताओं ने आश्वासन पर सहमति जताई। इसके बाद एसडीएम विदुषी सिंह ने धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों से वार्ता परिणामों की जानकारी दी और आंदोलन स्थगित करने का अनुरोध किया। इस पर धरना स्थगित करने की घोषणा की। जिलाध्यक्ष सोमवीर सिंह, सतेन्द्र सिंह, सौदान सिंह, कासिव रजा, राजीव गुप्ता, महाराज सिंह यादव, पंकज शर्मा, ऊदल सिंह वर्मा, ओमशंकर सक्सेना आदि रहे।

# कोर्ट के आदेश पर दो भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

**बहेड़ी, अमृत विचार** : पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज नहीं करने से परेशान व्यक्ति ने कोर्ट में वाद दायर किया तो अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने धोखाधड़ी से 6.2 लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट दो भाइयों के खिलाफ दर्ज की है।

उत्तराखंड के थाना लालकुआं के सेंचुरी पेपर मिल निवासी पंकज कुमार दीक्षित ने बताया कि बहेड़ी के मोहल्ला महादेवपुरम निवासी हरपाल सिंह से उसके अच्छे संबध थे। इसी का लाभ उठाते हुए हरपाल ने कारोबार करने के लिए उससे 6.2 लाख रुपए उधार लिए थे। इसमें चार लाख बीस हजार नगद, 2 लाख रुपए अपने मित्र जादौ सिंह निवासी मोहल्ला संजय नगर कोतवाली बारादरी से 16 अक्टूबर 2017 को हरपाल के बैंक खाते में डलवाए थे। कुछ समय बाद पंकज ने हरपाल से रुपये वापस मांगे लेकिन हर बार वह टालमटो करता रहा। पंकज दीक्षित का आरोप है कि 9 नवंबर को वह सुबह हरपाल सिंह के घर गये तो वहां मौजूद हरपाल व उसके भाई राजवीर सिंह ने उसे गालियां दी और मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी कोतवाली बहेड़ी में तहरीर दी पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पंकज का आरोप है कि उसने 18 नवंबर को एसएसपी को भी डाक से शिकायती पत्र दिया लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई तो पंकज कोर्ट की शरण जाने को मजबूर हुआ।

# चयन वेतनमान प्रकरण की शीघ्र मंजूरी दें

संवाददाता, शेरगढ़

**अमृत विचार** : चयन वेतनमान को लेकर शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चयन वेतनमान से संबधित प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान करने की मांग की गई।

मंगलवार को ब्लॉक संसाधन केंद्र डेलपुर में शिक्षकों की बैठक के दौरान शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी मुकेश कुमार भारती को सौंपे ज्ञापन में कहा कि ब्लॉक में कार्यरत कई शिक्षक-शिक्षिकाएं चयन वेतनमान की निर्धारित अहर्ताएं पूरी कर चुके हैं। लेकिन अभी तक प्रकरणों में चयन वेतनमान की स्वीकृति लंबित है। जिससे संबंधित शिक्षकों को आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों


बीईओ को ज्ञापन देते परिषदीय शिक्षक। ● अमृत विचार

का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ब्लाक के पात्र शिक्षक-शिक्षिकाओं के चयन वेतनमान से संबंधित प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान करने की मांग की है। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ शेरगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष कांता प्रसाद गंगवार, ब्लॉक मंत्री मोहित शंख्यधार, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष विशेष गंगवार, ब्लाक मंत्री चंद्रशेखर मिश्रा, प्रधानाध्यापक सरल कुमार त्रिवेदी, हेमेंद्र गंगवार आदि मौजूद रहे।

## मतदाता सूची से 58 नाम कटने की शिकायत

संवाददाता, नवाबगंज

**अमृत विचार** : ग्राम पंचायत फैजुल्लापुर की वर्तमान मतदाता सूची में 58 वैध मतदाताओं के नाम कटने से हड़कंप मच गया है। ग्रामीण यशवंत सिंह पुत्र ललित कुमार ने आरोप लगाया है कि गांव में रहने वाले मतदाताओं के नाम बिना कारण सूची से हटा दिए गए। अफसरों को भेजे शिकायती पत्र में नाम जुड़वाने की मांग की है।

आरोप है कि बीएलओ ने जानबूझकर मतदाता सूची में हेराफेरी की। बताया गया कि बीएलओ भावी प्रधान प्रत्याशी का करीबी रिश्तेदार है, जिससे निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

शिकायतकर्ता के अनुसार नए वोट जोड़ने के बदले प्रत्येक मतदाता से 500 रुपये सुविधा शुल्क की मांग की गई और राशि न देने पर 58 मतदाताओं के नाम काट दिए गए।

## दो चोरों से सिलेंडर बरामद

**शीशगढ़, अमृत विचार** : पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरों के पास से 2 गैस सिलेंडर, ट्रासफार्मर का तेल, इनवर्टर व अन्य सामान्य सहित चोरी का माल बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया।

थाना प्रभारी हरेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कुल्ली नदी के पास से दो अभियुक्त मुशीर अहमद व मुकीम अहमद निवासी मोहल्ला तिगड़ी शीशगढ़ को एक ऑटो सहित गिरफ्तार किया इनके पास से 15 किलो के 2 गैस सिलेंडर, 60 गिलास, 60 चम्मच, 50 कटोरी, एक इनवर्टर तथा ट्रासफार्मर से चोरी हुए 135 लीटर तेल से भरी तीन कैन सहित चोरी का माल बरामद किया है। टीम में एसआई दुष्यंत कुमार, सुनील कुमार, अमरजीत शामिल थे।

## पंचायत सचिवालय में हो रहीं चोरियां

**भमोरा, अमृत विचार** : आलमपुर जाफराबाद की ग्राम पंचायत आलमपुर के साथ सिरसा बिछुरैया के पंचायत सचिवालय में देर रात चोरों ने ताले तोड़कर हजारों की चोरी कर ली।

ग्राम प्रधान सिरसा बिछुरैया सर्वेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि देर अज्ञात चोरों द्वारा ताले तोड करप्रिंटर, डीवीआर व दो कैमरे के साथ जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए गए।

## छुट्टा पशुओं को गोशाला भेजें

**बिशारतगंज, अमृत विचार** : मझगवां ब्लाक में छुट्टा आवारा पशु सड़क पर बेधड़क घूम रहे हैं। यह फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। साथ ही इनसे जनहानि की भी आशंका बनी है। इन पशुओं को पकड़वाकर किसी निकटतम गोशाला में भिजवाने की मांग सीडीओ से की है। रालोद नेता तरुण चहल के पत्र पर छुट्टा पशुओं को गोशाला में भेजने का आदेश जारी कर दिया गया है।

## महिला को भेजे अश्लील फोटो युवक पर रिपोर्ट

**क्योलड़िया, अमृत विचार** : महिला को अश्लील फोटो भेजने के मामले में पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र की एक महिला मजदूरी करने रूद्रपुर गई थी। वहां महिला के कमरे के बगल में ही नरेन्द्र प्रताप सिंह नाम का युवक भी रहता था। उसने महिला को अकेली जानकर उसके मोबाइल पर अश्लील वीडियो डाले। इस पर महिला ने उसे ब्लाक कर दिया। युवक ने अलग अलग नंबरों से फोन कर फोटो को वायरल करने की धमकी दी महिला ने विरोध किया तो जान से मारने की धमकी देने लगा। महिला ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## ननद और जेठ ने पीटा, पति ने मायके छोड़ा

**फतेहगंज पश्चिमी, अमृत विचार** : पांच लाख रुपए की मांग पूरी नहीं करने पर दहेज लोभी ननद और जेठ ने विवाहिता को कमरे में बंद करके पीटा। शिकायत करने पर पति अपनी पत्नी को मायके में छोड़कर चला गया।

मोहल्ला वसंत विहार कालोनी निवासी रचना की शादी डेढ़ साल पहले महावीर से हुई थी। छह महीने के बाद पीड़ित के पति समेत सुसराल वाले 5 लाख के डिमांड करने लगे। मना करने पर ननद भूरी, ममता और जेठ सुरेश, ओमेंद्र ने पीड़िता को कमरे में बंद करके पीटा। शाम को घर आने पर जब उसने शिकायत की तो पति ने भी उसे ही प्रताड़ित किया। करीब 10 दिन पहले बाजार से खरीददारी के बहाने से लाया और मायके में छोड़कर चला गया। पीड़िता ने पुलिस को तहरीर दी।

## न्यूज डायरी

### माघ मेला में क्षेत्रवासियों के सहयोग से होगा भंडारा

**नवाबगंज, अमृत विचार** : प्रयागराज में माघ मेला पर क्षेत्रवासियों के सहयोग से विशाल भंडारे किया जा रहा है। यह कई वर्षों से होता आया है। यह आयोजन साकेतवासी महा मंडलेश्वर सियाराम शरण महाराज के सानिध्य में संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र के समाजसेवी, व्यापारी, युवा वर्ग एवं श्रद्धालु सक्रिय सहभागिता कर रहे हैं। भंडारे में देश-प्रदेश से आने वाले साधु-संतों, कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं के लिए नि:शुल्क शुद्ध, सात्विक भोजन के साथ ठहरने की समुचित व्यवस्था की गई है। आयोजक भवानी प्रसाद ने बताया कि माघ मेला भारतीय संस्कृति, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक है, इसी भाव के साथ क्षेत्र के लोगों ने सामूहिक रूप से इस पुण्य कार्य को करने का संकल्प लिया है।




### दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड के सदस्य का स्वागत




**मीरगंज, अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड सशक्तिकरण के नवनियुक्त सदस्य मुकेश कश्यप का मीरगंज में जोरदार स्वागत किया गया। भोजीपुरा निवासी मुकेश कश्यप को सदस्य नामित किये जाने पर उनके समर्थकों व स्थानीय लोग में खुशी का माहौल जारी है। मुकेश का नल नगरिया चौराहे के पास राया हॉस्पिटल पर लोगों ने स्वागत किया। कई जगह फूल मालाओं से स्वागत होने पर उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा विभाग से संबंधित किसी को परेशानी नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर डॉ भीम तोरा, डॉ राहुल कश्यप, बाबूराम कश्यप, वीरपाल कश्यप, धनीराम कश्यप, राधेश्याम राजपूत आदि मौजूद रहे।

### रामायण पढ़ें तो बंद हो जाएंगे आपस में होने वाले विवाद

**रिठौरा, अमृत विचार** : गन्ना राज्यमंत्री संजय गंगवार ने कहा बरेली की पहचान पूरे विश्व में झुमके से है। यहां झुमका निर्माण होना चाहिए ताकि विश्व में उसका व्यापार हो जनमानस की आमदनी बढ़े। मंत्री ने कहा रामायण को घर में रखने से नहीं उसको पढ़ने से आत्म कल्याण होगा। भाई-भाई में प्रेम बढ़ेगा। रामायण पढ़ने से आपसी विवाद बंद हो जाएंगे। गन्ना राज्यमंत्री मंगलवार को नगर पंचायत रिठौरा में एक कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। अशोक मार्केट सभागार में हुए कार्यक्रम में अशोक कुमार गुप्ता, भगवत सरन साहू, लोकेश कुमार गुप्ता, धनपाल सिंह, समाजसेवी दिनेश भास्कर, रहीस अहमद, मदनलाल भास्कर अमित कुमार गुप्ता आदि ने स्वागत किया।



### सप्त शक्ति संगम में महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

**शेरगढ़, अमृत विचार** : सरस्वती बाल विधा मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। थाना शेरगढ़ की महिला उपनिरीक्षक विनिता गोस्वामी ने महिला सशक्तिकरण पर प्रकाश डालते हुए महिला सुरक्षा, महिला सम्मान और महिला स्वावलंबन पर विस्तार से चर्चा की। भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष स्वाति कुमार ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। डॉ पारुल गंगवार ने भारत के विकास में नारी की भूमिका विषय पर विस्तार से चर्चा की। जिला पंचायत सदस्य ममता गंगवार ने राष्ट्र निर्माण में नारी शक्ति के योगदान को लेकर प्रकाश डाला।

अमृत विचार Lifelines OF BAREILLY MEDICAL
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002

फोकस नेत्रालय
राजेन्द्र नगर, बरेली 731-098-7005
● 40,000 से अधिक सफल सर्जरी सम्पन्न
● बिना इंजेक्शन एनेस्थीसिया (केवल आई ड्राप्स द्वारा)
● आयुष्मान/सीजीएचएस/ईसीएचएस/सीएपीएफ सभी स्वास्थ्य बीमा मान्य
● कैशलेस ईलाज
बरेली का सबसे बड़ा केवल आँखों के लिए समर्पित प्राइवेट अस्पताल ...
नवीनतम AI तकनीक एवं NABH मान्यता के साथ

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
2D ECHO + TMT
हृदय रोग के लक्षण : ■ घबराहट ■ छाती में दर्द या भारीपन ■ सांस फूलना ■ पैरों में सूजन ■ हाई ब्लडप्रेशर ■ हाई कोलेस्ट्रोल ■ डाइबिटीज (शुगर) ■ सीने या पेट में जलन या दर्द ■ हार्ट अटैक ■ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
डा. दीक्षा गंगवार
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (गोल्ड मेडलिस्ट) (के.जी.एम.यू. लखनऊ)
निःशुल्क परामर्श हेतु संपर्क करें +91 78952 78992
समय : प्रातः 9 से 10 बजे तक, सायं 4 से 5 बजे तक
पता : स्व. केसर सिंह गंगवार कार्यालय, अशर्फी बैंकट हाल, 100 फुटा रोड, बरेली

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक हेल्पलाईन 9837549348, 9897838286

अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें 9756905552, 8445507002

सूचना
मैंने अपने पुत्र अरविन्द कुमार उसकी पत्नी स्वाती राठौर (पुत्र वधु) के उनके गलत चाल चलन की वजह से संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है, वह अपने कृत्य के लिए खुद जिम्मेदार होंगे। रामऔतार पुत्र मोहनलाल चन्दपुर ख्यालीराम नवाबगंज बरेली

सूचना
मेरी पत्नी का मेरे सर्विस रिकार्ड में बुक क्रमांक नं. 54/MT/Dec2016 है। पत्नी का नाम कल्पना व जन्मतिथि 02.10.1984 अंकित है जोकि गलत है सही नाम व जन्मतिथि कल्पना देवी व जन्मतिथि 01.07.1989 है जो सही है जोकि पत्नी के शैक्षिक अभिलेखों में भी दर्ज है। राजेश कुमार पुत्र श्री भूपराम निवासी म.नं. 225 चिनौर शाहजहाँपुर

सूचना
सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र पवन कुमार व पुत्रवधु अवदेश कुमारी को गलत आचरण, गलत संगत एवं गलत कृत्यों के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। वेदराम पुत्र स्व. चिम्मन लाल निवासी ग्राम मकरन्दपुर ताराचंद्र पोस्ट कुडढ़ बरेली।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र कृपाजीत राय व उसकी पत्नी सुजाता को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। कृष्णा राय पुत्र कालीपद राय निवासी ग्राम चन्दुईया थाना घुंघचिहाई जिला पीलीभीत।

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र अभिषेक को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। ओमप्रकाश पुत्र रामभरोसे निवासी ग्राम उदरहा थाना घुंघचिहाई जिला पीलीभीत।

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### सघन मत्स्य पालन के आवेदन 7 जनवरी तक

**बरेली, अमृत विचार :** सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पांडेय ने बताया कि एयरेशन सिस्टम की स्थापना योजना के तहत सघन मत्स्य पालन के ऑनलाइन आवेदन करने की तारीख बढ़ा दी गई है। अब वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए योजना के आवेदन विभागीय पोर्टल http://fisheries.up.gov.in पर 7 जनवरी तक ऑनलाइन किए जा सकते हैं। योजना से संबंधित अन्य विवरण जैसे इकाई लागत, आवेदन की प्रक्रिया, आवश्यक अभिलेख और विस्तृत जानकारी भी पोर्टल पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त, इच्छुक व्यक्ति कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य, कमरा नंबर 40, विकास भवन बरेली में जाकर भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### दूसरे दिन भी चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

**फरीदपुर, अमृत विचार :** मंगलवार को भी फरीदपुर नगर में मेन रोड पर नगर पालिका परिषद द्वारा अतिक्रमण हटवाया गया। ईओ पुनीत कुमार और निरीक्षक सफाई सुरजीत सिंह चौहान के नेतृत्व में मेन रोड पर अभियान चलाया गया, जिसमें जमीन से समरसेबिल द्वारा पानी दोहन करने वाले अवैध गाड़ियों के सर्विस सेंटरों (धुलाई करने वाले) के बनाए गए चबूतरों को जेसीबी से ध्वस्त कराया गया। अवैध तरीके से कब्जा करने वाले फड़ ठेले वालों को हटाया गया। अधिशासी अधिकारी ने बताया अभियान लगातार आगे भी जारी रहेगा।

# औद्योगिक टाउनशिप के लिए क्रय समिति गठित, भूमि खरीद की तैयारी

## मंडलायुक्त ने उद्योग बंधु की बैठक में निवेश और उद्योगों को बढ़ावा देने पर दिया जोर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- मंडलायुक्त ने उद्यमियों की समस्याओं पर अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश
- औद्योगिक वाहनों की पार्किंग समस्या का जल्द कराया जाएगा समाधान

**अमृत विचार :** कमिश्नर भूपेंद्र एस. चौधरी की अध्यक्षता में मंगलवार को आयुक्त सभागार में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक हुई। इसमें सभी विभागों के अधिकारियों को मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि उद्यमियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए, ताकि औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके और निवेश के अनुकूल माहौल तैयार हो। बैठक में विभिन्न औद्योगिक योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई।

बीडीए वीसी डॉ. मनिकन्डन ए. ने नाथधाम एमएसएमई टाउनशिप योजना की जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के विकास के लिए अधिसूचना का प्रकाशन कराने के साथ ही औद्योगिक टाउनशिप की भूमि खरीद के लिए दर निर्धारण क्रय समिति का गठन कर लिया गया है और जनवरी के अंत तक भूमि क्रय की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी जाएगी। इससे छोटे और मध्यम उद्यमों को


आयुक्त सभागार में उद्योग बंधु की बैठक करते मंडलायुक्त भूपेन्द्र एस चौधरी।

एक व्यवस्थित औद्योगिक क्षेत्र उपलब्ध होगा, जिससे रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

बैठक में औद्योगिक इकाइयों से जुड़ी अन्य प्रमुख समस्याओं पर भी चर्चा की गई। औद्योगिक इकाइयों के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था को लेकर एनएचएआई मुरादाबाद के परियोजना अधिकारी ने बताया कि फतेहगंज के पास ग्राम टूलिया में राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर दो ट्रक-ले बाय के निर्माण का कार्य लगभग 85 प्रतिशत पूरा हो चुका है और अगले 15 दिनों में इसे पूरा करा लिया जाएगा। रामा श्यामा पेपर मिल रोड (एनएच-30 से बहादुरपुर मार्ग) के निर्माण के संबंध में जिला पंचायत की अपर मुख्य अधिकारी डॉ. नीतू सिसौदिया ने बताया कि अनुरक्षण कार्य के लिए टेंडर की तकनीकी निविदा प्रक्रिया चल रही है, जिसे जल्द पूरा कर निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

औद्योगिक क्षेत्र परसाखेड़ा और सीबीगंज में विद्युत आपूर्ति को लेकर विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि परसाखेड़ा उपकेंद्र पर पर्याप्त स्टाफ की तैनाती कर दी गई है। ट्रिपिंग की समस्या के समाधान के लिए लाइन मेंटीनेंस व ट्री कटिंग का कार्य कराया गया है। संबंधित क्षेत्रों के लिए व्हाट्सएप ग्रुप पर क्विक रिस्पॉन्स व्हीकल और उपकेंद्र स्टाफ के संपर्क नंबर साझा किए गए हैं। हर माह की छह और सात तारीख को मेगा कैंप भी लगाए जा रहे हैं। उद्यमियों ने हर मंगलवार को होने वाले शटडाउन से फैक्ट्रियों में उत्पादन प्रभावित होने की बात उठाई। इस पर सहमति बनाते हुए शटडाउन के लिए रविवार का दिन तय किया गया। बैठक में नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य, डीएफओ दीक्षा भंडारी, उपायुक्त उद्योग विकास यादव, उद्यमी अजय शुक्ला, गुरप्रीत सिंह, एसके सिंह, मयूर धीरवानी, आशुतोष शर्मा, रजत, आरिफ उपस्थित रहे।

## भाषण और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**बरेली, अमृत विचार :** महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से संचालित पंडित दीनानाथ मिश्र इंटर कॉलेज में मंगलवार को पेंटिंग और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य श्री गुरु गोविंद सिंह की जयंती और वीर बाल दिवस की उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को वीरता, बलिदान, सत्य, प्रेम, शांति आदि मूल्य का विकास करना और ऐतिहासिक जानकारी प्रदान करना था। पेंटिंग और भाषण में स्कूली बच्चों ने सुंदर चित्र बना कर अपने विचारों को प्रस्तुत किया।

बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन विद्यार्थियों की चार सप्ताह की इंटर्नशिप डॉ. ज्योति पांडेय के निर्देशन में छह माध्यमिक विद्यालयों में चल रही है। इंटर्नशिप में विद्यार्थी विद्यालय की गतिविधियों और विद्यार्थियों को शैक्षिक पाठ्यक्रम की गतिविधियों में भी सहयोग भी कर रहे हैं। आयोजन में सांस्कृतिक समन्वयक डॉ. ज्योति पांडेय, प्रधानाचार्य सुमित कुमार, मनमीत कौर, रानी, मधुबाला, कपिल तिवारी, विभाती, सुधांशु, मनोज प्रताप, गौरव, उपासना, पूजा, अंशिका, आरती, पुनीत, प्रदीप आदि शामिल रहे।

# बाइक रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक


ओटीएस योजना का प्रचार करने को निकाली बाइक रैली। • अमृत विचार

- बिजली बिल राहत योजना की दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** बिजली बिल राहत योजना के तहत बरेली जोन प्रथम में मंगलवार शाम को रामपुर गार्डन से बाइक से उपभोक्ता जागरूकता रैली निकाली गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने शहर से लेकर देहात तक में रैली निकालकर लोगों को योजना की जानकारी दी।

विद्युत नगरीय वितरण मंडल शहरी क्षेत्र के हरुनगला, जगतपुर, किला और कुतुबखाना सबस्टेशन के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के बहेड़ी, फरीदपुर, नवाबगंज और आंवला क्षेत्र में बाइक रैली निकाली। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश, अधीक्षण अभियंता शहरी धर्मेन्द्र सिंह ग्रामीण अधीक्षण अभियंता ज्ञानेन्द्र सिंह ने बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके बकाया बिलों एवं विदयुत चोरी के प्रकरणों में दी जा रही छूट को लेकर जागरूक करना है। बाइक रैली में अधिशासी अभियंता, एसडीओ, जेई और विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे।

### 67 हजार उपभोक्ताओं का 55 करोड़ रुपये का ब्याज माफ

बरेली जोन प्रथम के मुख्य अभियंता ज्ञान प्रकाश ने बताया कि योजना के तहत अब तक 67 हजार उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है। जिसमें उपभोक्ताओं का 55 करोड़ रुपये का ब्याज और 16 करोड़ रुपये के मूलधन समेत कुल 71 करोड़ रुपये की छूट दी गई है। वहीं अब तक कुल 83 करोड़ रुपये का बकाया बिजली बिल जमा हुआ है।

# प्रमुख सचिव करेंगे ईओ पर लगे आरोप की जांच

संवाददाता, फतेहगंज पश्चिमी

- फतेहगंज पश्चिमी ईओ पर आय से ज्यादा संपत्ति की जांच आयकर से कराने की मांग
- मुख्यमंत्री के सचिव ने जारी किया आदेश, प्राइवेट कालोनी में सड़क बनाने का आरोप

**अमृत विचार :** ठेकेदार जिस कालोनी में निवास करता है उस प्राइवेट कालोनी में सड़क बनाने और उसी ठेकेदार को काम सौंपने सहित कई मामलों को लेकर ईओ की शिकायत पर मुख्यमंत्री के सचिव ने संज्ञान लेते हुए प्रमुख सचिव नगर विकास को जांच सौंपी है। फतेहगंज पश्चिमी के सभासद की शिकायत पर यह कार्यवाही की गई है।

ईओ और चेयरमैन द्वारा की गई अनियमितताओं की शिकायत मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल में की गई है। शिकायती पत्र में आरोप लगाए गए हैं कि मुख्यमंत्री के सचिव एन के एस चौहान ने फतेहगंज पश्चिमी ईओ के घोटालों की जांच प्रमुख सचिव नगर विकास को सौंपी। आरोप हैकि पांच माह की तैनाती में ईओ पर आय से अधिक संपत्ति की शिकायत के साथ

सभासदों ने ईओ की तैनाती के समय में हुए टेंडरों और खरीद फरोख्त के साथ आउटसोर्स कर्मचारियों की वेतन में घोटालों की शिकायत की जांच में तहसील प्रशासन पर ईओ के पक्ष में आख्या लगाकर क्लीनचिट देने के प्रकरण को मुख्यमंत्री दरबार में दोबारा उठाया तो सभी घोटालों की जांच को शासन स्तर से जांच करवाने के निर्देश प्रमुख सचिव नगर विकास को दिए गए हैं।

सभासद तस्लीम अंसारी द्वारा दिए शिकायती पत्र में गौशाला के मासिक खर्चे को पांच गुना बढ़ाकर ईओ की तैनाती के समय से अब तक फर्जी भुगतान, संविदा कर्मचारी के टेंडर में ईओ के पैतृक आवास पर काम करने वाली महिलाओं, नौकरों वेतन नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी में संविदा कर्मचारियों के नाम दिखाकर निकाली जा रही है। सभासद का आरोप है कि नगर पंचायत की नालियों और सड़को की मरम्मत के नाम पर फर्जी कोटेशन बनाकर लाखों रुपयों का घोटाला किया गया है। टेंडरों के विज्ञापन राष्ट्रीय अखबारों में न देकर व्हाट्सएप ग्रुपों पर चलने वाले अखबारों में दिए जाने का आरोप भी लगाया है।

ठाकुरद्वारा मोहल्ले में एक प्राइवेट कालोनी में केवल एक मकान के लिए नगर पंचायत के ठेकेदार और कालोनाइजर को निजी लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सड़क निर्माण कराया गया। साथ ही उस सड़क का निर्माण उसी ठेकेदार से ही कराया गया है जो उसी कालोनी में रहता है। इसे वित्तीय अनियमितता बताया गया है। सभासद तस्लीम अंसारी ने बताया कि वर्ष 2009 में ऐसे ही एक प्राइवेट कालोनी में निजी लाभ हेतु सड़क डालने के प्रकरण में शासन ने चैयरमैन सरजू यादव के अधिकार सीज कर दिए थे।

उन्होंने मुख्यमंत्री आवास पर दिए शिकायती पत्र में एसडीएम/तहसीलदार की आख्याओं का हवाला भी दिया जिनमें आख्या लगाई गई और ईओ का पक्ष लेते हुए शासन आदेश का हवाला देकर अधिशासी अधिकारी की जांच न करने का नियम बताकर दर्जन भर शिकायतों को निस्तारित कर दिया। ऐसा पहली बार है जब तहसील प्रशासन नियमों का हवाला देकर ईओ पर लगे आरोपों की जांच तक नहीं कर रहा। सभासद ने आयकर विभाग के उच्च अधिकारियों से भी अधिशासी अधिकारी पर इतने कम समय की नौकरी में आधा दर्जन लग्जरी गाड़ियों, नौकरों परिवारजनो के नाम अवैध संपत्तियां आदि आय से अधिक सम्पत्ति की जांच की भी मांग की है।

# गांव की टूटी सड़कें झुठला रहीं विकास के दावे

संवाददाता, शेरगढ़

**अमृत विचार :** शेरगढ़ ब्लाक की सुकटिया ग्राम पंचायत का मुख्य रास्ता लंबे अरसे से क्षतिग्रस्त है। जिसमें आए दिन बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अरसे से अस्त-व्यस्त मार्ग को ठीक करा समस्या समाधान की मांग की है। गांव वासियों ओमप्रकाश, कुंवरसेन राठौर, महेंद्र सिंह, नत्थूलाल, बुद्धसेन, विक्रम सिंह आदि ने बताया कि यह रास्ता गांव का मुख्य रास्ता है।

इसका निर्माण 10 वर्ष पहले पीडब्ल्यूडी की ओर से कराया गया था। 600 मीटर मार्ग पिछले पांच साल से अस्त-व्यस्त है। रास्ते को


सुकटिया गांव के कीचड़युक्त मुख्य मार्ग से गुजर रहे राहगीर। • अमृत विचार

ठीक कराने को लेकर कई बार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाई गई है। लेकिन सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि यह रास्ता दुनका-नगरिया सोबरनी मार्ग से जुड़ा है। इन पर गड्ढे हैं जिनमें जलभराव होने से समस्या और गहरा रही है। ग्रामीणों की मानें तो गांव की चारों दिशाओं के रास्ते अस्त व्यस्त हैं।

गांव के बुजुर्गों का कहना है कि 10 साल पहले पीडब्ल्यूडी ने गांव के इस मुख्य रास्ते पर पक्का रोड डलवाया था जो तकरीबन 5 साल में ही जवाब दे गया। अब अरसे से अस्त-व्यस्त टूटी सड़क पर चलना दुश्वार हो रहा है। सुकटिया गांव के महेन्द्र सिंह बताते हैं कि कई सालों से गांव की मुख्य सड़क टूटी हैं। जिस पर आए दिन बाइक सवार गिरकर चोटिल हो रहे हैं। अस्त-व्यस्त सड़क पर अत्यधिक कीचड़ होने के चलते निकलना दुश्वार हो रहा है।

कुंवरसेन राठौर का कहना है कि गांव के मुख्य मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। इससे सड़क किनारे बनें मंदिर की चमक को बट्टा लग रहा है। ग्रामीण गड्ढामुक्त सड़क की बाट जोह रहे हैं लेकिन यह मांग मार्ग का कायाकल्प अत्यंत जरूरी है।

# काम के साथ खेल भी जरूरी, तनाव होता कम

संवाददाता, सिरौली

**अमृत विचार :** मानसिक तनाव को कम करने और शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए खेल अत्यंत आवश्यक है। जवानों को ड्यूटी के साथ-साथ नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेते रहना चाहिए। ताकि ऊर्जावान रहकर जनसेवा कर सकें। यह बात सीओ मीरगंज अजय कुमार ने कही। वह मंगलवार को सिरौली थाने का निरीक्षण कर रहे थे।

निरीक्षण का एक मुख्य केंद्र वॉलीबॉल ग्राउंड रहा। क्षेत्राधिकारी ने खेल के मैदान का मुआयना किया और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा दिया। इसके पहले उन्होंने अपराध रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर और त्योहार रजिस्टर की जांच की और मुकदमों के निस्तारण की स्थिति देखी और विवेचकों को


सिरौली थाने के निरीक्षण के दौरान मौजूद सीओ। • अमृत विचार

- सीओ मीरगंज ने किया सिरौली थाने का निरीक्षण

लंबित मामलों को समय सीमा के भीतर पूरा करने के कड़े निर्देश दिए।

अंत में क्षेत्राधिकारी ने थाना प्रभारी विनोद कुमार सिंह और अन्य पुलिसकर्मियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिए कि थाने पर आने वाले प्रत्येक फरियादी की बात को संवेदनशीलता से सुना जाए और उनकी समस्याओं का त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान थाने का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## रंजिश में तमंचा लेकर घर में घुसा युवक ग्रामीणों ने पकड़ा

**नवाबगंज, अमृत विचार :** सोमवार देर रात एक युवक तमंचा लेकर ग्रामीण के घर में घुस गया। आहट होने पर परिजन जाग गए, जिससे उसके साथ आए अन्य लोग फरार हो गए। ग्रामीणों ने आरोपी युवक को तमंचे समेत पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर डायल 112 पुलिस के हवाले कर दिया।

घटना थाना नवाबगंज क्षेत्र के चमन नगरिया गांव की है। गांव निवासी फैहमुद्दीन ने बताया कुछ लोगों से उनकी रंजिश चल रही है, आरोप है कि सोमवार रात परसाखेड़ा गांव निवासी शाहरुख अपने साथियों के साथ छत के रास्ते तमंचा लेकर उनके घर में घुस आया। शोर मचाने पर अन्य आरोपी फरार हो गए, जबकि शाहरुख को मौके पर ही दबोच लिया गया।

## महिला पर किया हमला, छह पर रिपोर्ट

**बहेड़ी, अमृत विचार :** कोतवाली के गांव मुडिया नवी बख्श निवासी महिला ने बताया कि बीते 25 दिसंबर को घर के अंदर पशुओं को चारा डाल रही थी इसी दौरान गांव के राजेश हाथ में बांका लेकर आए और उसके सिर पर वार कर दिया। डोरी लाल ने ईट से, मिढ़ई लाल पर हमला कर चोट पहुंचाई तथा मेवा राम ने लाठी से हरिशंकर पर हमला कर घायल कर दिया। महिला ने सुखलाल व प्रीतम पर भी लाठी से हमला करने तथा बबलू पर ईट मारने व जातिसूचक गालियां देने का आरोप लगाया है। सभी आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

## न्यूज डायरी

### मायावती के जन्मदिन कार्यक्रम की तैयारियां शुरू

**बरेली, अमृत विचार :** बसपा के तुलसी नगर स्थित मंडलीय कार्यालय पर मंगलवार को जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक की शुरुआत करते हुए मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव मुनकाद अली ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी ही भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से दूर रख सकती है। बैठक में मायावती के जन्मदिन कार्यक्रम की तैयारियां अभी से शुरू करने के निर्देश दिए। पूर्व विधायक भीमराव अंबेडकर ने कहा कि दलित, मुस्लिम और पिछड़े वर्ग के लोग जब तक पार्टी के साथ एकजुट होकर काम करेंगे, तब तक ही समाज में न्याय और समानता संभव है। इस बार मायावती का जन्मदिन बरेली मंडल स्तर पर विशाल कार्यक्रम के रूप में मनाया जाएगा। बैठक में भाजपा, सपा समेत दूसरों दल छोड़कर आए लोगों ने राजवीर सिंह कश्यप के नेतृत्व में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में विजय सिंह जाटव, रणवीर सिंह कश्यप, राजा सागर, रामसनेही गौतम, पंकज कुरील, जयपाल सिंह, श्याम मूर्ति सिंह, प्रमोद सागर, महेंद्र पाल सागर, भोगराज सागर, राजेंद्र कश्यप, बृजलाल, जितेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. अरविंद पाठक, संघ प्रिय गौतम, जगदीश प्रसाद, आदि रहे।



### फार्मेसी के छात्रों ने मानव सेवा की शपथ ली



**रिठौरा, अमृत विचार :** राजश्री कॉलेज ऑफ फार्मेसी के छात्रों का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ औषधि निरीक्षक उर्मिला वर्मा, संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल, सचिव राकेश कुमार अग्रवाल एवं प्रबंध निदेशक रोहन बंसल ने किया। मुख्य अतिथि ने फार्मेसी के छात्र-छात्राओं को नकली दवाओं के प्रयोग पर अंकुश लगाने में समाज का सहयोग करने की अपील की। चेयरमैन ने फार्मेसी क्षेत्र में सेवा, समर्पण और अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला समारोह का समापन शपथ ग्रहण के साथ हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने सेवा भावना के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। इस मौके पर संस्थान के डीन एकेडमिक डॉ. साकेत अग्रवाल, प्रिंसिपल डॉ सुचेता, सहित वैशाली भारद्वाज, हृदयकांत अवस्थी, रजनी गंगवार, अफसर अली, हिमांशी, शुभम, रविन्द्र कुमार, अर्पित देवल आदि शिक्षक भी मौजूद रहे।

### रोटरी क्लब साउथ ने लगाया नेत्र जांच शिविर

**बरेली, अमृत विचार :** रोटरी क्लब ऑफ बरेली साउथ एवं शुभम चैरिटेबल फाउंडेशन ने ज्योति उदय-प्रोजेक्ट दृष्टि शिविर का आयोजन मंगलवार को रोड नंबर-5, परसाखेड़ा में किया। इंडस्ट्रियल एरिया के लगभग 700 ग्रामीणों और मजदूरों की आंखों और दांतों की नि:शुल्क जांच की गई। 300 श्रमिकों को नि:शुल्क चश्मे प्रदान किए गए और 35 मरीजों को नेत्र ऑपरेशन की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। मुख्य अतिथि रोटेरियन राजेन विद्यार्थी ने कहा कि नेत्र एवं दंत जांच नियमित अत्यंत आवश्यक है। पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि इंडस्ट्रियल क्षेत्रों के लोगों को नई रोशनी का सहारा मिला है। कम्युनिटी सर्विस डायरेक्टर राजीव बूबना, सचिव संजय गर्ग, राकेश धीरवानी, राकेश अग्रवाल, ध्रुव तिलक, रमेश वार्ष्णेय, संजय अग्रवाल, विभोर भरतिया, विभोर अग्रवाल, रोहित जिंदल, विनय कृष्ण अग्रवाल सहित कई रोटेरियन मौजूद रहे।



# ओटीएस का लाभ लेने को उपकेन्द्र पर उमड़ रही भीड़


ओटीएस योजना का लाभ लेने को लगीं कतारें। • अमृत विचार

संवाददाता, मीरगंज

**अमृत विचार :** बिजली विभाग में चल रही एकमुश्त योजना का लाभ लेने के लिए मंगलवार को मीरगंज उपखंड कार्यालय पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ रही।

योजना के प्रथम चरण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। इससे मंगलवार को कार्यालय पर सुबह से ही लंबी कतारें लग गई। योजना के तहत 31 दिसंबर तक पंजीकरण कराने वाले उपभोक्ता को अधिकतम लाभ मिल रहा है। इसके तहत घरेलू और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत ब्याज माफी के साथ-साथ मूलधन पर 25 प्रतिशत तक की विशेष छूट दी जा रही है।

एसडीओ विद्युत सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि अब तक लगभग 6423 उपभोक्ताओं ने इस योजना के तहत पंजीकरण कराया है। इससे विभाग को करीब 7 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। उपभोक्ताओं ने इस योजना के माध्यम से लगभग 3 करोड़ रुपये की ब्याज माफी का सीधा आर्थिक लाभ उठाया है।

# अटल के जीवन आदर्शों पर चलने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी पर कैंट विधानसभा क्षेत्र का अटल स्मृति सम्मेलन मंगलवार को स्मार्ट सिटी के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी बहोरन लाल मौर्य ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है और हमें उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए।

सांसद छत्रपाल गंगवार ने अटल जी की राजनीतिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उनका संगठन से सत्ता तक का सफर केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं बल्कि विचार, संघर्ष और संगठन की प्राथमिकता को दर्शाता है। उन्होंने अटल जी के विभिन्न कार्यों और उनके सटीक नेतृत्व के उदाहरण प्रस्तुत किए।

विशिष्ट अतिथि रवि रस्तोगी ने अटल जी को उस पीढ़ी का प्रतिनिधि बताया, जिसने सत्ता को लक्ष्य


जीआईसी स्मार्ट सिटी सभागार में अटल स्मृति सम्मेलन में मौजूद भाजपाई।

- स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम में कैंट विधानसभा क्षेत्र का अटल स्मृति सम्मेलन का आयोजन हुआ

नहीं साधन माना और राजनीतिक यात्रा की नींव संघ की शाखाओं में अनुशासन सीखने से शुरू हुई। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने कहा कि अटल जी राजनेता से राष्ट्र नेता बने और उनका मार्गदर्शन आज भी हमें प्रेरित करता है। महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना ने अटल जी के जीवन और राजनीतिक उपलब्धियों का विस्तार से वर्णन किया। इस अवसर पर अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। कार्यक्रम में श्रुति गंगवार, उमेश कठेरिया, एड. अनिल कुमार, डॉ. सीपीएस चौहान, शिशुपाल सिंह, सौरभ कुमार, श्याम सिंह, जयप्रकाश, दरबारी लाल, केपी सिंह, प्रदीप सिंह, पंकज आनंद, हरि सिंह, प्रहलाद मल्होत्रा, सुरजीत वाल्मीकि, दीपक राठौर, अजय मौर्य, सोनू कश्यप, विशाल गुप्ता, पुष्पेंद्र शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## आरएसी ने गाजा में कंबल बांटने का किया इंतजाम

**बरेली, अमृत विचारः** आल इंडिया रजा एक्शन कमेटी और ट्रस्ट ने गाजा के जरुरतमंद लोगों के लिए मदद भेजने का इंतजाम किया है। मिस्र की अल-अजहर यूनिवर्सिटी में दरगाह आला हजरत से अकीदत रखने वाले कई नौजवान तालीम हासिल कर रहे हैं। नबीरा-ए-आला हजरत व आरएसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अदनान रजा कादरी ने इन्हीं छात्रों के जरिए कंबल बांटने का इंतजाम कराया है। अदनान मियां ने कहा कि जहां कहीं भी मदद की जरूरत होगी, वहां आरएसी अपनी कोशिशें जारी रखेगी। सभी जरुरतमंदों के लिए दुआ भी की।

# पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर प्रदर्शन

## यूएफबीयू के बैनर तले बैंक कर्मियों ने स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय पर जताया विरोध, हड़ताल की दी चेतावनी




सप्ताह में पांच दिवस की मांग कर स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते बैंक कर्मचारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचारः** बैंकों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू करने की मांग को लेकर यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) ने आंदोलन तेज कर दिया है। देशव्यापी आह्वान पर मंगलवार को बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने एकजुटता दिखाते हुए स्टेशन रोड स्थित स्टेट बैंक के प्रशासनिक कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन कर अपनी मांगों के प्रति एकजुटता दिखाई।

प्रदर्शन सभा की अध्यक्षता करते हुए अधिकारी संघ के क्षेत्रीय सचिव बीडी सिंह ने वित्त मंत्रालय के गैर जिम्मेदाराना रवैए पर रोष प्रकट किया। यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक्स यूनियन के संयोजक नवींद्र कुमार ने कहा कि देशभर के बैंक कर्मचारी पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की मांग को लेकर आंदोलन तेज कर रहे हैं। यदि सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया तो जनवरी के तीसरे सप्ताह में राष्ट्रव्यापी हड़ताल की जाएगी।

बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के महामंत्री संजीव मेहरोत्रा ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि बार-बार आश्वासन देने के बावजूद इस मुद्दे पर निर्णय लेने में अनावश्यक देरी की जा रही है। पूजा कौशल ने कहा कि इंडियन बैंक्स एसोसिएशन ने लगभग दो वर्ष पहले ही सरकार को पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह की सिफारिश कर दी थी। यह सिफारिश 7 दिसंबर 2023 को हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापन के बाद की गई थी। इस प्रस्ताव के तहत सभी शनिवार को अवकाश घोषित किए जाने की मांग है, जिसे 8 मार्च 2024 को जारी अंतिम संयुक्त नोट में दोहराया गया था। इसके बाद भी अनदेखी करने का आरोप लगाया। यूपी बैंक एम्प्लॉई यूनियन के आशीष शुक्ला ने कहा कि 5 जनवरी को सभी राज्यों की राजधानियों में धरना प्रदर्शन किया जाएगा, 13 जनवरी को प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। यदि इसके बाद भी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया, तो जनवरी के तीसरे सप्ताह में देशव्यापी बैंक हड़ताल की तैयारी है।

स्टेट बैंक से आंचलिक सचिव विकास कुमार, पूजा जोशी, अंजुल मिश्रा, अमित कुमार, मुनीश बाबू, अनुज शुक्ला, राहुल गौड़, राजेंद्र शर्मा, महेंद्र यादव, अनुरोध सक्सेना, प्रेम पाल, गिरीश, भूपेंद्र कुमार, मनोज कुमार, परमिंदर सिंह, चरण सिंह यादव, शैलेंद्र कश्यप, रंजन आदि ने संबोधित किया। बरेली ट्रेड यूनियंस फेडरेशन के जितेंद्र मिश्रा, ध्यान चन्द्र मौर्य, हरिशंकर कैलाश आदि ने समर्थन देते हुए श्रम संहिताओं से जुड़े पर्चे वितरित किए।

### पीएनबी के जोनल कार्यालय पर भी हुआ प्रदर्शन




**बरेली, अमृत विचारः** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर पीएनबी के जोनल कार्यालय पर भी बैंक कर्मियों ने प्रदर्शन किया। बैंक कर्मियों ने पांच दिवसीय कार्यदिवस लागू करने की मांग की। इस मौके पर अखिल भारतीय बैंक अधिकारी परिसंघ बरेली के अध्यक्ष संतोष तिवारी ,उपाध्यक्ष अरविंद आनंद, महिला संयोजिका रश्मि शर्मा, उपसचिव अश्विन आर्य, विशाल अवस्थी, हरमिंदर कौर, अरविंद रस्तोगी, पंकज शर्मा, पुनीत टंडन आदि मौजूद रहे।

## ख्वाजा गरीब नवाज के बड़े कुल शरीफ की रस्म की अदा

**बरेली, अमृत विचारः** दरगाह नासिर मियां पर मंगलवार को ख्वाजा गरीब नवाज के बड़े कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। जिसमें देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। पम्मी खां वारसी ने बताया कि विश्व प्रसिद्ध सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती ख्वाजा गरीब नवाज के 814 वें सालाना बड़े कुल शरीफ का आयोजन नौमहला मस्जिद स्थित दरगाह नासिर मियां परिसर में अदा की गई।

दरगाह पर गरीब नवाज के कुल की महफिल में तकरीर और नातो मनकबत के जरिये अकीदतमंदी का इजहार किया। शाम को असर की नमाज के बाद कुल शरीफ की रस्म अदा की गई। जिसमें देश में अमन चैन और भाईचारे की दुआ मांगी गई। इस मौके पर इमाम मुफ्ती अब्दुल बाकी मरकजी, सूफी वसीम मियां साबरी नासरी, शाने अली कमाल मियां, मौलाना अमान, मौलाना हसन, सलीम साबरी, शाहिद रजा नूरी, जिया उर्रहमान, दानिश खान, शाहिद मियां साबरी, हसनैन खान, रिजवान साबरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**पब्लिक नोटिस**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रिहासतुल्ला खां पुत्र स्व. अजमतुल्ला खां एक आवासीय भवन है जोकि खेत नं. 504, 508/1 ग्राम सुर्खा छावनी अन्दर चुन्गी तहसील व जिला बरेली रकबा 56.86 वर्ग मीटर का है तथा इसका मूल बैनामा जिसके विक्रेता मिढई लाल पुत्र खूबी राम के द्वारा अजमतउल्ला खां पुत्र श्री अब्दुल्ला खां के पक्ष में निष्पादित हुई है। बैनामा दिनांक 30.09.1988 जिल्द सं. 1874 के पेज नं. 398 से 399 में नं. 945 जो मूल बैनामा खो गया है जिसकी एफआईआर 24.12.25 को करा दी गई है।

सोनू सिंह यादव
एडवोकेट
सेवा ग्रह लिमिटेड
मो. 9524585756

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक 9392/7निविदा(सी0डी0–2)(ई–टेण्डर)–08/2025–26 दिनांक 17.12.2025

ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

1. महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बदायूँ–पीलीभीत वृत, लो0नि0वि0, बरेली के द्वारा निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0, बदायूँ के कार्यक्षेत्र में निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार आइटम दरों पर (Item Rate Bids) ई–निविदा दिनांक 02.01.2026 से दिनांक 16.01.2026 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता बिड से संबंधित अभिलेख जैसे कि कान्ट्रेक्ट डाटा, प्रपत्र, शर्तें, विषिष्टियॉं, बिल ऑफ क्वांन्टिटी आदि एवं बिड की संषोधित/परिषिष्ट शर्तें इत्यादि का भली–भॉंति परीक्षण कर लें। निविदा दिनांक 16.01.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | लागत (लाख रू0 में) अनुमानित निर्माण लागत | 05 वर्षीय अनुरक्षण की लागत | कुल अनुमानित लागत | विड सिक्यूरिटी (रू0 लाख में) | बिड डाक्यूमेन्ट का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | वित्तीय वर्ष 2025–26जनपद बदायूं में बदायूं–बिजनौर मार्ग (राज्य मार्ग संख्या–51) के बिल्सी नगर पर बाईपास का निर्माण कार्य। | 3122.00 | 78.07 | 3200.07 | 48.10 | 2714.00 | 15 माह |

2. निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तो हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.inपर लॉग इन किया जा सकता है।

(वन्दना सोनकर)
अधिषासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड–2, लो0नि0वि0,बदायूँ

(के0के0सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
बदायूँ/पीलीभीत वृत्त, लो0नि0वि0,बरेली

UP-243279 दिनांक 29.12.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

# जिले के 2.20 लाख नो मैपिंग मतदाताओं को मिलेगा नोटिस

● एसआईआर को लेकर कलेक्ट्रेट में हुई बैठक में डीएम ने अफसरों को दिए निर्देश

● विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची संशोधन की नई सारिणी भी जारी की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मतदाता सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित बनाने की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इसके तहत जिले में करीब 2.20 लाख नो मैपिंग श्रेणी में चिह्नित मतदाताओं को शीघ्र ही नोटिस जारी किए जाएंगे। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने बताया कि अब तक जनपद में कुल 26,89,338 मतदाताओं के गणना प्रपत्रों का डिजिटाइजेशन पूरा किया जा चुका है। इनमें 2,20,182 मतदाता ऐसे पाए गए हैं जिनकी मैपिंग बीएलओ स्तर पर स्पष्ट नहीं हो सकी है। जिन्हें नियमानुसार नोटिस जारी किए जाएंगे।

डीएम ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, अब मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 6 जनवरी, 2026 को किया जाएगा। बैठक में उन मतदाताओं के बार में भी जानकारी भी दी गई जिन्हें नोटिस जारी होंगे। डीएम ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति का जन्म भारत में 01 जुलाई 1987 से पूर्व हुआ है, लेकिन उसका नाम 2003 की मतदाता सूची में शामिल नहीं है, तो उसे जन्म तिथि या जन्म स्थान के प्रमाण से संबंधित वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। वहीं, जिन मतदाताओं का जन्म 01 जुलाई 1987 से 2 दिसंबर 2004 के बीच हुआ है, उन्हें स्वयं के साथ-साथ माता या पिता के जन्म से संबंधित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने होंगे। यदि माता या पिता का नाम 2003 की मतदाता सूची में दर्ज है, तो वही सूची साक्ष्य के रूप में मान्य होगी। इसके अतिरिक्त, 2 दिसंबर 2004 के बाद जन्मे मतदाताओं को अपने जन्म प्रमाण पत्र के साथ माता या पिता में से किसी एक के जन्म से संबंधित प्रमाण प्रस्तुत करना होगा।

बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि जिनका नाम 2003 की मतदाता सूची में नहीं है, वे केंद्र या राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रम, बैंक, डाकघर, एलआईसी, शैक्षणिक संस्थान व सक्षम प्राधिकारी की ओर से जारी पहचान पत्र, प्रमाण पत्र, स्थायी निवास, जाति, भूमि या आवास आवंटन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं। सभी अभिलेखों को बीएलओ ऐप के माध्यम से अपलोड किया जाएगा और उनका सत्यापन निर्धारित समय-सीमा के भीतर संबंधित जारीकर्ता प्राधिकारियों से कराया जाएगा। बैठक में समस्त ईआरओ/एईआरओ व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे और सभी को निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं समयबद्ध रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए।

### बीएलओ की जिम्मेदारी

प्रत्येक बीएलओ को अपने क्षेत्र के मतदाताओं के घर-घर जाकर एसआईआर फॉर्म की दो कॉपियां देनी होंगी। दोनों कॉपियां मतदाता भरेगा। इसमें एक कॉपी बीएलओ अपने पास जमा कर लेंगे जबकि दूसरी कॉपी मतदाता के पास रहेगी। फॉर्म की जो कॉपी मतदाता के पास रहेगी उसमें बीएलओ के हस्ताक्षर भी होंगे, जिससे ये सुनिश्चित हो जाएगा कि मतदाता ने एसआईआर फॉर्म भर दिया है। फोटो भी दोनों फॉर्म पर लगेंगी।

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर निगम, बरेली**

पत्रांक : 409/रा.वि./प्र.रा./2026-27 दिनांक : 30.12.25

**सूचना–नीलामी**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निगम के ठेकों की सार्वजनिक नीलामी उसके आगे उल्लिखित तिथि पर पूर्वान्ह 11:00 बजे से नगर निगम बोर्ड हाल में की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति ठेकों की बोली में भाग लेने से पूर्व पैन कार्ड, आधार कार्ड की छायाप्रति व जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र एवं नगर निगम राजस्व विभाग द्वार जारी अदेयता प्रमाण-पत्र तथा जमानत धनराशि नकद/बैंक ड्राफ्ट/एफ.डी.आर. के रूप में नगर निगम के पक्ष में देय हो जमा करके बोली में भाग ले सकते हैं। ठेके की अवधि स्वीकृति की दिनांक से 01 वर्ष की होगी, ठेका राशि पर 18 प्रतिशत जी.एस.टी. पृथक से देय होगी।

| क्र.सं. | ठेके का नाम | जमानत धनराशि | नीलामी तिथि | नीलामी स्थल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्यामगंज सब्जी मण्डी | 50,000.00 | 05.01.2026 | नगर निगम बोर्ड हाल |

यदि किसी कारणवश उक्त ठेकों की सार्वजनिक नीलामी निर्धारित तिथि को नहीं होती है तो ठेके की सार्वजनिक नीलामी दिनांक 06.01.2026 को होगी।

(राजीव कुमार राठी)
प्रभारी राजस्व
नगर निगम, बरेली

### खेत से शीशम के लट्ठे चोरी

**नवाबगंज :** थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम हरदुआ किफायतुल्ला में खेत से शीशम के लट्ठे चोरी हो गए। पीड़ित सर्वेश चन्द्र पाण्डेय ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके खेत में खड़ा पुराना शीशम का पेड़ चार माह पहले आंधी में गिर गया था, जिसके बाद उन्होंने उसके लट्ठे बनवा कर खेत में रख दिए थे।

**सेक्शन–1**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड – बदायूँ।**

(पता :– कक्ष सं0 226, प्रथम तल, विकास भवन, जिला – बदायूँ।)

पत्रांक :– 1303 /ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रा0/2025–26 दिनांक :– 22.12.2025

मैनुअल निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बदायूँ में मार्ग निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में पात्र पंजीकृत ए, बी, सी एवं डी सीमा के अनुरूप श्रेणी के निविदाताओं से मोहरबन्द निविदायें मैनुअल टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदादाता किसी कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा डाल सकता है।

1. कार्य से संबन्धित विवरण निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि बिड.सि0 (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जीएसटी सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| विधान परिषद सदस्य (एम0एल0सी0) – बदायूँ। | | | | | | |
| 1. | बदायूँ | शहर बदायूँ कृष्णा पार्क में शीतल पेयजल (सदर बदायूँ) | 2.271 | 0.05 | 589.00 | 02 माह |
| 2. | बदायूँ | जिला सहकारी बैंक बदायूँ के पास शीतल पेयजल (सदर बदायूँ) | 2.271 | 0.05 | 589.00 | 02 माह |
| 3. | बदायूँ | बदायूँ रेलवे स्टेशन के गेट पर शीतल पेयजल (सदर बदायूँ) | 2.271 | 0.05 | 589.00 | 02 माह |
| 4. | बदायूँ | शहर बदायूँ मो0 पटियाली सराय कूंचीनीम में मैनरोड से अंजू सक्सेना के मकान होते हुये राजकमल के मकान एवं अमित वर्मा के मकान तक सी0सी0 एवं नाली कार्य (सदर)। | 2.988 | 0.06 | 589.00 | 03 माह |

2. कार्यालय में निविदा विक्रय की तिथि :– 01.01.2026 से 14.01.2026 तक प्रातः 10:00 बजे से सायः 05:00 बजे तक।
3. मोहरबन्द निविदा प्राप्ति (डालने) के लिए अन्तिम तिथि/समय :– दिनांक 15.01.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक। कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बदायूँ/कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल–बरेली/कार्यालय जिलाधिकारी, बदायूँ।
4. प्राप्त मोहरबन्द निविदायें खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 15.01.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे ।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। सभी संभावित निविदाताओं को सलाह दी जाती है कि अधिक जानकारी के लिए विभागीय वैबसाईट http://upred.gov.in पर जानकारी प्राप्त करते रहें।

UP-243299 दिनांक 29.12.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(राजेश कुमार) अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बदायूँ।
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली।**

पता :– ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल विकास भवन, बरेली।

पत्रांक :– 2712/ग्रा0अ0वि0/निविदा–पत्रा0/बाण्ड क्लर्क/2025–26 दिनांक :– 24.12.2025

–:: निविदा सूचना ::–

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड बरेली में भवन/सडक निर्माण कार्य हेतु ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उत्तर प्रदेश में पात्र ए0,बी0,सी0,डी0 एवं ई0 श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता कार्य के लिये निविदा जमा कर सकते है।

2– तालिका के अनुसार कार्यो का विवरणः–

| क्रम सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) (GST सहित) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा मूल्य समस्त करों सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बरेली | सी0एस0 इन्टरनेशनल स्कूल जाग्रतिनगर में टाइल्स व पुताई कार्य। (वि0नि0–नगर क्षेत्र) | 5.000 | 10000.00 | 766.00 | 03 माह |
| 2 | बरेली | मो0 खडौआ में मुख्य मार्ग के निकट टीन शैड उसके निकट एक स्नान घर एवं एक मूत्रालय का निर्माण कार्य (वि0नि0–नगर क्षेत्र) | 9.997 | 20000.00 | 766.00 | 03 माह |
| 3 | बरेली | विकास खण्ड–भोजीपुरा के ग्राम वोहित में होली चौराहे से रामरक्षपाल के मकान तक सी0सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य (एम0एल0सी0–भोजीपुरा) | 9.430 | 18900.00 | 766.00 | 03 माह |
| 4 | बरेली | बंजरिया जागीर में इम्तयाज डाइवर के घर से मेन रोड तक व बडे अंसारी के घर से कदीर अंसारी के घर तक सी0 सी0 रोड एवं नाली निर्माण कार्य। (वि0नि0–भोजीपुरा) | 7.457 | 15000.00 | 766.00 | 03 माह |
| 5 | बरेली | ग्राम मनेहरा में ओमप्रकाश के मकान से नन्हे बाबू के मकान तक सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। ((वि0नि0–भोजीपुरा) | 5.186 | 10400.00 | 766.00 | 03 माह |
| 6 | बरेली | ग्राम कलारा में जेबरहील के मकान से सकूर अहमद के मकान तक तक सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। (वि0नि0–भोजीपुरा) | 4.693 | 9400.00 | 677.00 | 03 माह |
| 7 | बरेली | ग्राम रमियापुर में मेनरोड से कंचन यादव की चौपाल तक सी0 सी0 रोड का निर्माण कार्य। (वि0नि0–भोजीपुरा) | 9.969 | 20000.00 | 766.00 | 03 माह |
| 8 | बरेली | वार्ड नं0–60 शहदाना में गोपालराम मान्टेसरी स्कूल वाली गली में सी0सी0 सडक निर्माण कार्य (वि0नि0–कैण्ट) | 9.133 | 18300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 9 | बरेली | वार्ड नं0–12 फौजी के टाल से हेमन्त के मकान तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य (वि0नि0–कैण्ट) | 7.634 | 15300.00 | 766.00 | 03 माह |
| 10 | बरेली | वार्ड नं0–12 में प्रजापति कालौनी में लक्ष्मी देवी के मकान से मनोज सिंह के मकान तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य (वि0नि0–कैण्ट) | 9.879 | 19800.00 | 766.00 | 03 माह |
| 11 | बरेली | वार्ड नं0–40 आकाशपुरम में भारत सिंह के मकान से मनोज कुमार सागर के मकान तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य (वि0नि0–कैण्ट) | 1.389 | 2800.00 | 559.00 | 03 माह |
| 12 | बरेली | वार्ड नं0–06 हेमन्त के मकान से रहमत के मकान तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य (वि0नि0–कैण्ट) | 7.057 | 14200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 13 | बरेली | वार्ड नं0–06 केबी मेडिकल से कन्हैया के मकान होते हुये तेज सिंह पप्पू वीरेन्द्र वाली गली में सी0सी0 सडक निर्माण कार्य (वि0नि0–कैण्ट) | 7.666 | 15400.00 | 766.00 | 03 माह |
| 14 | बरेली | वार्ड नं0–06 रमेश के मकान से कन्हैया के मकान तक व कन्हैया के मकान से गोपाल के मकान तक सी0सी0 सडक निर्माण कार्य (वि0नि0–कैण्ट) | 6.100 | 12200.00 | 766.00 | 03 माह |
| 15 | बरेली | वार्ड नं0–17 पीलीभीत रोड पर पंचशील कालौनी से पवन बिहार के बीच में 01 यात्री शैड का निर्माण कार्य। (वि0नि0–कैण्ट) | 6.180 | 12400.00 | 766.00 | 03 माह |
| 16 | बरेली | स्पोट्स स्टेडियम बरेली के मल्टीपरपज हॉल में आन्तरिक विद्युतिकरण एवं फलड लाईट कार्य। (वि0नि0–नगर क्षेत्र) | 3.940 | 7900.00 | 677.00 | 03 माह |

3. निविदा विक्री की अवधि : दिनांकः– 02.02.2026 से 04.02.2026 तक (पूर्वान्ह 11.00 वजे से अपरान्ह 4.00 वजे तक)
4. निविदा प्राप्ति का अन्तिम दिनांक एवं समय : दिनांक 05.02.2026 को मध्याहन 12.00 बजे तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, द्वितीय तल, विकास भवन, जनपद–बरेली।
6. निविदा खुलने का दिनांक एवं समयः दिनांक 05.02.2026 अपरान्ह 12:30 बजे

अधिक जानकारी के लिये अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग कार्यालय, द्वितीय तल, विकास भवन, बरेली से सम्पर्क कर सकते हैं।

नोट :– उपरोक्त समस्त निविदायें बजट की प्रत्याशा में आमंत्रित की जा रही हैं।

UP-243308 दिनांक 29.12.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(विनय कुमार शर्मा) अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड, बरेली।

## न्यूज डायरी

### सेपकटाकरा जूनियर चैंपियनशिप के लिए यूपी की टीमें पंजाब रवाना



**बरेली, अमृत विचार :** 29वीं जूनियर सेपकटाकरा चैंपियनशिप का आयोजन पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में 1 से 5 जनवरी तक होगा। उत्तर प्रदेश की बालक और बालिका टीम मंगलवार को बरेली से पंजाब के लिए रवाना हुंई। टीम को स्पोर्ट्स स्टेडियम में खिलाड़ियों को किट वितरित की गई। यूपी की बालक और बालिका टीम में सागर, अभय, बादल, शानू, जतिन, रोहित, नुकुल, आबू सूफियान, आर्यन, विशाल, सुमित, आदित्य, शौर्य, रुपेश, राम कुमार, सार्थी, मीना कुमारी, शानु, अंशिका, अकक्षिता, सुकनिया, हेमा, तनवी हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष कार्तिक आनंद और महासचिव सुमिल एस सीरिया ने टीम को बरेली जंक्शन से रवाना किया। एसोसिएशन के जॉइंट सेक्रेटरी तान सिंह, टीम मैनेजर यतेंद्र शर्मा, ट्रेनिंग मैनेजर अहमद हसन खान, अलका मल्होत्रा, कोच रामकुमार और साई की कोच मीना कुमारी उपस्थित रहीं।

### एजाज नगर गौटिया में कंबल वितरण से गरीबों को मिली राहत



**बरेली, अमृत विचार :** एजाजनगर गौंटिया में सपा नेता डॉ. अनीस बेग का पिछले 10 दिनों से गरीब और असहाय लोगों के लिए कंबल वितरण का कार्यक्रम मंगलवार को भी जारी रहा। इस मौके पर डॉ. अनीस ने कहा कि समाज की असली सेवा वही है, जो जरूरत के समय काम आए। ठंड में किसी गरीब को कंबल देना सिर्फ वस्तु देना नहीं, बल्कि सम्मान और सुरक्षा देना है। सभासद मुशर्रफ ने कहा कि उनके वार्ड में कई परिवारों के पास ठंड से बचने का साधन नहीं था, ऐसे में यह पहल उनके लिए संजीवनी के समान है। इस अभियान में खुसरो मिर्जा, बिलाल और अन्य स्थानीय लोग भी शामिल रहे।

### सामाजिक चेतना मंच की गोष्ठी में पीडीए पर सवाल



**बरेली, अमृत विचार :** सामाजिक चेतना मंच की बरेली जोन स्तरीय संगठन सृजन गोष्ठी एवं प्रेस वार्ता का आयोजन मंगलवार को चैतन्य पब्लिक स्कूल संजय नगर में किया गया। मुख्य अतिथि अरुण दीक्षित ने संगठन की शपथ पत्र बुकलेट का अवलोकन कराते हुए कहा कि समरस समाज ही राष्ट्र उत्थान की कुंजी है। सभी धर्म, पंथ और जातियों को एक मंच पर आना होगा। उन्होंने बताया कि संगठन प्रदेश के 403 विधानसभा क्षेत्रों में विभिन्न समाजों को जोड़ने के लिए अभियान चला रहा है। अरुण दीक्षित ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के पीडीए नारे पर टिप्पणी करते हुए इसे छलावा बताया और कहा कि व्यवहार में यह परिवार केंद्रित राजनीति तक सीमित है। कार्यक्रम के संयोजक योगेश पटेल ने शीघ्र ही बरेली जोन स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने की घोषणा की।

## न्यूज ब्रीफ

### यात्री से मारपीट करने का आरोपी पायलट गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) हवाई अड्डे पर एक यात्री पर हमला करने के आरोप में एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक 'ऑफ-ड्यूटी' पायलट को गिरफ्तार कर लिया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि कैप्टन वीरेंद्र सेजवाल जांच में शामिल हुए और अधिकारी ने उनसे पूछताछ की थी। मामला दर्ज होने के बाद जांच प्रक्रिया के दौरान, संबंधित सीसीटीवी फुटेज एकत्र किए गए और बयान दर्ज किए गए। आरोपी को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### मां की हत्या के आरोप में उम्रकैद की सजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2012 में अपनी मां की हत्या करने के अपराध में एक व्यक्ति को कठोर आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बबरू भान दोषी रमेश के लिए सजा की अवधि पर दलीलें सुन रहे थे। उसे भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) के अपराध में दोषी ठहराया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, रमेश को 15 मई, 2012 को उत्तरी दिल्ली के विजय कॉलोनी इलाके में संपत्ति विवाद को लेकर अपनी मां शांति देवी की गोली मारकर हत्या करने का दोषी ठहराया गया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक घनश्याम ने तर्क दिया कि दोषी किसी भी प्रकार की नरमी का हकदार नहीं है। अदालत ने 15 दिसंबर के एक आदेश में कहा, "रमेश को आईपीसी की धारा 302 के तहत दंडनीय अपराध के लिए कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई जाती है और उसे 40,000 रुपये का जुर्माना अदा करना होगा।

### गुजरात में बनेगा एआई अनुसंधान संगठन

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कृत्रिम मेधा (एआई) के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए भारतीय एआई अनुसंधान संगठन की स्थापना को मंगलवार को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। इस केंद्र की स्थापना सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत राज्य और केंद्र सरकारों तथा भारतीय दवा गठबंधन (आईपीए) के बीच त्रिपक्षीय साझेदारी के माध्यम से की जाएगी। कहा गया है कि गुजरात सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री के मार्गदर्शल में राष्ट्रीय एआई पारिस्थितिकी तंत्र को गति देने और अनुसंधान को गति करने के लिए यह पहल की है। आईएआईआरओ गांधीनगर के पास गिफ्ट सिटी में एक जनवरी से विशेष उद्देश्य वाले कोष (एसपीवी) के रूप में कार्य करना शुरू कर देगा। इसे कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 8 के तहत एक गैर-लाभकारी संस्थान के रूप में गठित किया जाएगा।

# पूर्वोत्तर के लोगों के खिलाफ नस्ली हिंसा पर दायर की जनहित याचिका

## हिंसा रोकने में संवैधानिक विफलता का आरोप, न्यायिक हस्तक्षेप का आग्रह

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्वोत्तर राज्यों और अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों के नागरिकों के खिलाफ देश में नस्ली भेदभाव एवं हिंसा को रोकने न्यायिक हस्तक्षेप का आग्रह करते हुए उच्चतम न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें इस तरह की हिंसा रोकने में लगातार संवैधानिक विफलता का भी जिक्र किया गया है।

जनहित याचिका त्रिपुरा के 24 वर्षीय एमबीए छात्र एंजेल चकमा की हत्या के मद्देनजर 28 दिसंबर को दायर की गई थी। चकमा की 27 दिसंबर को देहरादून के सेलाक्वी क्षेत्र में नस्ली हमले में लगी गंभीर चोटों के कारण मृत्यु हो गई थी। उनाकोटी जिले के मचमारा के रहने वाले चकमा अगरतला के होली क्रॉस स्कूल से स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद एमबीए करने के लिए देहरादून गए थे, जहां उसके छोटे भाई माइकल की मौजूदगी में चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी गई। चकमा के परिजन इस घटना में शामिल सभी आरोपियों के लिए मौत की सजा या कम से कम आजीवन कारावास की मांग कर रहे हैं।



> हम भारतीय हैं, इसे साबित करने के लिए हमें आपको कौन सा प्रमाणपत्र दिखाना चाहिए। टकराव के क्रूर हिंसा में बदलने से पहले ये शब्द बेहद दुखद रूप से एंजेल चकमा के संवैधानिक नागरिकता के बारे में आखिरी दर्ज बयान बन गए। **– याचिका**

दिल्ली के वकील अनूप प्रकाश अवस्थी ने केंद्र सरकार और सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को जनहित याचिका में पक्षकार बनाया है। याचिका में कहा गया है, पूर्वोत्तर राज्यों और भारत के अन्य सीमावर्ती क्षेत्रों के भारतीय नागरिकों के खिलाफ नस्ली भेदभाव और हिंसा के मुद्दे के समाधान के लिए न्यायिक हस्तक्षेप की मांग की जाती है। याचिका में चकमा की मौत से संबंधित मीडिया की खबरों का भी हवाला दिया गया। इसमें कहा गया है, व्यापक दिशा-निर्देश तैयार करने, नस्ली अपमान को घृणा अपराधों की एक अलग श्रेणी के रूप में मान्यता देने और इसके लिए सजा निर्धारित करने के उद्देश्य से एक उपयुक्त रिट (कानून बनने तक अंतरिम) जारी की जाए।

याचिका में केंद्र और राज्यों को यह निर्देश देने का आग्रह किया गया कि वे केंद्रीय स्तर के साथ-साथ प्रत्येक राज्य के स्तर पर एक नोडल एजेंसी या स्थाई निकाय या आयोग या निदेशालय का गठन करें, जहां इस तरह के नस्ली अपराधों की रिपोर्ट की जा सके और उनका निवारण किया जा सके। याचिका में कहा गया है, केंद्रीय स्तर के साथ-साथ प्रत्येक राज्य के स्तर पर संबंधित पक्षों को निर्देश दिया जाए कि वे प्रत्येक जिले/महानगर में नस्ली अपराधों से निपटने के लिए एक समर्पित विशेष पुलिस इकाई का गठन करें। कहा गया है कि चकमा की हत्या कोई अलग-थलग घटना नहीं है, बल्कि यह पूर्वोत्तर राज्यों के नागरिकों के खिलाफ नस्ली दुर्व्यवहार और हिंसा के लंबे समय से चले आ रहे सिलसिले का हिस्सा है।

### कामकाज में सुगमता के लिए एसओपी जारी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी की है, जिसमें उसके समक्ष पेश होने वाले वकीलों की ओर से दलीलों और लिखित निवेदन प्रस्तुत करने के लिए समयसीमा निर्धारित की गई है। यह कदम न्यायालय के कामकाज में सुगमता और न्याय मुहैया कराने की व्यवस्था में तेजी लाने के लिए उठाया गया है। सीजेआई सूर्यकांत और शीर्ष कोर्ट के अन्य न्यायाधीशों ने सोमवार को एक परिपत्र जारी किया, जिसमें सभी मामलों में मौखिक दलीलें प्रस्तुत करने की समयसीमा का पालन करने के लिए एसओपी तय की गई है। तत्काल प्रभाव से लागू इस एसओपी में कहा गया है, वरिष्ठ अधिवक्ता, दलील रखने वाले वकील और रिकॉर्ड पर मौजूद अधिवक्ता, नोटिस के बाद और नियमित सुनवाई वाले सभी मामलों में मौखिक बहस करने की समयसीमा सुनवाई शुरू होने से कम से कम एक दिन पहले प्रस्तुत करेंगे। यह समय-सीमा न्यायालय को 'एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड' (एओआर) को पहले से उपलब्ध कराए गए उपस्थिति पर्ची जमा करने के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तुत की जाएगी। कहा गया है कि वरिष्ठ अधिवक्ताओं सहित बहस करने वाले वकील, अपने एओआर या पीठ द्वारा नामित नोडल वकील के माध्यम से, सुनवाई की तारीख से कम से कम तीन दिन पहले दूसरे पक्ष को एक प्रति देने के बाद संक्षिप्त नोट या लिखित प्रस्तुति दाखिल करेंगे, जो पांच पृष्ठ से अधिक का नहीं होगा।

# चुनावी लाभ के लिए घुसपैठ को बढ़ावा दे रही हैं ममता बनर्जी : अमित शाह

**कोलकाता, एजेंसी**



- केंद्रीय गृहमंत्री ने तृणमूल प्रमुख पर बंगाल की जनसांख्यिकी बदलने का लगाया आरोप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार चुनावी लाभ के लिए बांग्लादेशी घुसपैठ को बढ़ावा दे रही है जिससे पिछले कुछ वर्षों में राज्य की जनसांख्यिकी खतरनाक रूप से बदल गई है। कोलकाता में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग घुसपैठ को लेकर चिंतित हैं और भाजपा 2026 में राज्य में दो-तिहाई बहुमत से सत्ता में आने के बाद इसे समाप्त करेगी।

शाह ने कहा कि विधानसभा चुनाव अप्रैल में होंगे और देश से घुसपैठियों को बाहर निकालना मुख्य एजेंडा होगा। शाह ने घोषणा की कि बंगाल में घुसपैठ को समाप्त करने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय ग्रिड स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा, इंसान छोड़ दीजिए, परिंदा भी पर नहीं मार पाएगा, इस प्रकार की मजबूत ग्रिड की रचना हम करेंगे। शाह ने कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा आवश्यक भूमि उपलब्ध न कराए जाने के कारण केंद्र सरकार भारत-बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी घुसपैठ रोकने में नाकाम रहने के लिए बीएसएफ को दोषी ठहराती हैं। मैं उनसे इस सार्वजनिक मंच से कह रहा हूं कि बांग्लादेश से सटे राज्यों में केवल यही राज्य सरकार है, जो सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन उपलब्ध नहीं कराती।

शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को यह जवाब देना होगा कि भाजपा शासित असम, त्रिपुरा या देश के पश्चिमी राज्यों जैसे राजस्थान और गुजरात के अलावा पंजाब और कश्मीर की तुलना में पश्चिम बंगाल में घुसपैठ की समस्या अधिक गंभीर क्यों है। उन्होंने कहा, ऐसा सिर्फ बंगाल में ही क्यों होता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि यहां आपकी सीधी निगरानी में घुसपैठ होती है, जिसके परिणामस्वरूप राज्य की जनसांख्यिकी में धीरे-धीरे लेकिन लगातार बदलाव होता है, जिससे आपका वोट बैंक मजबूत होता है।

### तृणमूल का जवाब, चुनाव में 50 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पाएगी भाजपा

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर झूठ फैलाने का आरोप लगाते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा के दो-तिहाई बहुमत हासिल किए जाने का उनका दावा हवा-हवाई है।

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रत्य बसु ने कहा कि चुनाव में भाजपा 50 सीट का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकेगी और उसे शर्मनाक हार का सामना करना पड़ेगा। तृणमूल की वरिष्ठ नेता और मंत्री शशि पांजा ने राज्य में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर शाह की टिप्पणियों के जवाब में कहा, बिलकिस बानो के बलात्कारियों को आपकी पार्टी के कार्यकर्ता माला पहनाते हैं। आपकी पार्टी कुलदीप सेंगर और बृज भूषण को संरक्षण देती है जिन पर अत्याचार करने के आरोप लगे हैं। शाह को महिलाओं की सुरक्षा पर उपदेश नहीं देना चाहिए। पांजा ने शाह और भाजपा पर उस अपराजिता विधेयक को पारित होने में बाधा डालने का आरोप लगाया जिससे बलात्कारियों को दोषी पाए जाने के बाद नजीर बनने वाली सजा सुनिश्चित हो पाती।

# चलती कार में महिला से दुष्कर्म बीच सड़क पर फेंक कर हुए फरार

## फरीदाबाद में हैवानियत

**फरीदाबाद, एजेंसी**

- युवकों ने महिला को वैन में लिफ्ट देने के बहाने बैठाया था

यहां सोमवार देर रात चलती कार में महिला से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपित दुष्कर्म करने के बाद महिला को लहूलुहान हालत में सड़क पर फेंककर फरार हो गए। महिला को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी की जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना क्षेत्र के कल्याणपुरी इलाके में रहने वाली महिला ने बताया कि उसकी बहन का पति से झगड़ा चल रहा है। इसलिए वह पति से अलग मायके में रहती है। सोमवार शाम को उसकी बहन की घर में मां से कहासुनी हो गई। कहासुनी के बाद वह अपने दोस्त के यहां सेक्टर-23 चली गई। दोस्त के घर से निकलने में महिला को देर हो गई। महिला रात में ऑटो लेकर एनआईटी दो चौक तक पहुंची। फिर वहां से पैदल मेट्रो चौक तक आ गई। इसके बाद मेट्रो चौक पर खड़े होकर कल्याणपुरी जाने के लिए ऑटो का इंतजार करने लगी। रात करीब 12 बजे वैन में सवार दो युवक महिला के पास आए। उन्होंने महिला से कहा कि वह उसको कल्याणपुरी चौक तक छोड़ देंगे। युवकों के कहने पर महिला वैन में बैठ गई। युवक वैन को कल्याणपुरी चौक ले जाने के बजाय गुरुग्राम रोड पर ले गए। पीड़िता की बहन के अनुसार, एक व्यक्ति ने उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपित उसको रातभर गाड़ी में घुमाते रहे। फिर सुबह तीन बजे एसजीएम नगर स्थित मुल्ला होटल के पास फेंककर चले गए। इसके बाद पीड़िता ने अपनी बहन को फोन किया और पूरा घटनाक्रम बताया। महिला के सिर में गंभीर चोट आई है। उसको इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार महिला के स्वजन के बयान के आधार पर मामला दर्ज किया गया है।

## एसआईआर पर बार-बार यू-टर्न ले रहा निर्वाचन आयोग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर बार-बार यूटर्न लेने का आरोप लगाया और कहा कि उसे स्पष्ट करना चाहिए कि वह किस प्रक्रिया का पालन तथा किस एप का उपयोग कर रहा है। पार्टी के लोकसभा सदस्य शशिकांत सेंथिल ने एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए यह दावा भी किया कि आयोग ने बिहार में एसआईआर के दौरान 'डी-डुप्लीकेशन सॉफ्टवेयर' का उपयोग बंद किया, लेकिन 12 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में फिर से शुरू कर दिया है। सेंथिल ने कहा कि पहले डुप्लीकेट मतदाता प्रविष्टियों की पहचान करने और उन्हें चिह्नित करने के लिए एक 'डी-डुप्लीकेशन सॉफ्टवेयर' का उपयोग किया जाता था।

## विश्व शांति के लिए प्रार्थना



बिहार के बोधगया में महाबोधि मंदिर परिसर में आयोजित 40वें कग्यू मोनलाम प्रार्थना कार्यक्रम के चौथे दिन मंगलवार को तिब्बती लामाओं ने विश्व शांति के लिए प्रार्थना में भाग लिया ।

# बांग्लादेश में क्रूरता की पराकाष्ठा : मदनी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- जमीयत प्रमुख ने कहा- हिंदू की हत्या के दोषियों को मिले कड़ी सजा

प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए- हिंद (एएम) के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने ईशनिंदा के आरोप में भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हिंदू व्यक्ति की हत्या करने की निंदा करते हुए इसे क्रूरता की पराकाष्ठा बताया और दोषियों के लिए कड़ी सजा की मांग की। संगठन की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान के मुताबिक, मौलाना मदनी ने पड़ोसी मुल्क में अल्पसंख्यक समुदाय पर हो रहे जुल्म को बहुत बुरा बताते हुए कहा कि यह कृत्य न केवल इस्लामी शिक्षाओं का उल्लंघन है, बल्कि इस्लाम को बदनाम करने वाला भी है, इसलिए ऐसे लोगों को कड़ी से कड़ी सज़ा दी जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि भीड़ द्वारा हिंसा में किसी को बेरहमी से मार देना केवल एक हत्या नहीं बल्कि क्रूरता की पराकाष्ठा है और इसकी जितनी निंदा की जाए कम है। मुस्लिम वर्ल्ड लीग के सदस्य मदनी ने अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा के लिए धार्मिक कट्टरता को मूल वजह बताते हुए कहा कि सत्ता प्राप्त करने के लिए कुछ लोग धर्म का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। इससे धार्मिक कट्टरता में ख़तरनाक हद तक बढ़ोतरी हो रही है, इसकी वजह से अल्पसंख्यक जहां भी हैं खुद को असुरक्षित समझने लगे हैं।

### धार्मिक बनें लेकिन कट्टरता नहीं होनी चाहिए

बुजुर्ग मुस्लिम नेता ने कहा कि बांग्लादेश... अपने देश या फिर किसी अन्य देश में, जो कुछ भी हो रहा है, इसके पीछे धार्मिक कट्टरता की ही मूल भूमिका है। मदनी ने कहा कि धार्मिक होना गलत नहीं है बल्कि हर व्यक्ति को अपने धर्म और इसकी शिक्षाओं का ईमानदारी से पालन करना चाहिए लेकिन जब इसमें कट्टरता आ जाती है तो फिर लोग दूसरे धर्म को गलत समझने लगते हैं, जिससे टकराव की शुरुआत होती है। उन्होंने हाल में क्रिसमिस के मौके पर कुछ तत्वों द्वारा किए गए उपद्रव को अनुचित ठहरते हुए दावा किया कि देश की सरकार ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

# चकमा की हत्या की धीमी जांच पर त्रिपुरा सरकार में नाराजगी

- भाजपा की सहयोगी पार्टी टिपरा मोथा ने लगाया अपराध को कमतर आंकने का आरोप
- चकमा के परिवार को त्रिपुरा सरकार की ओर से पांच लाख रुपये देने की घोषणा

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने देहरादून में नस्लीय हिंसा के शिकार हुए एंजेल चकमा के परिवार को एकमुश्त पांच लाख रुपये की आर्थिक सहायता की मंगलवार को घोषणा करते हुए कहा कि चकमा के परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इस बीच त्रिपुरा सरकार में भाजपा की सहयोगी पार्टी टिपरा मोथी ने मामले की जांच में धीमी प्रगति पर नाराजगी भी जताई है।

त्रिपुरा सरकार में भाजपा की सहयोगी टिपरा मोथा के संस्थापक प्रद्योत किशोर देबबर्मन ने एंजेल की हत्या में शामिल भगोड़े को पकड़वाने में मदद करने वाले सूचना देने वालों को 10 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की। उत्तराखंड सरकार की ओर से भगोड़े की गिरफ्तारी के लिए 25,000 रुपये के इनाम की खबरों पर देबबर्मन ने जांच की गंभीरता पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा, क्या एंजेल की जान की कीमत यही है। उन्होंने अधिकारियों से आदिवासी समुदायों के खिलाफ अपराधों को कमतर आंकने से बचने की अपील की। एमबीए के 24 वर्षीय छात्र एंजेल और उनके छोटे भाई माइकल पर 9 दिसंबर को उत्तराखंड में देहरादून के सेलाकुई इलाके में कुछ लोगों ने चाकू से हमला किया था।

## बस्तर विधायक की पत्नी ने आत्महत्या की कोशिश की

**बस्तर।** छत्तीसगढ में बस्तर जिले से एक गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है, जहां बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की पत्नी द्वारा आत्महत्या की कोशिश किए जाने की जानकारी सामने आई है। घटना के बाद उन्हें गंभीर हालत में महारानी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज आईसीयू में चल रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 8 बजे विधायक की पत्नी को गंभीर अवस्था में अस्पताल लाया गया। उनके दोनों हाथों की नसें कटी हुई पाई गईं, जबकि गले पर भी चोट के निशान मौजूद हैं। चिकित्सकों ने तत्काल प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती किया।

# मथुरा में विरोध के बाद सनी लियोनी का शो रद्द

**मथुरा, एजेंसी**

- धार्मिक नेताओं और संगठनों ने विरोध कर जताई थी आपत्ति

जिले में नए साल के मौके पर 31 दिसंबर को होने वाला बॉलीवुड एक्ट्रेस सनी लियोनी का शो रद्द कर दिया गया है। साधु-संतों और धार्मिक संगठनों ने इस कार्यक्रम पर कड़ा विरोध जताया था।श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास ने सनी लियोनी का कार्यक्रम रद्द करने की मांग की थी।

यह कार्यक्रम जैसे ही घोषित हुआ, वैसे ही विवादों में आ गया। कई धार्मिक नेताओं और संगठनों ने इसका विरोध किया और आपत्ति जताई। साधु-संतों का कहना था कि मथुरा की धार्मिक और सांस्कृतिक पवित्रता बनाए रखना ज़रूरी है, इसलिए ऐसे आयोजनों से बचना चाहिए।श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास ने इसके लिए मथुरा के जिलाधिकारी को चिट्ठी भी लिखी और आयोजकों पर सनी लियोनी का कार्यक्रम करवाकर धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाया था।

श्रीकृष्ण जन्मभूमि मामले के मुख्य याचिकाकर्ता और धार्मिक नेता दिनेश फलहारी धर्माचार्य ने कहा कि यह विरोध मथुरा के आध्यात्मिक महत्व को देखते हुए किया गया था। उन्होंने ब्रज भूमि को भगवान कृष्ण और तपस्या की पवित्र धरती बताते हुए कहा कि वहां इस तरह के कार्यक्रम नहीं होने चाहिए। उनका कहना था कि यह वही भूमि है जहां भगवान कृष्ण से जुड़ी पवित्र परंपराएं हैं।

# पांच महीने बाद भी धनखड़ को सरकारी आवास नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- अगस्त में आवास मंत्रालय को लिखे पत्र भी कोई कार्रवाई नहीं



उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा देने के पांच महीने बाद भी जगदीप धनखड़ को सरकारी आवास नहीं मिला है। अगस्त में धनखड़ ने केंद्र सरकार को सरकारी आवास के लिए एक पत्र भी लिखा था लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला।

धनखड़ ने इस वर्ष संसद के मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके कुछ हफ्तों बाद सितंबर में उन्होंने अपने आधिकारिक आवास 'उपराष्ट्रपति एन्क्लेव' को खाली कर दिया था और दक्षिण दिल्ली के छतरपुर इलाके में एक निजी फार्महाउस में चले गए थे। धनखड़ ने 22 अगस्त को आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के सचिव को पत्र लिखकर पूर्व उपराष्ट्रपतियों को प्राप्त होने वाले आधिकारिक आवास का अनुरोध किया था। धनखड़ के करीबी एक व्यक्ति ने कहा, इसके बाद भी अभी तक उन्हें वह आवास उपलब्ध नहीं कराया गया है , जिसके वह हकदार हैं। पूर्व उपराष्ट्रपति होने के नाते धनखड़ लगभग दो लाख रुपये प्रति माह की पेंशन, टाइप-8 बंगला, एक निजी सचिव, एक अतिरिक्त निजी सचिव, एक निजी सहायक, एक चिकित्सक, एक नर्सिंग अधिकारी और चार निजी परिचारकों के हकदार हैं।

## बिहार के शिक्षामंत्री को बेस्ट एजुकेशन मिनिस्टर अवार्ड

**पटना।** नई दिल्ली में आयोजित 46वें विश्व प्रबंधन कांग्रेस में शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार को मंगलवार को 'बेस्ट एजुकेशन मिनिस्टर अवार्ड' से सम्मानित किया गया। वहीं, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रशासनिक कार्य के लिए उच्च शिक्षा निदेशक डॉ.एनके.अग्रवाल को 'नेशनल हायर एजुकेशन एडमिनिस्ट्रेशन एक्सीलेंस अवार्ड' प्रदान किया गया। आयोजकों के अनुसार, यह सम्मान राज्य में शिक्षा सुधार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तथा नीति-आधारित नवाचारों की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता है। डॉ. अग्रवाल ने कहा कि भारत सरकार की एनईपी को बिहार सरकार द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी दिशा-निर्देशों में व्यावहारिक रूप से लागू किया जा रहा है।

**विशेषज्ञ बोले** | कृषि तथा जलवायु निगरानी से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा में बढ़ा उपयोग

# अंतरिक्ष और उपग्रह आधारित सूचना अर्थव्यवस्था ने पकड़ी रफ्तार

**चेन्नई, एजेंसी**

विशेषज्ञों का मानना है कि वर्ष 2025 में उपग्रह आधारित सूचना अर्थव्यवस्था (स्पेस डेटा इकोनॉमी) ने रफ़्तार पकड़ी है और कृषि तथा जलवायु निगरानी से लेकर राष्ट्रीय सुरक्षा तक इसका उपयोग बढ़ा है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस वर्ष उपग्रह डेटा का व्यवसाय से लेकर प्रशासन तक व्यापक उपयोग हुआ है।

इंडियन स्पेस एसोसिएशन (आईएसपीए) के महानिदेशक सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल ए के भट्ट ने कहा, 2025 में उपग्रह आधारित सूचना अर्थव्यवस्था को गति मिली, जहाँ भू निगरानी उपग्रहों से प्राप्त सूचनाओं ने कृषि, आपदा प्रबंधन, बुनियादी ढांचा नियोजन, जलवायु निगरानी और रक्षा अनुप्रयोगों में सहायता की। महानिदेशक ने पूरे अंतरिक्ष क्षेत्र में सरकारी समर्थन का हवाला देते हुए कहा कि केंद्रीय बजट 2025-26 में राष्ट्रीय भू-स्थानिक मिशन, स्टार्टअप के लिए फंड ऑफ फंड्स, बेहतर ऋण सुरक्षा तंत्र , अटल टिंकरिंग लैब्स का विस्तार और एक समर्पित ''डीपटेक फंड ऑफ फंड्स'' जैसी पहलों के माध्यम से नीतिगत समर्थन को और मजबूत किया गया।

सेवानिवृत लेफ्टिनेंट जनरल ए के भट्ट ने कहा कि फरवरी में शुरू किए गए इन-स्पेस के ''टेक्नोलॉजी एडॉप्शन फंड'' ने स्वदेशीकरण और विनिर्माण को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। कई राज्यों ने भी अंतरिक्ष-केंद्रित नीतियों की घोषणा की, जो राष्ट्रीय और राज्य स्तर की प्राथमिकताओं के बीच बढ़ते



तालमेल को दर्शाता है। महानिदेशक के अनुसार, 2025 में महत्वपूर्ण ''ऑपरेशन सिंदूर'' ने भी भारत की विकसित होती अंतरिक्ष क्षमताओं का प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया, हमने हर मौसम में निगरानी के लिए रीसैट जैसी स्वदेशी उपग्रहों का उपयोग किया, जिसे प्रमुख भारतीय कंपनियों की व्यावसायिक ''सैटेलाइट इमेजरी'' द्वारा और मजबूत किया गया।" सुहोरा टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक अमित कुमार ने कहा कि यह वर्ष भारत के ''डाउनस्ट्रीम स्पेस इकोसिस्टम'' के लिए एक निर्णायक वर्ष रहा है। उन्होंने कहा, जैसे-जैसे लॉन्च क्षमता में सुधार हो रहा है और उपग्रहों का विस्तार हो रहा है, इन उपग्रहों से प्राप्त सूचनाओं का अनुप्रयोग भी बढ़ रहा है। इनका विश्लेषण किया जा रहा है और निर्णय लेने की प्रक्रिया में इनका इस्तेमाल हो रहा है। कृषि और जलवायु निगरानी से लेकर बुनियादी ढांचा योजना और राष्ट्रीय सुरक्षा तक, उपग्रह डेटा अब व्यवसाय और शासन में मुख्य उपकरण बनता जा रहा है।

### अंतरिक्ष सेक्टर में 2025 में जबरदस्त तेजी

एसरी इंडिया के प्रबंध निदेशक अगेंद्र कुमार ने कहा कि 2025 में भारत की भू-स्थानिक यात्रा में जबरदस्त तेजी देखी गई, जिसमें भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) एक मुख्य डिजिटल बुनियादी ढांचे के रूप में उभरा। भू-स्थानिक सूचना के विश्लेषण से संबंधित बाजार का तेजी से विस्तार यह संकेत देता है कि स्थानिक बुद्धिमत्ता (स्पेशियल इंटेलिजेंस) अब शासन, बुनियादी ढांचे के विकास, जलवायु कार्रवाई और उद्यमों के निर्णय लेने में गहराई से समा गई है। भट्ट ने कहा कि भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था, वर्तमान में लगभग 9 बिलियन डॉलर है और अब अगले दशक में 44 बिलियन डॉलर की ओर मजबूती से बढ़ रही है। 2025 के दौरान विकास मुख्य रूप से निजी उद्योगों द्वारा संचालित रहा।



यदि आप किसी से प्रेम करते हैं, तो उसे जाने दें, क्योंकि यदि वह लौट आता है, तो वह हमेशा आपका था। यदि नहीं लौटता, तो वह कभी आपका था ही नहीं।
**खलील जिब्रान, दार्शनिक**

## नए साल में नई परिभाषा

दुनिया की सबसे पुरानी भूगर्भीय संरचनाओं में शामिल अरावली को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा अपने ही आदेश को वापस लेना यह संकेत है कि न्यायालय को प्रस्तुत परिभाषा और उसके दूरगामी पर्यावरणीय प्रभावों पर गंभीर शंकाएं उत्पन्न हुई हैं। यह घटनाक्रम बताता है कि अरावली जैसे संवेदनशील पारिस्थितिकी तंत्र को परिभाषित करने में जल्दबाजी और अधूरी वैज्ञानिक कसौटियां खतरनाक साबित हो सकती हैं। नया आदेश यह साबित करता है कि पिछला फैसला किंचित जल्दबाजी में लिया गया था।

अदालत ने स्वयं यह स्वीकारा कि नई परिभाषा से 'संरचनात्मक विरोधाभास' तो पैदा नहीं हो रहा, यह जांचना आत्यावश्यक है। अदालत की स्वीकारोक्ति बताती है कि सरकार का जवाब अंतिम सत्य मान लेने लायक भरोसेमंद नहीं थे। जिस नई परिभाषा को अदालत ने पहले स्वीकार किया था, वह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की एक समिति ने प्रस्तुत की थी। उद्देश्य अरावली की रक्षा बताई गई थी, पर आरोप यह हैं कि उक्त परिभाषा के मानदंड, जैसे 100 मीटर की ऊंचाई- व्यावहारिक रूप से अरावली के बड़े हिस्से को संरक्षण से बाहर कर देते हैं। यदि समिति का उद्देश्य संरक्षण था, तो यह परिभाषा अपने परिणामों में विपरीत कैसे हो सकती है? लाजिमी है कि यह पुनर्विचार आवश्यक था। राजस्थान में 12,081 पहाड़ियों में से केवल 1,048 के 100 मीटर से अधिक ऊंचे होने के दावे को मानने से 92 फीसद से अधिक पहाड़ियां संरक्षण से बाहर हो जाएंगी। यह तथ्यात्मक स्थिति बताती है कि ऊंचाई-आधारित परिभाषा अरावली की वास्तविक भूगर्भीय और पारिस्थितिक निरंतरता को नज़रअंदाज़ करती हैं। नतीजा- अंधाधुंध खनन और रियल एस्टेट परियोजनाओं के लिए दरवाज़ा खुल सकता है। अरावली की प्रकृति 'टुकड़ों में बंटी पहाड़ियों' की नहीं, बल्कि एक जुड़े हुए पारिस्थितिक, प्राकृतिक तंत्र की है। यदि पहाड़ियां 100 मीटर से ऊंची हों, पर 500 मीटर से अधिक दूरी पर हों, तब भी वे भूजल रिचार्ज, जैव-विविधता और जलवायु नियमन के साझा कार्य करती हैं। ऐसे में उन्हें अलग-अलग इकाइयों के रूप में नहीं, बल्कि एक सतत पारिस्थितिक तंत्र के रूप में देखना ही वैज्ञानिक दृष्टि से उचित है। 'विनियमित' या 'सतत' खनन की अवधारणा कागज़ पर आकर्षक लग सकती हैं, पर अरावली जैसे नाज़ुक क्षेत्र में कड़ी निगरानी के बावजूद इसके प्रतिकूल प्रभावों को नकारा नहीं जा सकता। ढलानों का कटाव, भूजल स्तर में गिरावट और जैव-विविधता का नुकसान दीर्घकाल में अपरिवर्तनीय हो सकता है।

एफएसआई द्वारा लंबे समय से अपनाया गया 3-डिग्री ढलान का मानदंड अधिक समावेशी और भू-आकृतिक वास्तविकताओं के करीब रहा है। इसके विपरीत, सरकार द्वारा सौंपी गई नई सूची में कई जिलों को संरक्षण क्षेत्र से बाहर कर दिया गया है, जिससे उन क्षेत्रों में पर्यावरणीय दबाव तेज़ी से बढ़ सकता है। अरावली उत्तर-पश्चिम भारत में रेगिस्तान बनने से रोकने, भूजल रिचार्ज करने और आजीविका बचाने की रीढ़ है, इसलिए इसे केवल ऊंचाई से नहीं, बल्कि उसके पर्यावरणीय, भूगर्भीय और जलवायु महत्व से परिभाषित किया जाना चाहिए।

### प्रसंगवश

## दुनियाभर में नव वर्ष के हैं अनोखे रंग

दुनिया भर के देशों में नया वर्ष मनाने की प्रथाएं एवं परंपराएं हैं। कई काफी अनोखी हैं। प्राचीन रोम में नये वर्ष के अवसर पर भेंट देने की परंपरा थी। रोम के एक बादशाह ने तो भेंट देने के लिए मात्र नववर्ष का अवसर ही नियत किया था। इसके अतिरिक्त अन्य अवसरों पर भेंट दिया जाना निषिद्ध था। स्काटलैंड में नये वर्ष के स्वागत के लिए 31 दिसंबर की रात में 12 बजे से पूर्व ही युवक अपने-अपने घरों से निकलकर अपने-अपने मित्रों के घर जाते हैं। सभी लोग अपने साथ मक्खन, डबल रोटी, टाफियां, केक एवं चाय आदि का सामान भी लाते हैं। 12 बजे रात्रि के बाद जो अतिथि सबसे पहले घर में प्रवेश करता है, उसका स्वागत अत्यंत धूम-धाम तथा हर्ष के साथ किया जाता है। समाज में ऐसी मान्यता है कि नये वर्ष में प्रवेश करने वाला प्रत्येक अतिथि अपने साथ सुख-समृद्धि एवं सौभाग्य लेकर आता है। अतिथि अपने साथ लाये हुए नाश्ते के सामान को परिवार के प्रत्येक सदस्यों में बांटता है।




**अंजु अग्निहोत्री**
लेखिका

दक्षिणी अफ्रीका में नया वर्ष राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाया जाता है, जिसे क्यू क्वेचवाना कहा जाता है। क्यू क्वेचबाना से तात्पर्य है, ज्वार की फसल तैयार होने के उपलक्ष्य में भगवान को धन्यवाद देने का उत्सव। इसी दिन यहां का राजा अपनी सेनाओं का निरीक्षण भी करता है एवं वीरता प्राप्त सैनिकों को विवाह करने की अनुमति भी प्रदान की जाती है। इस दिन सामूहिक रूप से विवाह का भी आयोजन होता है। बर्मा में नये वर्ष की दिन तिजांन नामक पर्व मनाया जाता है जो नये वर्ष का स्वागत पर्व है। इस दिन जलक्रीड़ा का विशेष आयोजन होता है, जिसमें एक-दूसरे पर पानी फेंका जाता है। तिजांन के दिन प्रातः काल ही भगवान बुद्ध की मूर्तियों को स्वच्छ सुगंधित जल में नहला कर उसकी पूजा की जाती है।

ईरान में नया वर्ष अत्यंत ही हर्षपूर्ण वातावरण में धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार मनाया जाता है। ईरान में नये वर्ष के उत्सव को नौरोज कहा जाता है। नौरोज से 15 दिन पहले ही घर में किसी स्थान पर गेहूं अथवा जौ बो दिया जाता है। नौरोज का दिन आते-आते यह अंकुरित हो जाता है। नौरोज के दिन परिवार के सभी लोग किसी मेज के चारों तरफ बैठ जाते हैं तथा मेज के ऊपर शीशा, अंडा एवं मोमबत्ती रख दिया जाता है। इसके साथ ही एक प्याले में स्वच्छ एवं पवित्र जल के साथ रोटी एवं पवित्र ग्रंथ भी रख दिया जाता है। पानी से युक्त प्याले में गेहूं या जौ के अंकुर को डाल दिया जाता है। बाली द्वीप में नये वर्ष के प्रथम दिन का गालुंगन के दिन सभी लोग मित्रों एवं रिश्तेदारों को उपहार देते हैं तथा उनसे मिलने के लिए दूर दराज गांवों तक भी चले जाते हैं। गालुगंन दिवस के एक सप्ताह बाद तक यह उल्लासमय वातावरण चलता रहता है। एवं सभी काम-धंधे बंद रहते हैं।

जापान में वर्ष के प्रथम दिन नव वर्षोत्सव मनाया जाता है। इस दिन प्रत्येक घरों की विशेष सजावट की जाती है तथा घर के दरवाजे पर हरे बांस के टुकड़े एवं चीड़ वृक्ष की शाखाएं रखी जाती हैं। इनके समाज में बांस सच्चरित्रता तथा दृढ़ता और चीड़ के साथ-साथ गोहेई अर्थात् कागज के तिकोने टुकड़े भी लटकाये जाते हैं। नव वर्ष के दिन प्रातः नदी तालाब या कुंआ से जल लाया जाता है, जिसे नवजात जल कहा जाता है। जापानियों में ऐसी मान्यता है कि इस जल को पीने से आयु में वृद्धि होती है। इस दिन चावल से बने विशेष भोज्य पदार्थ मोर्चा एवं कमल की जड़ खाने की भी प्रथा है। अगर किसी जापानी के ऊपर कर्ज रहता है, तो वह इस दिन निश्चित ही चुकाने का प्रयास करता है।

# राष्ट्र निर्माण की कुंजी है व्यक्ति निर्माण






**नुसरत जहां**
एजीए हाईकोर्ट लखनऊ बेंच

एक ओर राष्ट्रीय प्रतीक का चिन्ह और दूसरी ओर भारत माता का चित्र अंकित किए हुए सिक्के और डाक टिकट भारत के प्रधानमंत्री की ओर से स्मारक के तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सामाजिक स्थापना के सौ वर्ष पूरे हो जाने के उपलक्ष्य में जारी किया गया। इसका अर्थ है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारत मां के प्रति समर्पित है। भारत की सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराओं का संरक्षण व संवर्धन करने, राष्ट्र निर्माण के लिए अनुशासन, देशभक्ति तथा सेवाभाव से निरंतर कार्य करते हुए यह देश ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी तेजी से अपनी समृद्धता को विस्तार दे रहा है।

27 सितंबर 1925 को जब डॉ. केशवराम बलिराम हेडगेवार ने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी, तो शायद ही किसी ने सोचा होगा कि आगामी वर्षों में यह संगठन इतना प्रभावशाली बन जाएगा। भारत माता के प्रति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस अतुलनीय और अनुकरणीय योगदान को देखते हुए दिल्ली के लाल किले की प्राचीर से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर इसे विश्व का सबसे बड़ा गैर-सरकारी संगठन बताया। राष्ट्र प्रथम विचारधारा को लेकर चलते हुए आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कई आनुषंगिक संगठनों को साथ लेकर कार्य करते हुए अपने उद्देश्यों की पूर्ति में निरंतर अग्रसर है।

> जब भारत गुलामी का दंश झेल रहा था। भारत में सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों का ह्रास हो रहा था, जिसे देखकर भारत के बुद्धिजीवी वर्ग में चिंता थी। इन्हीं परिस्थितियों में संघ की स्थापना हुई।

संघ अपनी स्थापना का सफल शताब्दी वर्ष मना रहा है, तो लाजमी है कि उसके 100 वर्षों के कार्यों की एक छोटी सी झलक तो जानने की उत्सुकता तो होगी ही न। 1925 में जब संघ की स्थापना हुई, तो भारत गुलामी का दंश झेल रहा था। भारत में स्वतंत्रता आंदोलन चरम पर था। भारत में सांस्कृतिक एवं सामाजिक मूल्यों का ह्रास हो रहा था, जिसे देखकर भारत के बुद्धिजीवी वर्ग में चिंता थी। इन्हीं परिस्थितियों में संघ की स्थापना हुई और उसने अपना कार्य- राष्ट्र प्रथम का ध्येय लेकर भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक उत्थान और भारत के विकास के लिए कार्य करना प्रारंभ किया।

गांधीजी ने वर्धा में आरएसएस शिविर का दौरा किया, वहां स्वयंसेवकों के कठोर अनुशासन, सादगी से कार्यों को करते हुए देखा, छुआ-छूत की अनुपस्थिति से वे बहुत प्रभावित हुए। यह तथ्य उनके साप्ताहिक पत्र 'हरिजन' में प्रकाशित हुआ था। आजादी के समय जब भारत और पाकिस्तान का विभाजन हुआ, तो लोग विस्थापित हुए। हिंसा के दौरान कई लोगों की हत्या हुई और कई लोग घायल हुए। उन घायलों की सेवा, बिना भेदभाव शवों के अंतिम संस्कार, पीड़ितों को भोजन, चिकित्सा जैसे कार्यों को संघ के स्वयंसेवक पूरे मनोबल से कर रहे थे।

1947-48 में कबायली आक्रमण के दौरान शरणार्थियों को राहत कार्यों द्वारा मदद की गई। 1954 में स्वयंसेवकों ने दादरा और नागर हवेली को पुर्तगाली शासन से मुक्त कराने में अग्रणी भूमिका निभाई। पुर्तगाली सैनिकों की गोलाबारी में कई स्वयंसेवकों ने प्राण न्यौछावर किए। राष्ट्र के प्रति संघ के समर्पण को देखने के लिए केआर मलकानी द्वारा लिखित पुस्तक 'द आरएसएस स्टोरी' का अध्ययन किया जा सकता है।

आपातकाल के दौरान आरएसएस के हजारों स्वयंसेवकों ने सरकारी तानाशाही का विरोध खुलकर किया। कुछ कार्यकर्ता भूमिगत रहते हुए जनता के बीच प्रेस के माध्यम से अखबारों, पत्रिकाओं और पर्चों के जरिए सूचना का प्रचार-प्रसार करते थे। 'द इकॉनॉमिक' ने लिखा था कि इस आंदोलन की मुख्य ताकत जनसंघ और उससे जुड़े संगठन आरएसएस है, जो कि सदैव लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के प्रति संकल्पित है।


अगस्त 1967 में हिंदी दैनिक हिन्दुस्तान में प्रकाशित एक साक्षात्कार में प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अरुणा आसफ अली ने बताया कि मैंने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान अंग्रेजों से छिपने के लिए आरएसएस के दिल्ली संघचालक लाल हंसराज गुप्ता के घर शरण ली थी, जहां उन्होंने लगभग 15 दिनों तक उन्हें गोपनीय तरीके से रखा। वहां पर लालजी ने मेरी सुरक्षा का पूरा प्रबंध कर रखा था। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि किसी को भी मेरे उनके घर पर रहने की जानकारी न मिले। स्वाधीनता संग्राम में आरएसएस के स्वयंसेवकों की भूमिका और समर्पण को लेकर माणिक चंद्र वाजपेयी और श्रीधर पराडकर ने अपनी पुस्तक 'ज्योति जला निज प्राण की' में विस्तार से चित्रण किया है।

वर्तमान में आयोजित यह शताब्दी वर्ष कार्यक्रम छह सरसंघचालकों की साधना का प्रतिफल है। इसमें प्रथम सरसंघचालक एवं संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार हैं। माधव सदाशिव गोलवलकर द्वितीय सरसंघचालक हैं, जो गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध हैं। उन्हें संघ के प्रबल विस्तारण के रूप में जाना जाता है। वही अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा थे। तृतीय सरसंघचालक मधुकर दत्तात्रय देवरस, जिन्हें आदरपूर्वक बालासाहेब देवरस भी कहा जाता है, सेवा कार्यों का एक नवीन आयाम स्थापित किया। चतुर्थ सरसंघचालक प्रोफेसर राजेंद्र सिंह रज्जू भैया पहले ऐसे सरसंघचालक थे, जिन्होंने विदेश जाकर आरएसएस का व्यापक विस्तार किया। पंचम सरसंघचालक सीतारमैया सुदर्शन स्वदेशी के कट्टर समर्थक तथा भारत की संप्रभुता और सुरक्षा के प्रति बड़े सजग व प्रबल पक्षधर थे।

छठे एवं वर्तमान सरसंघचालक मोहन भागवत के कार्यकाल में आरएसएस शताब्दी वर्ष मना रहा है। मोहन भागवत जी समरसता और समावेशी समाज के पक्षधर हैं, जो व्यक्ति को धार्मिक पहचान से कहीं ज्यादा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के रूप में देखते हैं। दिल्ली और बंगलौर के सम्मेलन में दिया गया, उनका यह कथन बहुत प्रभावशाली है कि धर्म व्यक्तिगत पसंद का विषय है। इसमें किसी तरह का प्रलोभन या जोर जबरदस्ती नहीं होनी चाहिए। उनका आग्रह देश-समाज के सभी वर्गों और पंथों को साथ लेकर चलने का है।


email: nusratfahad8@gmail.com


### आमने



मोदी जी के चित्र फाड़ने से कोई भागीरथ नहीं बन सकता। भाजपा सिर्फ एक नेशनल पार्टी नहीं, बल्कि विश्व का सबसे बड़ा संगठन है और इस तरह के कृत्य निंदनीय हैं। मेरे बारे में कोई कुछ भी कहे, लेकिन मेरे भाई का इन गतिविधियों से कोई लेना-देना नहीं है।
**-डॉ. किरोड़ी लाल मीणा**
कृषि मंत्री, राजस्थान

### सामने



डाक बंगला किसी की बपौती नहीं है। न ही हमने वहां कोई पोस्टर हटाए। डाक बंगले की चाबी कहां रखी है? इसकी सूचना पहले ही दी जा चुकी थी। मैं खुद और दौसा सांसद डाक बंगला पहुंचे थे, लेकिन वहां ताला लगा मिला।
**-डीसी बैरवा**
कांग्रेस विधायक, राजस्थान

# ब्रिक्स: कई बाधाएं हैं पाकिस्तान-तुर्किए की राह में



**दिग्विजय सिंह**
कानपुर

भारत का दुश्मन पाकिस्तान और तुर्किए 11 देशों के समूह ब्रिक्स में शामिल होने को बेकरार है, लेकिन उनका यह सपना पूरा होता नहीं दिखा रहा है। ब्रिक्स में फिलहाल ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और इंडोनेशिया शामिल हैं। चीन चाहता है कि भारत इन देशों के समूह में शामिल होने की सहमति दे, लेकिन उसकी यह चाहत पूरी नहीं होगी, क्योंकि आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे पाकिस्तान और तुर्किए के लिए चीन चाहे जितना जोर लगा ले, बिना भारत की सहमति के वह सफल नहीं होगा। ब्रिक्स में किसी देश को तभी सदस्यता मिलती है, जब सभी देशों की सहमति हो। तुर्किए आमंत्रित सदस्य तो है, लेकिन पाकिस्तान को यह दर्जा भी नहीं मिला है। भारत शुरू से ही इन देशों की सदस्यता का विरोध करता आया है। भारत पहली जनवरी से ब्रिक्स की अध्यक्षता संभालेगा।

> आतंकी गतिविधियों को बढ़ावा दे रहे पाकिस्तान और तुर्किए के लिए चीन चाहे जितना जोर लगा ले, बिना भारत की सहमति के वह सफल नहीं होगा।

तुर्किए नाटो व यूरोपीय संघ पर अपनी निर्भरता को घटाना चाहता है। उसने यूरोपीय संघ में शामिल होने का बहुत प्रयास किया, लेकिन उसे इसमें भी सफलता नहीं मिली। नाटो देशों के साथ भी उसके संबंध अच्छे नहीं हैं। नाटो के साथ तनावपूर्ण संबंधों और यूरोपीय संघ में शामिल होने की इच्छा की पूर्ति न होने की वजह से ही वह ब्रिक्स का सदस्य बनना चाहता है। ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका भी नहीं चाहते कि तुर्किए को इस ग्रुप की सदस्यता मिले। इन देशों के भारत में समर्थन की वजह से भी चीन परेशान है।

भारत, तुर्किए की हर कदम पर मदद करता रहा है। प्राकृतिक आपदाओं के समय सर्वाधिक मदद भारत की तरफ से ही की जाती रही है, लेकिन जब भी मौका आया तुर्किए भारत के विरोध में खड़ा हुआ। कश्मीर के मुद्दे पर तो संयुक्त राष्ट्र संघ हो या अन्य कोई मंच हर जगह उसने पाकिस्तान का पक्ष लिया। उसने न सिर्फ ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान का साथ दिया, बल्कि उसे हथियार भी मुहैया कराया। ऑपरेशन सिंदूर की निंदा करने वाले देशों में तुर्किए आगे था। अब तो वह बांग्लादेश में भी भारत विरोधी गतिविधियों को हवा देने में लगा है। वहां पर आईएसआई की उपस्थिति कराने में अहम भूमिका निभाई है।

बांग्लादेश और पाकिस्तान की बीच सुलह का सूत्रधार भी तुर्किए के राष्ट्रपति को ही माना जाता है। यही वजह है कि भारत तुर्किए की राह में दीवार बनकर खड़ा है। इससे पहले भी भारत के विरोध के कारण तुर्किए को सदस्यता नहीं मिली थी। रही बात पाकिस्तान की तो भारत के रहते पाकिस्तान इस समूह का सदस्य कभी नहीं बन पाएगा। पाकिस्तान ने इसके लिए चीन की शरण ली है, पर चीन कुछ नहीं कर सकता। भारत के हाथ ब्रिक्स की अध्यक्षता आने से पाकिस्तान और तुर्किए तो परेशान हैं हीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के माथे पर भी बल आ गया है, क्योंकि भारत को अध्यक्षता उस समय मिल रही है, जब ट्रंप की अपरिपक्व व कठोर नीतियों के कारण भारत, चीन और रूस एक साथ आ गए हैं।

ब्राजील भी इन देशों के साथ मजबूती से खड़ा है। ट्रंप के टैरिफ हथियार की धार कमजोर करने में ब्राजील ने अहम भूमिका निभाई है। ट्रंप को डर है कि कहीं ब्रिक्स देश डॉलर के मुकाबले अपनी मुद्रा न लांच कर दें। अगर मुद्रा लांच होगी, तो इससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर बड़ी और करारी चोट होगी, हालांकि ब्रिक्स देशों ने नई मुद्रा लांच करने का कोई संकेत तो नहीं दिया है, लेकिन यह तय है कि समूह के सदस्य देश सौ प्रतिशत कारोबार डालर के बजाय खुद की मुद्रा में करने को राजी हैं। यह भी अमेरिका के लिए किसी झटके से कम नहीं होगा।


ब्रिक्स में शामिल देश कृषि क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने में जुटे हैं। खाद्य सुरक्षा को वैश्विक दक्षिण के लिए एक रणनीतिक प्राथमिकता के रूप में मान्यता दे रहे हैं। कृषि व्यापार, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, जलवायु-अनुकूल खेती और मूल्य श्रृंखला विकास में साझेदारी का विस्तार कर रहे हैं। ये कवायद अमेरिका को चुभ रही है। यही वजह है कि ट्रंप लगातार इन देशों पर सौ प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दे रहे हैं, हालांकि उनकी धमकी से 11 देशों वाले ब्रिक्स समूह को कोई फर्क पड़ता नजर नहीं आ रहा है।

अगस्त में ही भारत ने अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को चुनौती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया था। भारत द्वारा जारी आधिकारिक परिपत्र के तहत ब्रिक्स देशों को वह अपना 100% व्यापार भारतीय रुपये में करेगा। यह फैसला अमेरिका के लिए झटका था। बेलारूस, कजाकिस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, सऊदी अरब और बांग्लादेश भी चाहते हैं कि उन्हें ब्रिक्स की सदस्यता मिले। भारत ने बेलारूस, कजाकिस्तान, मलेशिया, थाईलैंड, सऊदी अरब की सदस्यता का विरोध नहीं किया है। अन्य देश भी इन देशों की सदस्यता को लेकर कोई विरोध नहीं कर रहे हैं। ऐसे में यह उम्मीद है कि पाकिस्तान और तुर्किए को छोड़ अन्य देशों को सदस्यता मिल सकती है।

### सोशल फोरम

## फिनलैंड की पूर्व राष्ट्रपति क्यों बनीं 'बेघर'





**कलम रंगदार**
ब्लॉगर

वह न तो कोई भिखारिन हैं और न ही कोई ऐसी शरणार्थी, जिसकी ज़िंदगी पूरी तरह बिखर चुकी हो। वह तार्या हालोनेन हैं- फिनलैंड की राष्ट्रपति, जिन्होंने 2000 से 2012 तक देश का नेतृत्व किया।

उनके राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान फिनलैंड दुनिया के सबसे बेहतरीन देशों में शामिल हो गया। शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और बुनियादी ढांचे के मामले में। फ़िनिश कंपनियां भी खूब फली-फूलीं। नोकिया, वार्त्सिला और सून्टो जैसे बड़े नाम लगातार सफल होते रहे। सिर्फ़ 55 लाख की आबादी और कड़ाके की ठंड के बावजूद, फिनलैंड मज़बूती से आगे बढ़ता रहा।

इस तस्वीर में पूर्व राष्ट्रपति सेकेंड-हैंड कपड़े पहने हुए हैं और सड़क पर घंटों बैठी दिखाई देती हैं। बिलकुल किसी बेघर इंसान की तरह। उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि वे खुद उस पीड़ा को महसूस कर सकें और दूसरों को भी गरीबों और शरणार्थियों की ज़िंदगी की कठिनाइयों को समझा सकें।

उन्होंने कहा, "मैं भी एक भिखारिन या शरणार्थी हो सकती थी, लेकिन किस्मत ने मुझे राष्ट्रपति बना दिया। यही वजह है कि जो लोग उतने खुशकिस्मत नहीं हो पाए, उनके लिए मेरे दिल में गहरी संवेदना है।"

**-फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## चार साल में सड़क ने लील लीं 7.77 लाख जिंदगी

हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने संसद में सड़क हादसों को लेकर जो कहा, वह केवल एक मंत्री का बयान नहीं था, बल्कि भावुक, विचलित और एक बेचैन इंसान की स्वीकारोक्ति भी थी कि सड़क हादसे ऐसी राष्ट्रीय त्रासदी है, जिसे हम ठीक से रोक नहीं पा रहे हैं। गडकरी का यह कहना कि अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर सड़क दुर्घटनाओं को लेकर सवाल उठते हैं, तो उन्हें शर्मिंदगी महसूस होती है। इस मामले में केवल सरकार की नहीं, बल्कि हमारी सामूहिक विफलता को प्रकट करती है।

सड़क हादसों के आंकड़े डराते हैं, लेकिन उनके पीछे छिपी मानवीय कहानियां उनसे भी ज्यादा डराती हैं। गडकरी ने जो जानकारी संसद में दी है, उसके अनुसार देश में हर साल लगभग 4.8 लाख सड़क दुर्घटनाओं होती हैं और इनमें 1.8 लाख से ज्यादा लोग मारे जाते हैं। इसका मतलब है कि हर दिन लगभग 485 लोग घर से निकलते हैं और फिर कभी लौटकर नहीं आते। कोई पिता ऑफिस जाते हुए मर जाता है। कोई बेटा कॉलेज जाते वक्त दम तोड़ देता है, तो कोई मां सब्जी लेने सड़क पार करते हुए दुनिया को अलविदा कह जाती है। सड़क पर होने वाली हर मौत के साथ एक परिवार टूट जाता है।



**अमरपाल सिंह वर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार

वर्ष 2018 से 2022 के बीच सड़क हादसों में 7.77 लाख से अधिक लोगों की जान जाना केवल एक आंकड़ा नहीं है। यह 7.77 लाख अधूरे सपने और ऐसा दुःख है जो अक्सर चुपचाप सह लिया जाता है। वर्ष 2024 में हादसों की संख्या बढ़कर लगभग 1.80 लाख तक पहुंच जाना यह सवाल खड़ा करता है कि क्या इस दर्द का कोई अंत नहीं है। सबसे पीड़ादायक सच यह है कि मरने वालों में सबसे बड़ी संख्या युवाओं की है। 18 से 34 वर्ष की उम्र में जब कोई अपने जीवन की दिशा तय कर रहा होता है और जब परिवार उससे उम्मीदें लगाए बैठा होता है, तब उसकी मौत का मतलब केवल एक व्यक्ति का मर जाना नहीं होता। सड़क हादसा सिर्फ उस एक व्यक्ति को नहीं मारता, वह पूरे परिवार का भविष्य छीन लेता है।

हम अक्सर हादसों के लिए तेज रफ्तार, लापरवाही, नशा आदि कारणों से ड्राइवर को दोष देते हैं। सही है हादसों के ये कारण भी हैं, लेकिन खराब सड़क डिजाइन, बिना संकेतक के बने कट, अंधे मोड़, अधूरी सर्विस लेन, कमजोर ट्रैफिक व्यवस्था भी हादसों के जिम्मेदार हैं। सिर्फ ड्राइवरों को दोष देने से सड़क हादसे नहीं रुकेंगे। जैसा कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री गडकरी ने कहा है, सड़क हादसों का सबसे बड़ा कारण अब भी लोगों की लापरवाही है। कई लोग आज भी हेलमेट पहनने से बचते हैं या फिर ट्रैफिक सिग्नल तोड़ते हैं, जबकि भारी जुर्माने का प्रावधान है। जब तक लोगों को सही ट्रेनिंग और जागरूकता नहीं मिलेगी, तब तक ये समस्या बनी रहेगी। हादसे रोकने के लिए हर कारण को दूर करने पर विचार करना होगा। हादसे के बाद मदद का समय पर नहीं पहुंचना भी हताहतों की तादाद बढ़ने का कारण है।। अगर सही समय पर इलाज मिल जाए तो कई जानें बच सकती हैं।

कई बार एंबुलेंस देर से पहुंचती है। लोग मदद करने से डरते हैं। अस्पतालों में व्यवस्था नहीं होती। कई लोग सड़क पर नहीं, बल्कि इलाज न मिलने से मर जाते हैं। हादसे रोकना केवल सरकार की नहीं, समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। लोग सीट बेल्ट नहीं लगाते। हेलमेट को बोझ समझते हैं। रेड लाइट तोड़ना सामान्य बात मानते हैं। जब तक सड़क सुरक्षा को हम अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं समझेंगे, तब तक कोई भी नीति पूरी तरह काम नहीं कर सकती। सड़क हादसे रोकने के लिए सामूहिक रूप से काम करना होगा। हर किसी को इसमें योगदान देने के लिए आगे आना चाहिए।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

**जौ**नपुर का शाही किला शहर से करीब दो किलोमीटर दूर गोमती नदी के किनारे शाही पुल के पास स्थित है। इस ऐतिहासिक किले का निर्माण फिरोज शाह तुगलक ने वर्ष 1362 में कराया था। यह वह समय था जब तुगलक वंश ने जौनपुर को एक मजबूत सैन्य व प्रशासनिक केंद्र का दर्जा दिया था। यह किला अपनी भव्यता और स्थापत्य कला के लिए मशहूर है। मुख्य द्वार के पास शौर्य का प्रतीक विजय स्तंभ, विशाल द्वार और मेहराब देखने लायक हैं। किले से गोमती नदी का मनोरम दृश्य देखा जा सकता है। जौनपुर की विरासत को दर्शाने के साथ शाही किला इतिहास प्रेमियों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है।

*- मनोज त्रिपाठी, कानपुर*



# जौनपुर का शाही किला

# ऐतिहासिक धरोहर, वास्तुकला की झलक

शाही किला अपनी मजबूत दीवारों, ऊंचे दरवाजों और सुरक्षा की दृष्टि से तैयार की गई गहरी खाई के लिए जाना जाता है। किले का मुख्य द्वार काफी बड़ा और नक्काशीदार है। प्रवेश द्वार की ऊंचाई 36 फुट है, इसके उपर एक विशाल गुंबद बना है। किले के भीतर का गेट 26.5 फुट ऊंचा और 16 फुट चौड़ा है। कभी किले के भीतर कई महल, बावड़ियां और खूबसूरत इमारतें थीं, लेकिन वर्तमान में कुछ ज्यादा नहीं बचा है। किले के भीतर एक मस्जिद और एक तुर्की हम्माम ही केवल दो प्रमुख संरचनाएं बची हैं। परिसर में एक दरगाह के साथ एक गेट जैसी संरचना भी है। हम्माम पर बने ऊंचे,नीचे गुंबद बहुत सुंदर ढंग से बनाए गए हैं। वर्तमान में किला एक संरक्षित इमारत है।

## राठौर राजाओं के मंदिरों और महलों की सामग्री का प्रयोग

शाही किला को कन्नौज के राठौर राजाओं के मंदिरों और महलों की सामग्री का उपयोग करके बनाया गया था। इस किले को अनेक शासकों द्वारा कई बार नष्ट किया गया। मुगल साम्राज्य के शासन के दौरान किले का व्यापक जीर्णोद्धार और मरम्मत की गई। इसकी वजह किले का सामरिक रूप में महत्वपूर्ण होना था। बाद में यह किला अवध के नवाबों के अधीन रहा, लेकिन ब्रिटिश शासन के समय इसकी स्थिति कमजोर होती गई।



## पत्थर की दीवारों से घिरा एक अनियमित चतुर्भुज

पूर्व में इसे केरार कोट किला कहते थे। किले का लेआउट पत्थर की दीवारों से घिरा एक अनियमित चतुर्भुज है। दीवारें उभरी हुई मिट्टी की दीवारों से घिरी हुई है। हालांकि मूल संरचनाओं के अधिकांश अवशेष खंडहर हालत में हैं या दफन हो चुके हैं। मुख्य द्वार पूर्व की ओर है। सबसे बड़ा आंतरिक द्वार 14 मीटर ऊंचा है। इसकी बाहरी सतह अशलर पत्थर से बनी है।

## बाहरी दीवारों पर सजावटी आले, मेहराबों के बीच नीले-पीले पत्थर

16 वीं शताब्दी में जौनपुर के गवर्नर मिनम खान के संरक्षण में मुगल सम्राट अकबर के शासनकाल के दौरान एक और बाहरी द्वार स्थापित किया गया था। इसे एक बगल की बुर्ज के आकार में डिजाइन किया गया है। बाहरी द्वार के मेहराबों के बीच के स्पैन्ड्रेल या रिक्त स्थान को नीले और पीले रंग के पत्थरों से सजाया गया था। बाहरी द्वार की दीवारों में सजावटी आले बनाए गए हैं। किले की संरचना में स्थापित गुंबदों के शीर्ष पर खुलने के कारण प्रकाश अंदर आता है।

## तुर्की शैली का हम्माम, मस्जिद निर्माण में हिंदू और बौद्ध शिल्प

किले के भीतर आदर्श तुर्की शैली का एक स्नानघर है, जिसे आमतौर पर हम्माम या भूलभुलैया के नाम से जाना जाता है। हम्माम आंशिक रूप से भूमिगत बना हुआ है, जिसमें इनलेट और आउटलेट चैनल, गर्म और ठंडा पानी और इसी तरह की अन्य सुविधाएं हैं। भीतर एक मस्जिद भी है। इब्राहिम बरबक द्वारा बनवाई गई इस मस्जिद के निर्माण में हिंदू एवं बौद्ध शिल्प कला की छाप साफ दिखाई पड़ती है। इसे जौनपुर शहर की सबसे पुरानी इमारत गिना जाता है। इसके बगल में 12 मीटर ऊंचा पत्थर का स्तंभ है, जिस पर एक फारसी शिलालेख खुदा हुआ है, जो मस्जिद के निर्माण की कहानी बताता है। मस्जिद में तिहरे मेहराब हैं और इसके ऊपर तीन निचले केंद्रीय गुंबद हैं।



रंग-तरंग

## खामोश पत्थरों में उतरता संगीत

इतिहास की किताबों में दर्ज कई इमारतें समय के साथ खामोश हो जाती हैं, लेकिन हैदराबाद के सिकंदराबाद स्थित 300 साल पुरानी बंसीलालपेट बावड़ी आज फिर से सांस ले रही है। कभी उपेक्षित और गुमनामी में डूबी यह ऐतिहासिक जल संरचना अब संगीत और कला के जरिए शहर की एक जीवंत सांस्कृतिक पहचान बन चुकी है। 'टैंगी सेशंस' नामक समूह की पहल ने इस बावड़ी को हर वीकेंड एक अनोखे सांस्कृतिक मंच में बदल दिया है। आम दिनों में शांत रहने वाली नक्काशीदार पत्थर की सीढ़ियां शनिवार और रविवार की शाम रोशनी से जगमगा उठती है। शाम 5:45 से रात 8 बजे तक ढलते सूरज की सुनहरी किरणें, बावड़ी की गहराई से आती ठंडी हवा और पानी में पड़ती रोशनी का




प्रतिबिंब मिलकर एक जादुई माहौल रचते हैं। दीवारों से टकराती संगीत की लहरें दर्शकों को इतिहास और वर्तमान के बीच एक रूहानी यात्रा पर ले जाती हैं। टैंगी सेशंस के संस्थापक अर्जुन का मानना है कि विरासत को सहेजने के लिए केवल ढांचे का संरक्षण पर्याप्त नहीं, बल्कि उसे जीवंत बनाए रखना जरूरी है। उनके अनुसार, जब लोग बार-बार ऐसे स्थलों पर सांस्कृतिक अनुभव के लिए आते हैं, तो वे केवल दर्शक नहीं रहते, बल्कि उस विरासत के संरक्षक बन जाते हैं। यह पहल दर्शाती है कि कला और संगीत पुराने स्मारकों को नई पीढ़ी से जोड़ने का सशक्त माध्यम बन सकते हैं। बंसीलालपेट बावड़ी आज सिर्फ एक ऐतिहासिक स्थल नहीं, बल्कि हैदराबाद की सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक बन चुकी है।

यहां होने वाले कार्यक्रमों की सूची काफी विविधतापूर्ण है। इसमें लोक संगीत, सूफी गायन, कविता पाठ, मुशायरे, थिएटर और आधुनिक रैप सेशंस भी शामिल होते हैं। आयोजक ध्वनि के स्तर (Acoustics) का विशेष ध्यान रखते हैं ताकि संगीत बावड़ी की गरिमा और शांति के साथ मेल खाए। अब तक यहां सूफी गायकों से लेकर वायलिन वादक अभिजीत गुरजले जैसे कलाकार अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ राहत इंदोरी और संजीता भट्टाचार्य जैसे नामचीन सितारे भी यहां शिरकत कर चुके हैं।


आर्ट गैलरी

## क्लाउड मोनेट की 'Bridge over a Pond of Water Lilies'



'वॉटर लिली के तालाब पर पुल' क्लाउड मोनेट की 1899 की मशहूर इंप्रेशनिस्ट ऑयल पेंटिंग है। इसमें फ्रांस के गिवर्नी में उनके वॉटर लिली गार्डन के ऊपर बनाया गया जापानी-स्टाइल का लकड़ी का पैदल पुल दिखाया गया है। इसमें चमकीले हरे, नीले और गुलाबी रंगों को एक्सप्रेसिव ब्रशस्ट्रोक के साथ इस्तेमाल किया गया है। यह पेंटिंग न्यूयार्क के मेट्रोपॉलिटन म्यूजियम ऑफ आर्ट के कलेक्शन का हिस्सा है।

### क्लाउड मोनेट के बारे में



ऑस्कर-क्लाउड मोनेट फ्रांसीसी चित्रकार थे। वह फ्रेंच इंप्रेशनिस्ट पेंटिंग के संस्थापक भी रहे। उनके पिता एडोल्फ मोनेट किराना व्यापारी थे। सबसे बड़े बेटे क्लाउड जब पांच बरस के थे, तो परिवार नॉर्मंडी तट पर ले हावरे के पास चला गया। उनका ज्यादातर समय समुद्र तटों पर बीता। यहीं से प्रकृति के प्रति उनकी नई सोच का जन्म हुआ। 15 साल की उम्र तक, मोनेट ने ले हावरे के कई स्थानीय लोगों के चारकोल कैरिकेचर बनाकर अपना नाम कमा लिया था। ये चित्र, जिन्हें वह 10-20 फ्रैंक में बेचते थे, उन पर 'ओ. मोनेट' के सिग्नेचर थे। वह इंप्रेशनिस्ट दर्शन के सबसे सुसंगत कलाकार थे। खासकर खुले आसमान के नीचे लैंडस्केप पेंटिंग के मामले में। 'इंप्रेशनिज्म' शब्द उनकी पेंटिंग इंप्रेशन, (इंप्रेशन, सनराइज) के शीर्षक से लिया गया है, जिसे 1874 में मोनेट और उनके सहयोगियों द्वारा सैलून डी पेरिस के विकल्प के रूप में आयोजित पहली स्वतंत्र प्रदर्शनियों में प्रदर्शित किया था। 1883 से, मोनेट गिवर्नी में रहते थे, जहां उन्होंने एक घर और प्रॉपर्टी खरीदी और एक बड़ा लैंडस्केपिंग प्रोजेक्ट शुरू किया, जिसमें लिली के तालाब शामिल थे, जो उनके सबसे मशहूर कामों का विषय बने। उन्होंने 1899 में वॉटर लिलीज की पेंटिंग बनाना शुरू किया, पहले जापानी पुल को मेन सब्जेक्ट बनाकर वर्टिकल व्यू में और बाद में बड़ी-बड़ी पेंटिंग्स की सीरीज में, जिसमें वह अपनी जिंदगी के अगले 20 साल लगातार व्यस्त रहे। मोनेट का निधन 5 दिसंबर, 1926 को 86 साल की उम्र में फेफड़ों की बीमारी से हुआ। उनकी इच्छा के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार छोटा और सादा रहा।

## रोमानिया की अनोखी परंपरा

नए साल का जश्न दुनियाभर में अलग-अलग अंदाज में मनाया जाता है। कहीं केक काटे जाते हैं, कहीं आतिशबाजी होती है, तो कहीं संगीत और नृत्य के साथ नए साल का स्वागत किया जाता है, लेकिन रोमानिया में नए साल का जश्न एक बिल्कुल अलग और अनोखी परंपरा के साथ मनाया जाता है, जिसे देखकर कोई भी हैरान रह जाए।

यहां लोग नए साल के अवसर पर भालुओं जैसी भारी-भरकम पोशाकें पहनकर सड़कों पर उतरते हैं और पारंपरिक नृत्य करते हैं। इस परंपरा को 'डांस ऑफ द बेयर' कहा जाता है, जो सदियों पुरानी लोक मान्यताओं से जुड़ी हुई है। माना जाता है कि भालू शक्ति, साहस और संरक्षण का प्रतीक होता है। भालू का यह नृत्य बुरी आत्माओं को दूर भगाने और आने वाले साल के लिए धरती को उपजाऊ व समृद्ध बनाने में सहायक माना जाता है। नृत्य के दौरान ढोल-नगाड़ों की तेज धुनें, रंग-बिरंगी वेशभूषा और सामूहिक उत्साह पूरे माहौल को जीवंत बना देते हैं। यह परंपरा न सिर्फ आस्था का प्रतीक है, बल्कि रोमानिया की सांस्कृतिक विरासत और लोक जीवन की गहराई को भी दर्शाती है।

परंपराएं दुनिया की



## फड़ चित्रकला: लोकआस्था की जीवंत परंपरा



फड़ चित्रकला राजस्थान की एक दुर्लभ और ऐतिहासिक लोककला है, जिसकी परंपरा लगभग 700 वर्षों से एक ही वंश में पीढ़ी-दर-पीढ़ी चली आ रही है। इसकी उत्पत्ति राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के पास स्थित शाहपुरा क्षेत्र में मानी जाती है। फड़ वस्तुत: एक विशाल स्क्रॉल पेंटिंग होती है, जिसमें स्थानीय देवी-देवताओं और लोकनायकों की विस्तृत धार्मिक कथाएं चित्रित की जाती हैं। इन चित्रों को चलती-फिरती या 'मोबाइल मंदिर' के रूप में देखा जाता था। रबारी जनजाति के पुजारी-गायक, जिन्हें भोपा और भोपी कहा जाता है, इन्हें अपने साथ गांव-गांव ले जाते थे।

लोकायन

रबारी जनजाति देवनारायणजी (विष्णु के अवतार) और लोकनायक पाबूजी की वीर गाथाओं को गायन और कथा-प्रस्तुति के माध्यम से जीवंत करते थे। सूर्यास्त के बाद फड़ को खोला जाता था और यह प्रस्तुति पूरी रात चलती रहती थी। स्थानीय बोली में 'फड़' का अर्थ 'मोड़ना' होता है, जो इस कला के स्वरूप को भी दर्शाता है। फड़ चित्रकला अत्यंत श्रमसाध्य और अनुशासनबद्ध प्रक्रिया से बनती है। इसे हाथ से बुने मोटे सूती कपड़े पर बनाया जाता है, जिसे पहले रातभर भिगोया जाता है ताकि धागे मजबूत हो सकें। इसके बाद चावल या गेहूं के आटे से बने स्टार्च से कपड़े को कड़ा किया जाता है, धूप में सुखाया जाता है और मूनस्टोन से रगड़कर सतह को चिकना व चमकदार बनाया जाता है।

इस कला की एक विशेषता इसका पूर्णतः प्राकृतिक होना है। रंग पत्थरों, फूलों, पौधों और जड़ी-बूटियों से तैयार किए जाते हैं। कलाकार इन्हें स्वयं बनाते हैं और गोंद व पानी के साथ मिलाकर कपड़े पर प्रयोग करते हैं। फड़ चित्रकला में पीला, नारंगी, हरा, भूरा, लाल, नीला और काला रंग प्रमुख रूप से दिखाई देते हैं। प्रत्येक रंग का प्रतीकात्मक उपयोग होता है- पीला प्रारंभिक रेखांकन और आभूषणों के लिए, नारंगी शरीर के अंगों के लिए, हरा वनस्पति के लिए, भूरा वास्तु संरचनाओं के लिए, लाल शाही वस्त्रों और सीमाओं के लिए, नीला जल व पर्दों के लिए, जबकि काला रंग अंत में रूपरेखा उभारने के लिए प्रयोग किया जाता है। इतनी सख्त पारंपरिक सीमाओं के कारण यह कला एक समय लुप्त होने की कगार पर पहुंच गई थी। ऐसे में प्रसिद्ध फड़ चित्रकार और पद्मश्री से सम्मानित श्री लाल जी जोशी ने 1960 में भीलवाड़ा में जोशी कला कुंज की स्थापना कर इस परंपरा को नया जीवन दिया। उन्होंने पहली बार परिवार के बाहर के कलाकारों को भी फड़ कला सिखाने का साहसिक कदम उठाया। उनके पुत्र गोपाल और कल्याण जोशी के नेतृत्व में यह प्रयास और विस्तृत हुआ और 1990 में इस संस्थान का नाम चित्रशाला रखा गया। आज तक चित्रशाला में 3,000 से अधिक कलाकार प्रशिक्षित हो चुके हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य केवल कला को जीवित रखना नहीं, बल्कि उसकी पारंपरिक तकनीकों और प्राकृतिक रंगों की जटिल प्रक्रियाओं को भी संरक्षित करना रहा है। फड़ चित्रकला केवल दृश्य सौंदर्य की कला नहीं, बल्कि सदियों पुरानी लोककथाओं, आस्था और सांस्कृतिक स्मृति का जीवंत दस्तावेज है। आधुनिक समय में ऐसी कलात्मक विरासतों को बढ़ावा देना आवश्यक है, क्योंकि यही भारत की लोकसंस्कृति और ऐतिहासिक चेतना को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाती हैं।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 2535, राज श्री 1800, फ़ॉर्चून कि. 2250, रविन्द्रा 2410, फॉर्चुन 13किग्रा 1980, जय जवान 1990, सचिन 2010, सूरज 1990, अवसर 1865, उजाला 1920, गृहणी 13 किग्रा 1855, क्लासिक (किग्रा) 2145, मोर 2185, चक्र टिन 2300, ब्लू 2085, आशीर्वाद मस्टर्ड 2300, स्वास्तिक 2490
**किराना :** हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 24500, लाल मिर्च 14000-18000, धनिया 9400-12000, अजवायान 13500-20000, मेथी 6000-8000 सौंफ 9000-13000, सोंठ 31000, (प्रतिकि0) लौंग 800-1000, बादाम 780-1080, काजू 2 पीस 840, किसमिस पीली 300-400, मखाना 800-1100
**चावल प्रति कु. :** डबल चाबी सेला 9600, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 4850, शर्बती स्टीम 5200, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8200, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1 किग्रा, 5 किग्रा) 10100, हरी पत्ती नेचुरल 9100, जेनिथ 8400, गलैक्सी 7400, सूमो 4000, गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4350,लाडली 4000
**दाल दलहन :** मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 12000-13400, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250-7450 मलका दाल, 7350-9200, मलका छांटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 7800-8500, मसूर दाल छोटी 10000-11600, दाल उड़द दिल्ली 10300, उड़द साबुत दिल्ली 9900, उड़द धोवा इंदौर 11800, उड़द धोवा 9800-10400,चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7200, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7700, चना अकोला 6600, डबरा 6700-8800, सच्चा हीरा 8500, मोटा हीरा 9900, अरहर गोला मोटा 7700, अरहर पटका मोटा 8000, अरहर कोरा मोटा 8500, अरहर पटका छोटा 10000-10600, अरहर कोरी छोटी 11000
**चीनी :** पीलीभीत 4280, बहेड़ी 4220

## हल्द्वानी मंडी

**चावल :** शरबती- 3500, मसूरी- 950, बासमती- 5200, परमल- 1100
**दाल दलहन :** काला चना- 2400, साबुत चना दाल- 2000, मूंग साबुत- 4500, राजमा- 8500-11500, दाल उड़द- 5400, साबुत मसूर दाल- 3000, मसूर दाल- 2600, उड़द साबुत- 4800, काबुली चना- 8000, अरहर दाल- 10000, लोबिया/करमानी- 1100

# अश्लील और गैरकानूनी सामग्री पर कार्रवाई करें वर्ना भुगतने पड़ेंगे नतीजे

## केंद्र ने ऑनलाइन मंचों और सोशल मीडिया कंपनियों को जारी की चेतावनी

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्र ने ऑनलाइन मंचों विशेषकर सोशल मीडिया कंपनियों को आगाह किया कि यदि वे अश्लील, अभद्र, बाल यौन शोषण से जुड़ी और अन्य प्रकार की गैरकानूनी सामग्री पर कार्रवाई करने में विफल रहते हैं तो उन्हें कानूनी परिणामों का सामना करना पड़ेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 29 दिसंबर 2025 को जारी चेतावनी में सोशल मीडिया कंपनियों से अपने अनुपालन ढांचे की तत्काल समीक्षा करने और अपने मंच पर अश्लील एवं गैरकानूनी सामग्री के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। साथ ही कहा कि ऐसा करने में विफल रहने पर उन्हें देश के कानून के तहत मुकदमे का सामना करना पड़ सकता है।

केंद्र सरकार की ओर से कहा गया है कि सोशल मीडिया मध्यस्थों सहित मध्यस्थों को याद दिलाया जाता है कि वे सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 79 के तहत वैधानिक रूप से बाध्य हैं कि वे अपने मंचों पर या उनके माध्यम से अपलोड, प्रकाशित, होस्ट, साझा या प्रसारित की गई तृतीय-पक्ष की जानकारी के संबंध में दायित्व से छूट प्राप्त करने की शर्त के रूप में उचित सावधानी बरतें। यह चेतावनी ऐसे समय जारी की गई है कि जब इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने यह पाया कि सोशल मीडिया मंच अश्लील, भद्दी, अनुचित और गैरकानूनी सामग्री पर सख्ती से कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। केंद्र ने दोहराया है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और/या सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 के प्रावधानों का पालन नहीं करने पर मध्यस्थों, मंचों तथा उनके उपयोगकर्ताओं के खिलाफ आईटी अधिनियम, भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) और अन्य लागू आपराधिक कानूनों के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

सरकार ने सोशल मीडिया कंपनियों को आईटी अधिनियम व आईटी नियम, 2021 के उन प्रावधानों की भी याद दिलाई है जिनके तहत ऑनलाइन मंचों को यह सुनिश्चित करने के लिए यथोचित प्रयास करने होते हैं कि उनके कंप्यूटर संसाधनों का उपयोग करने वाले लोग ऐसी कोई जानकारी होस्ट, प्रदर्शित, अपलोड, संशोधित, प्रकाशित, प्रसारित, संग्रहित, अद्यतन या साझा न करें जो अश्लील (पोर्नोग्राफिक), बाल यौन शोषण से जुड़ी (पीडोफिलिक), बच्चों के लिए हानिकारक या अन्यथा गैरकानूनी हो। मंत्रालय ने कहा कि उसके संज्ञान में यह आया है कि मध्यस्थों द्वारा उचित परिश्रम संबंधी दायित्वों के पालन में अधिक निरंतरता एवं सख्ती की आवश्यकता है।

### तय समय के भीतर हटाएं गैरकानूनी सामग्री

आईटी मंत्रालय ने मध्यस्थों से कहा कि वे अदालत के आदेश या उपयुक्त सरकार या उसकी अधिकृत एजेंसी से प्राप्त सूचना पर गैरकानूनी सामग्री को तुरंत हटाएं या उस तक पहुंच निष्क्रिय करें। यह कार्रवाई आईटी नियम, 2021 में निर्धारित समयसीमा के भीतर सख्ती से की जाए। आईटी नियम, 2021 के तहत अनिवार्य है कि यदि किसी व्यक्ति की ओर से शिकायत की जाती है और सामग्री प्रथमदृष्टया किसी को यौन कृत्य या आचरण में दर्शाती है या उसका प्रतिरूपण है तो मध्यस्थ 24 घंटे के भीतर ऐसी सामग्री को हटाएं या उस तक पहुंच निष्क्रिय करें। ऑनलाइन मंचों से अपने आंतरिक अनुपालन ढांचे, सामग्री नियंत्रण प्रक्रियाओं और उपयोगकर्ता प्रवर्तन तंत्र की तत्काल समीक्षा करने तथा आईटी अधिनियम व आईटी नियम, 2021 के प्रावधानों का सख्त पालन सुनिश्चित करने को भी कहा गया है।

# उतार-चढ़ाव के बाद सेंसेक्स-निफ्टी में मामूली गिरावट

**मुंबई।** विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को प्रमुख सूचकांक दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद मामूली गिरावट के साथ बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 20.46 अंक (0.02%) गिरकर 84,675.08 अंक पर बंद हुआ। यह ऊपर 84,806.99 अंक और नीचे 84,470.94 अंक तक गया। एनएसई का निफ्टी-50 सूचकांक भी 3.25 अंक यानी 0.01 प्रतिशत टूटकर 25,938.85 अंक पर आ गया। मझौली और छोटी कंपनियों में बिकवाली ज्यादा देखी गई। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.22 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.28 फीसदी नीचे बंद हुआ। धातु, बैंकिंग और ऑटो सेक्टरों में लिवाली की जोर रहा। वहीं, रियलिटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, आईटी, रसायन और स्वास्थ्य समूहों में बिकवाली हावी रही।

# भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात घटा, 2022 के बाद सबसे निचला स्तर

नई दिल्ली, एजेंसी

- नवंबर में 18.4 लाख बीपीडी था, दिसंबर में रह गया 12 लाख

दिसंबर में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात तेजी से घट सकता है लेकिन यह गिरावट आपूर्ति स्रोतों में किसी संरचनात्मक बदलाव के बजाय अल्पकालिक बाधाओं की ओर इशारा करती है।

ताजा आंकड़ों का विश्लेषण करने वाली कंपनी केप्लर के अनुसार दिसंबर में भारत का रूस से कच्चे तेल का आयात घटकर लगभग 12 लाख बैरल प्रतिदिन (बीपीडी) रहने का अनुमान है, जो नवंबर में 18.4 लाख बीपीडी था। यह स्तर दिसंबर 2022 के बाद सबसे निचला होगा। भारतीय रिफाइनरी गैर-प्रतिबंधित इकाइयों से रूसी कच्चे तेल की खरीद जारी रखे हुए हैं। विश्लेषकों ने अक्टूबर में ही इस गिरावट की ओर इशारा किया था। ऐसा रूस के शीर्ष निर्यातकों रोसनेफ्ट और लुकोइल पर अमेरिकी कार्रवाई तथा रूस से जुड़े उत्पाद प्रवाह पर यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों के चलते हुआ।

केप्लर के प्रमुख शोध विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, दिसंबर में भारत में रूसी कच्चे तेल की मांग तेजी से सुस्त हुई और आयात 2022 के बाद सबसे निचले स्तर पर आ गया है। प्रमुख रिफाइनरी ने रोसनेफ्ट और लुकोइल पर लगे प्रतिबंधों के बाद खरीद घटा दी है। यह एक अल्पावधि का समायोजन है और जनवरी से नए बिचौलियों के आने तथा आपूर्ति श्रृंखलाओं के दोबारा स्थापित होने के साथ धीरे-धीरे सुधार की उम्मीद है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है और वह यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार बन गया था।

# पाइपलाइन शुल्क ढांचे में सुधार के बाद सीएनजी-पीएनजी कीमतें घटनी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



- आने वाले दिनों में कई शहरी गैस कंपनियां घटा सकती हैं कीमतें

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) की तरफ से पाइपलाइन शुल्क ढांचे में किए गए सुधार का सीधा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचने लगा है। शहरी गैस वितरक कंपनियों ने सीएनजी और घरों तक पाइप से पहुंचाई जाने वाली रसोई गैस की कीमतों में कटौती शुरू कर दी है।

पीएनजीआरबी ने 16 दिसंबर को प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के लिए एक युक्तिसंगत और एकीकृत शुल्क ढांचे की घोषणा की थी। यह नया ढांचा एक जनवरी, 2026 से लागू होने वाला है। इस फैसले के बाद थिंक गैस कंपनी ने कई राज्यों में गैस कीमतें घटाने की घोषणा कर दी है और आने वाले दिनों में कई अन्य शहरी गैस वितरक कंपनियों के ऐसा करने की संभावना है। नियामक का कहना है कि नए ढांचे से गैस परिवहन प्रणाली अधिक सरल, न्यायसंगत और किफायती बनेगी। प्राकृतिक गैस का इस्तेमाल बिजली उत्पादन, उर्वरक निर्माण, सीएनजी और घरेलू रसोई ईंधन के रूप में किया जाता है।

संशोधित शुल्क व्यवस्था के तहत दूरी आधारित शुल्क क्षेत्रों की संख्या तीन से घटाकर दो कर दी गई है। ये दो शुल्क क्षेत्र 300 किलोमीटर तक और उससे अधिक दूरी के हैं। सीएनजी और घरेलू पीएनजी उपभोक्ताओं के लिए अब पूरे देश में एकसमान, कम दर वाला जोन-1 शुल्क ही लागू होगा। यह दर लगभग 54 रुपये प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट है, चाहे गैस स्रोत की दूरी कुछ भी हो। इससे पहले लंबी दूरी वाली गैस पर अधिक शुल्क वसूला जाता था। शुल्क कटौती के बाद शहरी गैस वितरण से जुड़ी कंपनी थिंक गैस ने उत्तर प्रदेश, बिहार और पंजाब में सीएनजी की कीमतों में 2.50 रुपये प्रति किलोग्राम तक और घरेलू पीएनजी में लगभग तीन रुपये प्रति मानक घन मीटर की कटौती की घोषणा की है।

# वित्तीय विवरण, वार्षिक रिटर्न दाखिल करने के लिए एक महीना और मिला

- कंपनियां अब 31 जनवरी तक दाखिल कर सकेंगी अपना वार्षिक रिटर्न

**नई दिल्ली।** कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय (एमसीए) ने मंगलवार को कंपनियों के लिए वित्तीय विवरण और वार्षिक रिटर्न दाखिल करने की समयसीमा 31 जनवरी, 2026 तक बढ़ा दी। यह विस्तार कंपनी कानून के तहत वित्त वर्ष 2024-25 से संबंधित फाइलिंग के लिए दिया गया है। पहले यह समयसीमा 31 दिसंबर को समाप्त होने वाली थी।

मंत्रालय ने यह फैसला विभिन्न हितधारकों से मिले आवेदनों को ध्यान में रखते हुए लिया है। कई कंपनियों और पेशेवरों ने फाइलिंग प्रणाली से जुड़ी तकनीकी और प्रक्रियागत समस्याओं की ओर मंत्रालय का ध्यान दिलाया था। मंत्रालय ने एक परिपत्र में कहा, हितधारकों से मिले आवेदनों को देखते हुए सक्षम प्राधिकारी ने यह निर्णय लिया है कि कंपनियों को वित्त वर्ष 2024-25 से संबंधित अपनी वार्षिक फाइलिंग 31 जनवरी 2026 तक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के पूरी करने की अनुमति दी जाए। परिपत्र के अनुसार, अतिरिक्त शुल्क के बगैर दाखिल किए जा सकने वाले ई-फॉर्म में एमजीटी-7, एमजीटी-7ए, एओसी-4, एओसी-4 सीएफएस, एओसी-4 एनबीएफसी (इंड एएस), एओसी-4 सीएफएस एनबीएफसी (इंड एएस) और एओसी-4 (एक्सबीआरएल) शामिल हैं।

# रिलायंस के लिए कार्यबल में दस गुना उत्पादकता बढ़ाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने रिलायंस एआई घोषणा पत्र का मसौदा पेश किया। इसमें समूह को एआई आधारित उन्नत प्रौद्योगिकी उद्यम बनाने की महत्वाकांक्षी योजना है। साथ ही छह लाख से अधिक कर्मचारियों की उत्पादकता में दस गुना सुधार करने तथा भारत की अर्थव्यवस्था पर 10 गुना प्रभाव डालने का लक्ष्य रखा गया है।

एआई को मानव इतिहास का सबसे प्रभावशाली तकनीकी विकास बताते हुए अंबानी ने कहा कि उनका समूह भारत की एआई क्रांति का नेतृत्व करना चाहता है, ठीक वैसे ही जैसे उसने डिजिटल रूपांतरण का किया था। समूह का संकल्प हर भारतीय के लिए आसानी से एआई उपलब्ध कराना है, जिसमें सुरक्षा, भरोसा और जवाबदेही सुनिश्चित करते हुए सभी व्यवसायों में एआई को गहराई से समाहित किया जाएगा।

# नया साल... नए नियम

## कल से होगा बदलाव, जेब पर पड़ेगा असर

एक जनवरी 2026 से बैंकिंग, सैलरी, टैक्स और घर के खर्च से जुड़े कई बदलाव लागू होंगे जो जो आम लोगों की जेब और रोजमर्रा की जिंदगी पर सीधा असर डालेंगे। बैंकिंग से लेकर किसानों की योजनाओं और घरेलू बजट तक काफी कुछ नया आने वाला है। कहा जा रहा है कि ये बदलाव दिशा-निर्देशों को मजबूत बनाने और लोगों को राहत देने के लिए हैं।



### बैंकिंग में होंगे कई नए बदलाव, सीधा जेब पर पड़ेगा असर

- प्रमुख बदलाव क्रेडिट स्कोर में होगा। अब क्रेडिट ब्यूरो ग्राहकों का डेटा हर हफ्ते अपडेट करेंगे जो पहले हर 15 दिन में होता था। यानी लोन की ईएमआई समय पर चुकाने क्रेडिट स्कोर जल्दी बेहतर दिखेगा। इससे लोन मिलना आसान होगा और ब्याज दरें भी प्रभावित होंगी।
- कर्ज लेने वालों को भी नए साल में थोड़ी राहत मिल सकती है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक और एचडीएफसी बैंक जैसे बड़े बैंक पहले ही लोन की ब्याज दरें कम कर चुके हैं। जनवरी से फिक्स्ड डिपॉजिट की नई दरें भी लागू होंगी। इससे आपकी बचत बढ़ेगी।
- बदलने जा रहे नियमों में एक और महत्वपूर्ण नियम पैन और आधार को लिंक करने का है। ज्यादातर बैंकिंग और सरकारी सेवाओं के लिए दोनों को लिंक करना अनिवार्य हो जाएगा। अगर ऐसा नहीं किया तो खाते बंद किए जा सकते हैं या सेवाएं भी रोकी जा सकती हैं।
- डिजिटल पेमेंट पर भी नजर रखी जाएगी। यूपीआई ट्रांजेक्शन पर बैंक जांच बढ़ाएंगे। साथ ही व्हाट्सएप, टेलीग्राम और सिग्नल जैसे एप्स के लिए सिम वेरिफिकेशन के नियम सख्त होंगे। यह कदम उठाने के पीछे धोखाधड़ी रोकने का मकसद बताया जा रहा है।

### वेतन और मजदूरी में बदलाव

- सातवें वेतन आयोग की अवधि 31 दिसंबर 2025 को खत्म हो रही है, इसलिए आठवां वेतन आयोग 1 जनवरी 2026 से लागू होने की उम्मीद है।
- महंगाई भत्ते में भी जनवरी से बढ़ोतरी होने की संभावना है, जो कुछ राहत देगी। कुछ राज्यों में मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी की समीक्षा हो सकती है।

### यूनिक फार्मर आईडी होगी जरूरी

- उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में पीएम-किसान की किस्त पाने के लिए यूनिक फार्मर आईडी जरूरी हो जाएगी। बिना इसके पेमेंट रुक सकता है या देरी हो सकती है।
- पीएम किसान फसल बीमा योजना में अब जंगली जानवरों से हुए नुकसान को भी कवर किया जाएगा। लेकिन इसके लिए रिपोर्ट 72 घंटे के अंदर देनी होगी।

### ईंधन की कीमतों में बदलाव

- घर का बजट प्रभावित हो सकता है। 1 जनवरी से एलपीजी, कमर्शियल गैस और एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतें बदलेंगी। इससे रसोई का खर्च और हवाई यात्रा की टिकट महंगी या सस्ती हो सकती हैं।

# सरकार ट्रेजरी बिलों के जरिए 3,84,000 करोड़ रुपये जुटाएगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने चालू वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च 2026) के लिए 3,84,000 करोड़ रुपये के ट्रेजरी बिलों की नीलामी का कैलेंडर जारी किया है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि ये ट्रेजरी बिल 91 दिन, 182 दिन और 364 दिन की मियादों के साथ अलग-अलग मूल्य के लिए जारी किए जाएंगे। पहली नीलामी 7 जनवरी 2026 और उसके बाद 25 मार्च तक हर सातवें दिन होगी। कैलेंडर के मुताबिक, पहले पांच सप्ताह तीनों मियादों को मिलाकर कुल 29-29 हजार करोड़ रुपये के टी-बिल की नीलामी होगी।

# गूगल यूजर डेटा खोए बिना बदल सकेंगे जीमेल आईडी

नई दिल्ली, एजेंसी




- कंपनी चरणबद्ध ढंग से लागू कर रही है ये नया फीचर

गूगल खाताधारक अब अपनी प्राथमिक 'एट जीमेल डॉट कॉम' ईमेल आईडी को नई आईडी में बदल सकेंगे, इसके साथ उनके मौजूदा खाते का सारा डेटा सुरक्षित रहेगा। प्रौद्योगिकी दिग्गज गूगल ने इस फीचर को चरणबद्ध तरीके से जारी करना शुरू कर दिया है।

यह अपडेट फिलहाल गूगल के आधिकारिक सपोर्ट पेज के कुछ भाषा संस्करणों पर दिखाई दे रहा है। इसके अनुसार, खाते में सेव किया गया फोटो, संदेश और ईमेल जैसा डेटा नई जीमेल आईडी पर जाने के बाद भी पूरी तरह अप्रभावित रहेगा। गूगल की वेबसाइट के मुताबिक, गूगल खाते से जुड़े ईमेल पता का उपयोग आप गूगल की सेवाओं में साइन इन करने के लिए करते हैं। यह ईमेल पता आपको और दूसरों को आपके खाते की पहचान करने में मदद करता है। यदि आप चाहें, तो आप अपने गूगल खाते का वह ईमेल पता जो ''जीमेल डॉट कॉम'' पर खत्म होता है, उसे नए जीमेल डॉट कॉम ईमेल पते में बदल सकते हैं।

कहा गया है, गूगल खाते में पुराना 'जीमेल डॉट कॉम' वाला ईमेल पता एक एलियस के रूप में सेट कर दिया जाएगा। आपके खाते में सेव किया गया डेटा, जिसमें फोटो, संदेश और पुराने ईमेल पते पर भेजे गए ईमेल शामिल हैं, प्रभावित नहीं होंगे।

### नई-पुरानी दोनों आईडी का कर सकेंगे उपयोग

यूजर पुराने या नए, दोनों ईमेल पतों का उपयोग करके जीमेल, मैप्स, यूट्यूब और ड्राइव जैसी गूगल सेवाओं में साइन इन कर सकेंगे। इसे चरणों में लागू किया जा रहा है। नया जीमेल पता बनाने के बाद अगले 12 महीनों तक कोई और नया पता नहीं बनाया जा सकेगा, हालांकि पुराने पते का उपयोग किया जा सकता है। यह जानने के लिए कि फीचर खाते में सक्रिय है या नहीं, इसके लिए यूजर गूगल अकाउंट की 'पर्सनल इन्फॉर्मेशन' श्रेणी में 'ईमेल' खंड देख सकते हैं।

# सीओएआई का नवी मुंबई हवाई अड्डे पर नेटवर्क की मंजूरी न देने का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

- एकाधिकार का मुद्दा उठाया, शुल्क भी अत्यधिक लगाने का आरोप

दूरसंचार कंपनियों के संगठन सीओएआई ने हाल ही में शुरू हुए नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 'राइट ऑफ वे' (आरओडब्ल्यू) की अनुमति न दिए जाने और अत्यधिक शुल्क लगाए जाने के मुद्दे पर मंगलवार को दूरसंचार विभाग से दखल देने की मांग की। अदाणी समूह के स्वामित्व वाले हवाई अड्डे ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वह दरों के मामले में किसी भी तरह के 'कार्टेल' के दबाव में नहीं आएगा।

आरओडब्ल्यू का मतलब सार्वजनिक एवं निजी परिसरों में दूरसंचार अवसंरचना की तैनाती और संचालन से जुड़े अधिकारों और नियमों से है। इसके बगैर किसी भी संपत्ति पर दूरसंचार नेटवर्क का विस्तार कर पाना संभव नहीं है। दूरसंचार सचिव को लिखे पत्र में सीओएआई ने कहा कि वैधानिक आरओडब्ल्यू ढांचे का पालन सुनिश्चित करने, प्रतिस्पर्धी तटस्थता बनाए रखने और यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए दूरसंचार विभाग का हस्तक्षेप जरूरी है। सीओएआई के मुताबिक, भारती एयरटेल, रिलायंस जियो और वोडाफोन आइडिया ने हवाई अड्डा परिसर में निर्बाध 4जी और 5जी सेवाएं देने के लिए आईबीएस नेटवर्क स्थापित करने की अनुमति मांगी थी लेकिन दूरसंचार अधिनियम, 2023 और आरओडब्ल्यू नियम, 2024 के विपरीत मंजूरी नहीं दी गई।

संगठन ने डीओटी से आरओडब्ल्यू की अनुमति देने और कथित एकाधिकार व्यवस्था की जांच की मांग की है। इन आरोपों पर नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (एनएमआईए) ने कहा कि मोबाइल नेटवर्क के लिए आईबीएस अवसंरचना व्यक्तिगत दूरसंचार कंपनियों के साथ कई दौर की बातचीत के बाद स्थापित की गई है और सरकारी कंपनी बीएसएनएल पहले से ही परीक्षण के उन्नत चरण में है।

# इंडिगो को मिला 458.26 करोड़ रुपये का जीएसटी नोटिस

**नई दिल्ली।** निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो को जीएसटी विभाग से 458.26 करोड़ रुपये के जुर्माने का नोटिस मिला है। दिसंबर के पहले सप्ताह में बड़ी संख्या में उड़ानें रद्द करने के बाद कंपनी को केंद्रीय जीएसटी से जुड़ा यह दूसरा नोटिस है।

एयरलाइंस ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि उसे दक्षिणी दिल्ली कमिश्नरेट में केंद्रीय जीएसटी के अतिरिक्त आयुक्त से 29 दिसंबर को यह नोटिस प्राप्त हुआ है। इसमें 4,58,26,16,980 रुपये का जीएसटी, ब्याज और जुर्माना भरने के लिए कहा गया है। यह मांग वित्त वर्ष 2018-19 से 2022-23 की अवधि के लिए है। जीएसटी विभाग ने इस नोटिस में विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से प्राप्त मुआवजे पर जीएसटी के साथ ब्याज और जुर्माने की मांग की है। साथ ही कंपनी द्वारा लिए गए इनपुट टैक्स क्रेडिट को भी अवैध बताया है।

एयरलाइंस ने कहा है कि जीएसटी विभाग की ओर से जारी आदेश त्रुटिपूर्ण और कानून के खिलाफ है। उसने कहा है कि वह इसे चुनौती देगी और समुचित वैधानिक उपाय करेगी। कंपनी ने बताया है कि वित्त वर्ष 2017-18 के लिए इसी तरह के एक नोटिस के खिलाफ उसने अपील की है। इससे पहले, दक्षिणी दिल्ली कमिश्नरेट की तरफ से ही कंपनी को 11 दिसंबर को 58.75 करोड़ रुपये का जुर्माना भरने का नोटिस दिया गया था।

**पर्यटन में पिछड़ापन** | क्रिसिल की रिपोर्ट में यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक 2024 के हवाले से जारी किए गए आंकड़े

# सुरक्षा, सफाई और नीतियों की कमी के कारण भारत नहीं आते विदेशी पर्यटक

नई दिल्ली, एजेंसी



भारत में पर्यटन के लिए प्रचुर प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक संसाधन मौजूद होने के बावजूद बुनियादी ढांचों की कमी के कारण भारत विदेशी सैलानियों को लुभाने के मामले में पिछड़ रहा है। बाजार अध्ययन एजेंसी क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट में यात्रा एवं पर्यटन विकास सूचकांक 2024 के हवाले से बताया गया है कि पर्यटन के लिए सांस्कृतिक और प्राकृतिक संसाधनों के मामले में भारत दुनिया में सातवें स्थान पर है लेकिन अनुकूल परिवेश के मामले में उसका नंबर 102 है जिसकी वजह यहां सुरक्षा, सफाई और नियामक नीतियों में निरंतरता की कमी है।

रिपोर्ट के मुताबिक पर्यटकों के लिए सुविधाओं के मामले में खामियों के कारण ही यहां उस अनुपात में पर्यटक नहीं आते जितने आने चाहिए। बुनियादी ढांचा और सेवाओं के मामले में भारत 52वें स्थान पर है। इसमें सीमित होटल क्षमता, अंतिम बिंदु तक संपर्क साधनों की कमी और अल्पविकसित सर्किटों को रेखांकित किया गया है। यात्रा एवं पर्यटन में पर्यावरण का ख्याल रखने के मामले में भारत को 78वां स्थान प्राप्त है और कई लोकप्रिय स्थलों पर भीड़भाड़ की समस्या भी है। क्रिसिल इंटेलिजेंस का कहना है कि देश के पर्यटन क्षेत्र में 90 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का है जिनमें होटल, होमस्टे, हस्तशिल्प, खाने-पीने के आउटलेट, स्थानीय गाइड, टूर ऑपरेटर और परिवहन सेवा देने वाले शामिल हैं। इससे स्पष्ट है कि पर्यटन बढ़ने से स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के साधन बढ़ते हैं।

### पिछले साल 294 करोड़ पर्यटकों में एक प्रतिशत से भी कम आए विदेशी

साल 2024 में देश में पर्यटकों की संख्या करीब 294 करोड़ रही जिसमें 99 .3 प्रतिशत घरेलू और मात्र 0 .7 प्रतिशत विदेशी थे। भारत की जीडीपी में पर्यटन की हिस्सेदारी महज 5 .2 प्रतिशत है जबकि वैश्विक और दक्षिण-पूर्व एशिया में यह औसत 10-10 प्रतिशत है। यूरोप का औसत 9 .6 प्रतिशत और उत्तरी अमेरिका का 8 .9 प्रतिशत है। साल 2024 में 2 .06 करोड़ विदेशी सैलानी भारत आए और इस मामले में हमारी हिस्सेदारी 1 .4 प्रतिशत रही। फ्रांस में 2024 में विदेशी पर्यटकों की संख्या 10 .2 करोड़ (6 .96 प्रतिशत), स्पेन में 8 .9 करोड़ (6 .08 प्रतिशत), अमेरिका में 6 .65 करोड़ (4 .54 प्रतिशत), तुर्की में 5 .99 करोड़ (4 .09 प्रतिशत) और इटली में 5 .7 करोड़ (3 .89 प्रतिशत) रही। हालांकि पिछले सालों में भारत में पर्यटन से आय बढ़ी है।

### विदेश में भारतीय पर्यटक दुनिया में सबसे ज्यादा खर्च करने वालों में

रिपोर्ट में कहा गया है कि विदेश जाने वाले भारतीय पर्यटक दुनिया के सबसे ज्यादा खर्च करने वालों में गिने जाते हैं। वे सर्वाधिक खर्च लग्जरी, लीजर और दिल को छू लेने वाले अनुभवों पर खर्च करते हैं। इन पर्यटकों को देश में ही उसी तरह के अनुभव प्रदान करके पर्यटन क्षेत्र की कमाई में काफी इजाफा किया जा सकता है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, साल 2023-24 में भारतीयों ने विदेश यात्राओं पर 17 अरब डॉलर खर्च किए। क्रिसिल इंटेलिजेंस ने बुनियादी ढांचा और संपर्क साधनों को खामियों को दूर करने, विश्व स्तरीय गंतव्यों के लिए कार्यक्रम तैयार करने, यात्रा और देश में प्रवेश को आसान बनाने, पर्यटक स्थलों पर प्रबंधन और सुरक्षा बेहतर करने और स्वच्छता तथा पर्यावरण का ख्याल रखने का सुझाव दिया है।

# जिया के कार्यकाल में भारत-बांग्लादेश के बीच संबंध रहे जटिल और तनावपूर्ण

नई दिल्ली, एजेंसी

- बांग्लादेश में लोकतंत्र की बहाली में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

भारत के दो पूर्व राजनयिकों ने कहा कि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया का राजनीतिक उत्थान, उथल-पुथल भरे सैन्य शासन के बाद लोकतंत्र की पुनः स्थापना के प्रति देश की दृढ़ता का प्रतीक था और साथ ही उन्होंने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी को भी मजबूती दी, जो उनके पति की मृत्यु के बाद पूरी तरह बिखरने के गंभीर खतरे का सामना कर रही थी।

उन्होंने यह भी कहा कि खालिदा जिया के कार्यकाल के दौरान भारत-बांग्लादेश संबंध जटिल और अक्सर तनावपूर्ण रहे, जिसका कारण पूर्वोत्तर भारत में उग्रवादियों को कथित समर्थन और उन्हें बांग्लादेश में पनाह मिलना बताया गया। हालांकि सैन्य शासन के पश्चात उनकी देश में लोकतंत्र बहाली में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भारत की पूर्व उच्चायुक्त वीणा सिकरी ने कहा कि जिया के दूसरे कार्यकाल (2001-2006) के दौरान पाकिस्तान का प्रभाव काफी अधिक था और यह भारत के लिए बेहद कठिन समय था। पूर्व राजनयिक वेणु राजामोनी ने कहा कि जिया के शासन में भारत-बांग्लादेश संबंध जटिल और अक्सर तनावपूर्ण रहे।

## पति की कब्र के बगल में होंगी सुपुर्द-ए-ख़ाक

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को बुधवार को सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा और उन्हें उनके पति एवं पूर्व राष्ट्रपति जियाउर रहमान की कब्र के बगल में दफन किया जाएगा। अंतरिम सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बांग्लादेश राष्ट्रवादी पार्टी (बीएनपी) की लंबे समय तक प्रमुख रहीं और तीन बार प्रधानमंत्री रह चुकीं जिया का सुबह ढाका में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 80 वर्ष की थीं। विधि सलाहकार आसिफ नजरुल ने बताया कि जिया का अंतिम संस्कार बुधवार को जोहर की नमाज के बाद संसद के साउथ प्लाजा और उससे सटे मानिक मियां एवेन्यू में होगा।

## आधुनिक अस्त्र शस्त्रों से लैस होगी सेना

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत ने अपनी तीनों सेनाओं को और सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया है। इसके लिए सेनाओं को नए और अत्याधुनिक हथियारों और युद्ध में सहायक उपकरणों से लैस किया जा रहा है जो नई युद्ध प्रणाली में कारगर साबित होंगी। हाल ही में सरकार ने 79 अरब रुपये के सैन्य साजो सामान की खरीद को मंजूरी दी है। जिसके तहत तोपखाना रेजिमेंट की क्षमता में इजाफा करने के लिए घातक ड्रोन, कम ऊंचाई पर उड़ने वाले वायुयानों और ड्रोन का पता लगाने के लिए लो लेवल रडार, रॉकेट लांचर, लंबी दूरी तक मार करने वाले गाइडेड रॉकेट और लंबी दूरी तक मार करने वाली एंटी ड्रोन प्रणाली मार्क-2 शामिल है। इनसे न केवल सेना को मजूबती मिलेगी वरन वैश्विक परिदृश्य में भारत की सामरिक ताकत में भी इजाफा होगा।

## बढ़ेगी देश की ताकत



### बड़े हथियार और रणनीतिक प्रणालियां

- रक्षा मंत्रालय ने जिन हथियार और प्रणालियों की खरीद के प्रस्तावों को मंज़ूरी दी है। उसमें विशेष रूप से लॉइटर म्यूनिशन, लंबी दूरी के रॉकेट, उन्नत राडार और ड्रोन इंटरसेप्शन सिस्टम शामिल हैं, जिससे भारतीय सेना की युद्ध-क्षमता काफी मजबूत होगी। सेना के लिए क्लोज-क्वार्टर बैटल कार्बाइन जैसे आधुनिक छोटे हथियारों की खरीद भी तय हुई है, जो नजदीकी युद्ध और शहरी मुकाबलों में सैनिकों की प्रतिक्रिया क्षमता बढ़ाएंगे। नौसेना के लिए हैवी-वेट टॉरपीडो की खरीद से समुद्री लड़ाकू क्षमता में इज़ाफा होगा। इसके पूर्व भी सेना के लिए खरीद सौदों को मंजूरी दी गई थी।

### कम ऊंचाई के वॉर में बढ़ेगी क्षमता

- **लो लेवल रडार** : ऑपरेशन सिंदूर के बाद सेना का ध्यान जहां कम ऊंचाई वाले हवाई युद्ध में क्षमता बढ़ाने पर है। लो लेवल रडार कम ऊंचाई पर उड़ने वाले ड्रोन, यूएवी की पहचान कर सकेंगे और उन्हें खतरे से पहले नष्ट किया जा सकेगा।

**लांग रेंज गाइडेट रॉकेट** : लांग रेंज गाइडेड रॉकेट सामान्य रॉकेटों की तुलना में अचूक निशाना लगाने में सक्षम होगा।

**एंटी ड्रोन प्रणाली मार्क-2** : रेंज ज्यादा होने से यह युद्ध क्षेत्र और भीतरी इलाकों में रक्षा करने में सक्षम होगी। इससे दूर से ही दुश्मन को मार गिराया जा सकता है।

**ऑटो टेक ऑफ प्रणाली** : वायुसेना को स्वचालित टेक ऑफ और लैंडिंग रिकार्डिंग प्रणाली मुहैया कराई जाएगी जिससे हवाई सुरक्षा की कमियां दूर होंगी।

### महत्वपूर्ण भूमिका

- 2025 में सेना के कई सफल ऑपरेशन्स में इन नई प्रणालियों की भूमिका रही है, और इससे सेना की समग्र तैयारी और आत्म-निर्भरता में वृद्धि हुई है। आधुनिक युद्ध अब सिर्फ़ सैनिक ताकत नहीं, बल्कि तकनीक और प्रणाली की ताकत है। मॉडर्न हथियार और सिस्टम से सेनाओं की वास्तविक सैन्य सक्षमता बढ़ेगी, खासकर सीमा पर चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के मुकाबले में।

### समुद्र में भी मजबूत

- नौसेना को भी मानव रहित निगरानी ड्रोन के अलावा अन्य संशाधनों से लैस किया जा रहा है। नौसेना के युद्धपोतों और पनडुब्बियों को बंदरगाह पर सुरक्षित लाने और ले जाने के लिए बोलार्ड पुल टग्स दिए जाएंगे। गुप्त संचार के लिए हाई फ्रिक्वेंसी सॉफ्टवेयर डिफाइंड रेडियो मैनपैक से लैस किया जाएगा। यह पीठ पर लादा जा सकने वाली संचार प्रणाली है जिसे आसानी से हैक नहीं किया जा सकेगा।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### पुतिन ने मुर्मू, मोदी को दी नववर्ष की बधाई

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित विश्व के नेताओं को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। क्रेमलिन कहा कि क्रिसमस और नव वर्ष 2026" के लिए ये शुभकामनाएं दी गईं। पुतिन ने चीन और स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रमंडल देशों के नेताओं को शुभकामनाएं दीं, लेकिन उन प्रमुख यूरोपीय देशों को नजरअंदाज किया, जो वर्तमान में यूक्रेन युद्ध के कारण मॉस्को के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं। हालांकि, पुतिन ने नाटो और यूरोपीय संघ के मित्र सदस्य देशों हंगरी और स्लोवाकिया के नेताओं को भी शुभकामनाएं दीं।

### चीन कर रहा ताइवान पर हमले की तैयारी

**ताइपे।** अमेरिकी सीनेटर रोजर विकर ने चेतावनी भरे लहजे में कहा है कि चीन ने ताइवान पर हमला करने की तैयारी तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि चीन की तैयारी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) की नाकाबंदी करने की क्षमता दिखाने और चीनी कम्युनिस्ट पार्टी को ताइपे पर दबाव बनाने की अनुमति देने के लिए डिजाइन की गई है। रोजर ने कहा कि ये अभ्यास पीएलए की ताइवान की नाकाबंदी लागू करने की क्षमता दिखाने और कम्युनिस्ट चीनी पार्टी को ताइपे पर दबाव बनाने की अनुमति देने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

### कंबोडिया की सीमा पर ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया ने खासकर थाईलैंड से लगे अपने सीमावर्ती इलाकों में सोमवार की रात से बिना इजाजत के ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। कम्बोडिया के राष्ट्रीय रक्षा मंत्रालय ने कहा, राजधानियों और प्रांतों में विशेष रूप से कोह कोंग, पुरसात, बट्टमबांग, बंतेय मीनचे, ओडार मीनचे, प्रेह विहार और पायलिन के सीमावर्ती प्रांतों में बिना अनुमति के सभी प्रकार के मानवरहित हवाई वाहनों (ड्रोन) के उपयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाया जाता है।

### मीरा स्याल नव वर्ष की सम्मान सूची में शामिल

**लंदन।** प्रसिद्ध ब्रिटिश-भारतीय कलाकार मीरा स्याल मंगलवार को जारी उन ब्रिटिश-भारतीयों की सूची में शामिल हैं, जिन्हें महाराजा चार्ल्स तृतीय ने नव वर्ष पर सम्मानित किया है। स्याल को डेमहुड की उपाधि से नवाजा गया है। लंदन में रहने वाली हास्य कलाकार, लेखिका, अभिनेत्री और फिल्म निर्माता को साहित्य, नाटक और परोपकार सेवाओं के लिए डेम मीरा की उपाधि से सम्मानित किया गया है।

# परमाणु कार्यक्रम दोबारा शुरू करने पर ईरान पर हमला करेगा अमेरिका

## ट्रंप ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात के दौरान दी चेतावनी

- हमास को भी जल्द हथियार छोड़ने के लिए चेताया

पाम बीच (फ्लोरिडा), एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि यदि उसने अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा शुरू करने की कोशिश की तो अमेरिका उसके परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला कर सकता है। ट्रंप ने यह चेतावनी इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का अपने फ्लोरिडा स्थित आवास पर स्वागत के दौरान दी। नेतन्याहू गाजा सहित अन्य मुद्दों पर व्यापक बातचीत के लिए फ्लोरिडा पहुंचे हैं।

राष्ट्रपति ट्रंप ने यह चेतावनी ऐसे समय में दी है जब वे लगातार यह दावा करते रहे हैं कि जून में ईरान के प्रमुख परमाणु संवर्धन स्थलों पर अमेरिकी हमलों से तेहरान की परमाणु क्षमताएं पूरी तरह से खत्म हो गई हैं। हालांकि, इजराइली अधिकारियों के हवाले से स्थानीय मीडिया में ऐसी रिपोर्ट हैं कि ईरान इजराइल पर हमला करने में सक्षम लंबी दूरी की मिसाइलें फिर से तैयार कर सकता है। नेतन्याहू के मार-ए-लागो एस्टेट पहुंचने के तुरंत बाद ट्रंप ने कहा कि अब मैं सुन रहा हूं कि ईरान फिर से निर्माण करने की कोशिश कर रहा है और अगर वे ऐसा कर रहे हैं तो हमें उन्हें कुचलना पड़ेगा। हम उन्हें कुचल देंगे। ईरान का कहना है कि वह देश में किसी भी स्थल पर अब यूरेनियम संवर्धन नहीं कर रहा है। वह पश्चिमी देशों को यह संकेत देने की कोशिश कर रहा है कि वह अपने परमाणु कार्यक्रम पर संभावित बातचीत के लिए तैयार है लेकिन संभावना जताई जा रही है कि नेतन्याहू तेहरान के खिलाफ फिर से संभावित सैन्य कार्रवाई पर ट्रंप के साथ चर्चा करेंगे। नेतन्याहू की यह यात्रा गाजा के लिहाज से भी अहम है। ट्रंप अमेरिका की मध्यस्थता में इजराइल-हमास संघर्षविराम समझौता कराने की दिशा में नई गति पैदा करना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा कि वह वार्ता के दूसरे चरण तक जल्द से जल्द पहुंचना चाहते हैं। हालांकि उन्होंने साथ ही कहा कि लेकिन हमास को निरस्त्र करना होगा।



फ्लोरिडा में मार-ए-लागो क्लब में दोपहर के भोजन के दौरान मुलाकात करते अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू।

### ईरानी राष्ट्रपति पेजेशकियान ने कहा, हमले की स्थिति में कड़ा जवाब देंगे

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने मंगलवार को कहा कि किसी भी हमले की स्थिति में उनका देश कड़ा जवाब देगा। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को फिर से शुरू करने के मामले में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी के जवाब में उनका यह बयान आया है। पेजेशकियान ने एक्स पर पोस्ट किया कि किसी भी क्रूर आक्रमण पर इस्लामिक गणराज्य ईरान का जवाब कठोर और हतोत्साहित करने वाला होगा। ईरानी राष्ट्रपति ने इस बारे में विस्तार से नहीं बताया, लेकिन उनका यह वक्तव्य ट्रंप के बयान के बाद आया है। ट्रंप ने कहा था कि अगर ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को फिर से शुरू करने की कोशिश करता है, तो अमेरिका सैन्य हमले कर सकता है। ट्रंप ने सोमवार को संकेत दिया कि वह ईरान के खिलाफ एक और अमेरिकी हमले का आदेश दे सकते हैं। पेजेशकियान ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच तनाव पहले ही बढ़ चुका है। ईरान का कहना है कि वह यूरेनियम संवर्धन नहीं कर रहा है।

# सेना को कार्बाइन, नौसेना को मिलेंगे तारपीडो

नई दिल्ली, एजेंसी

- रक्षा मंत्रालय ने 4666 करोड़ के अनुबंधों पर किए हस्ताक्षर

रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए क्लोज क्वार्टर बैटल (सी क्यू बी) कार्बाइन और नौसेना के लिए हेवी वेट तारपीडो की खरीद के 4,666 करोड़ रुपये के अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए हैं।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में इन अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए गए। सेना और नौसेना के लिए सहायक उपकरणों के साथ लगभग 4 लाख 25 हजार सीक्यूबी कार्बाइन खरीदी जाएंगी और इसके लिए भारत फोर्ज लिमिटेड और पीएलआर सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के साथ 2,770 करोड़ रुपये का अनुबंध किया गया है। सी क्यू बी स्वदेशी, हल्की और कॉम्पैक्ट बंदूक है जिसे खास तौर पर नजदीकी लड़ाई और आतंकवाद विरोधी अभियानों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह उपलब्धि 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण के तहत पुरानी हथियार प्रणालियों को अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीक में बदलते हुए भारतीय सैनिकों को विश्वस्तरीय मारक क्षमता से लैस करने के असाधारण और सतत प्रयासों की परिणति है। सीक्यूबी आधुनिक पैदल सेना के शस्त्रागार का अहम हिस्सा हैं।

## रूस ने अपने बेड़े में शामिल की नई परमाणु मिसाइल

**मास्को।** रूस के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उसकी परमाणु सक्षम ओरेश्निक मिसाइल प्रणाली सक्रिय सेवा में शामिल हो गयी है। रूस-यूक्रन युद्ध को लेकर शांतिवार्ता में शामिल वार्ताकारों की लड़ाई को खत्म करने को लेकर की जा रही कोशिशों के बीच यह घटनाक्रम सामने आया है।

मंत्रालय ने बताया कि ये मिसाइलें पड़ोसी देश बेलारूस में तैनात की गयी हैं जहां सैनिकों ने इस अवसर पर एक संक्षिप्त समारोह आयोजित किया । हालांकि मंत्रालय ने यह नहीं बताया कि कितनी मिसाइलें तैनात की गई हैं । उसने कोई अन्य विवरण भी नहीं दिया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दिसंबर के आरंभ में कहा था कि ओरेश्निक इस महीने युद्धक सेवा में शामिल हो जाएगी।

## सऊदी अरब ने यमन पर की बमबारी, बढ़ा तनाव

दुबई, एजेंसी

- यूएई से अलगाववादियों के लिए लाए हथियारों पर साधा निशाना

सऊदी अरब ने यमन के बंदरगाह शहर मुकाला पर एक अलगाववादी संगठन के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से आई हथियारों की खेप को निशाना बनाकर बमबारी की। संयुक्त अरब अमीरात ने इन हमलों की तत्काल पुष्टि नहीं की। यह हमला सऊदी अरब और यूएई समर्थित 'सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल' (एसटीसी) के बीच तनाव और बढ़ने का संकेत देता है। इससे रियाद और अबू धाबी के रिश्तों में भी तनाव बढ़ने का संकेत मिलता है।

यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ एक दशक से जारी युद्ध में दोनों देश अलग-अलग पक्षों का समर्थन करते रहे हैं। सऊदी अरब द्वारा किए गए हवाई हमलों के बाद यमन में हूती-विरोधी बलों ने मंगलवार को आपातकाल की घोषणा कर दी।

इन बलों ने अपने नियंत्रण वाले इलाकों में सभी सीमा चौकियों को 72 घंटे के लिए बंद करने की घोषणा की। साथ ही, हवाई अड्डों और बंदरगाहों में प्रवेश पर भी रोक लगा दी है। केवल उन लोगों पर प्रतिबंध नहीं है जिन्हें सऊदी अरब ने अनुमति दी है। बाद में, सऊदी अरब ने यूएई को चेतावनी दी कि यमन में अलगाववादियों की गतिविधियों को उसके द्वारा दिया जा रहा समर्थन बेहद खतरनाक है। सऊदी विदेश मंत्रालय के इस बयान में यूएई को एसटीसी की हालिया गतिविधियों से सीधे तौर पर जोड़ा गया। यह बयान अलगाववादियों के कदमों को लेकर अबू धाबी के लिए चेतावनी है।

## बांग्लादेश ने भारत से अपने उच्चायुक्त को ढाका बुलाया

**ढाका।** भारत में बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्लाह विदेश मंत्रालय के आपात बुलावे पर सोमवार रात ढाका पहुंचे जहां मंगलवार को अंतरिम सरकार के दो वरिष्ठ सलाहकारों ने उनसे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि अंतरिम सरकार के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) खलीलुर रहमान ने विदेश कार्यालय में रियाज के साथ बैठक की। अधिकारियों ने चर्चा के विषयों पर जानकारी नहीं दी।

## युवा पीढ़ी को भारत की जड़ों और विरासत से जोड़ रहा संघ

नागपुर, एजेंसी

- इजराइली राजनयिक ने की संगठन के कार्यों की प्रशंसा

मध्य-पश्चिम भारत में इजराइल के महावाणिज्यदूत यानिव रेवाच ने युवा पीढ़ी को उनकी जड़ों, विरासत और भारत के इतिहास से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मंगलवार को प्रशंसा की और कहा कि संगठन द्वारा संचालित गतिविधियां बहुत प्रभावशाली हैं।

रेवाच ने यह भी कहा कि आतंकवाद से लड़ने में भारत और इजराइल रणनीतिक सहयोगी हैं। इजराइली महावाणिज्यदूत ने नागपुर हवाई अड्डे पर कहा कि मेरे लिए आरएसएस का दौरा करना और यहां उनके द्वारा आयोजित गतिविधियों को देखना महत्वपूर्ण था। ये गतिविधियां बहुत प्रभावशाली हैं क्योंकि वे युवा पीढ़ी के साथ काम कर रहे हैं और उन्हें भारत की जड़ों, विरासत और इतिहास से जोड़ रहे हैं।

उन्होंने एक दिन पहले रेशिमबाग क्षेत्र स्थित स्मृति मंदिर परिसर का दौरा किया था, जहां आरएसएस के संस्थापक हेडगेवार का स्मारक है।

## साहित्य महोत्सव में शामिल होंगी सुनीता विलियम्स

**नई दिल्ली।** नासा की पूर्व अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स 22 जनवरी से शुरू होने वाले नौवें केरल साहित्य महोत्सव (केएलएफ) में भाग लेने वाली हैं। उम्मीद है कि अंतरिक्ष में 300 से अधिक दिन बिता चुकीं 60 वर्षीय विलियम्स पृथ्वी से दूर अपनी यात्रा, विज्ञान, अन्वेषण, नेतृत्व और मानवीय जिज्ञासा की स्थायी शक्ति के बारे में बात करेंगी। केएलएफ के मुख्य सूत्रधार रवि डीसी ने कहा कि केरल साहित्य महोत्सव हमेशा से ही विज्ञान को महत्व देता आया है।

## हेलीकॉप्टर ध्रुव एनजी को दिखाई हरी झंडी

बेंगलुरु, एजेंसी

- नागरिक उड्डयन मंत्री ने बताया देश के लिए अहम उपलब्धि

केंद्रीय मंत्री राम मोहन नायडू ने मंगलवार को एचएएल द्वारा डिजाइन और निर्मित अगली पीढ़ी के हेलीकॉप्टर ध्रुव एनजी को हरी झंडी दिखाकर पहली उड़ान के लिए रवाना किया। यहां उड़ान भरने से पहले केंद्रीय मंत्री ने हेलीकॉप्टर की उन्नत प्रणालियों और विशेषताओं का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त करने के लिए पायलट के साथ कॉकपिट में प्रवेश किया।

ध्रुव एनजी महज 5.5 टन का एक हल्का, दो इंजन वाला और बहु-भूमिका हेलीकॉप्टर है, जिसे भारतीय भूभाग की विविध और चुनौतीपूर्ण आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बनाया गया है। केंद्रीय मंत्री ने हरी झंडी दिखाने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह हेलीकॉप्टर भारतीय विमानन इतिहास में एक बहुत महत्वपूर्ण उपलब्धि है और उन्होंने इस उपलब्धि के लिए एचएएल के सभी कर्मचारियों, डिजाइनरों और इंजीनियरों से लेकर तकनीशियनों तक को बधाई दी।




नायडू ने कहा कि नागरिक विमानन मंत्री के रूप में यह मेरे लिए विशेष रूप से गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि यह विकास स्वदेशी एयरोस्पेस विनिर्माण में भारत के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि ध्रुव-एनजी महज एक मशीन नहीं बल्कि आत्मनिर्भर भारत के प्रति भारत की क्षमता, आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने स्वदेशी शक्ति इंजन के लिए डीजीसीए द्वारा टाइप सर्टिफिकेट देने को नागरिक उड्डयन क्षेत्र के लिए अहम बताया।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 दिसंबर, बुधवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- पौष, पक्ष-शुक्ल पक्ष, द्वादशी 1 जनवरी 01.47 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- उत्तर, **ऋतु**- शिशिर।
**चन्द्रबल**-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
**ताराबल**- भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-कृत्तिका 1 जनवरी 01.29 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** - आज किसी पुरानी समस्या का समाधान मिलने के योग बन रहे हैं। वैवाहिक जीवन पर आपको काफी ध्यान देना चाहिए। परिवार के सदस्यों की चिंता रहेगी। आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। कानूनी मामलों में आपको सफलता मिलेगी।

**वृष** - आज धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर सकते हैं। उच्च शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश लेने के लिए दिन काफी शुभ है। किसी बड़े कार्य को लेकर धन की समस्या हल हो सकती है। बच्चों को बड़ी सफलता मिल सकती है।

**मिथुन** - आज लंबी दूरी की यात्रा न करें। सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अहंकारी प्रवृत्ति के लोगों को आलोचना झेलनी पड़ सकती है। रक्तचाप और गठिया रोगियों को परेशानी होने की संभावना है।

**कर्क** - आज अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। काफी दिनों से चली आ रही समस्या दूर होगी। कई पुरानी यादें अचानक आपके सामने उभरकर आएंगी। अनुसंधान संबंधित प्रोजेक्ट्स में सफलता मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे।

**सिंह** - आज अपनी उपलब्धियों पर गर्व होगा। आप जिस काम को बहुत आसान समझते हैं वही आपको काफी परेशान कर सकता है। आपकी आर्थिक स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। पड़ोसी आपकी काफी मदद करना चाहेंगे।

**कन्या** - आज आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। व्यवसाय में आप बड़ा और साहसिक निर्णय ले सकते हैं। लोग आपसे काफी अपेक्षाएं रखे हुए हैं, जिसे आप पूरा भी करेंगे। पारिवारिक जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक पालन करें।

**तुला** - आज नया काम शुरू करने के लिए दिन शुभ नहीं है। धर्म-कर्म के प्रति आपका रुझान कम हो सकता है। शारीरिक और मानसिक थकान हो सकती है। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक** - आज कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता के बावजूद आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आप परिजनों के साथ घूमने जा सकते हैं। परिवार में शांति का वातावरण रहेगा। बच्चों के करियर की चिंता हो सकती है। विद्वान लोगों की संगति आपके लिए लाभकारी होगी।

**धनु** - आज नया व्यवसाय शुरू करने के लिए दिन बेहद शुभ है। इसका सीधा लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी प्राप्त होगा। आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में लगेगा। आपकी छवि लोगों के बीच एक उदार और परोपकारी व्यक्ति के रूप में स्थापित होगी।

**मकर** - आज आत्मविश्वास में कमी महसूस होगी। बिना मांगे किसी को सलाह देने के कारण अपमान हो सकता है। लापरवाही के कारण आपके काम की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में चर्चा कर सकते हैं।

**कुंभ** - आज आपकी कोई बात निकटस्थ लोगों को व्यथित कर सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको नई चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। अपने स्वास्थ्य का ध्यान अवश्य रखें। प्रेमी जन के साथ संवादहीनता के कारण बात बिगड़ सकती है।

**मीन** - आज पैतृक व्यवसाय में आय बढ़ेगी। पति-पत्नी एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करेंगे। आपके सभी काम समय पर पूरे होने से आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार में सुख-समृद्धि बढ़ेगी। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

## सुडोकू -18

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 2 | | 9 | 4 | 1 | | |
| | | 3 | | 8 | | | | 5 |
| | | 9 | 6 | | 7 | | | |
| 3 | | | | 6 | | 7 | | 9 |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| 8 | | 6 | | 5 | | | | 2 |
| | | | 3 | | 8 | 5 | | |
| 5 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | 9 | 1 | | 8 | 6 | |

### सुडोकू - 17 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 8 | 1 | 3 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 7 | 3 | 5 | 8 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 |
| 1 | 9 | 2 | 5 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 4 | 6 | 3 | 5 | 8 | 7 | 9 | 1 |
| 5 | 1 | 9 | 7 | 4 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 8 | 7 | 3 | 9 | 1 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 9 | 1 | 2 | 8 | 7 |
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 3 | 1 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 1 | 2 | 7 | 5 | 3 | 4 | 9 |



भले ही ऑस्ट्रेलिया टी-20 या वनडे चैंपियन न हो, लेकिन वह दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीम है। फरवरी में जब हम भारत की मेजबानी करेंगे तो मैं और मेरी टीम सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेगी।
एशले गार्डनर
ऑलराउंडर, ऑस्ट्रेलिया


# स्टेडियम

बरेली, बुधवार,31 दिसंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com


हाईलाइट

## खालिदा जिया के निधन के बाद बीपीएल के मैच स्थगित

**ढाका।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया के निधन के बाद मंगलवार को होने वाले बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) के दो मैच स्थगित कर दिए हैं। दोनों मैच अब बुधवार को खेले जाएंगे। बीपीएल के मैच स्थगित करने का फैसला सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में सिलहट टाइटन्स और चटगांव रॉयल्स के बीच दिन के पहले मैच के टॉस से दो घंटे पहले लिया गया। 30 दिसंबर को होने वाले मैच 31 दिसंबर को खेले जाएंगे।

## पूरा वेतन न मिलने पर प्रो लीग का बहिष्कार करेंगे पाक खिलाड़ी

**लाहौर।** पाकिस्तान की हॉकी टीम के कुछ सीनियर खिलाड़ियों ने पूरा वेतन नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए फरवरी में होने वाले पुरुष एफआईएच प्रो लीग के दूसरे चरण का बहिष्कार करने की चेतावनी दी है। इन खिलाड़ियों ने आरोप लगाया कि उन्हें इस महीने की शुरुआत में खेले मैचों के लिए पूरा दैनिक भत्ता नहीं दिया गया है। पुरुष टीम के दो सदस्यों ने पुष्टि की कि पाकिस्तान हॉकी महासंघ को स्पष्ट संदेश भेज दिया गया था कि यदि वित्तीय मुद्दों का समाधान नहीं किया गया तो कई खिलाड़ी एफआईएच प्रो लीग के लिए उपलब्ध नहीं होंगे।

## पीसीबी ने मुख्य कोच महमूद से नाता तोड़ा

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टेस्ट टीम के मुख्य कोच अजहर महमूद से उनके अनुबंध की समाप्ति से तीन महीने पहले ही अलग होने का फैसला किया है। पूर्व टेस्ट ऑलराउंडर अजहर का अनुबंध मार्च 2026 तक था, लेकिन उन्हें समय से पहले हटा दिया गया है। पाकिस्तान अगला टेस्ट मैच मार्च 2026 में खेलेगा। बोर्ड के सूत्र ने बताया कि अजहर का अनुबंध मार्च में समाप्त हो रहा है और पाकिस्तान की टीम का टेस्ट दौरा मार्च 2026 से शुरू होगा, इसलिए बोर्ड नए मुख्य कोच के लिए अपनी रणनीति अभी से तैयार करना चाहता है।

## ब्रैडमैन की बैगी ग्रीन कैप होगी नीलाम

**सिडनी।** महान बल्लेबाज सर डोनाल्ड ब्रैडमैन ने भारत के 1947-48 के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान जो बैगी ग्रीन कैप पहनी थी उसकी अगले महीने नीलामी होगी। ब्रैडमैन ने भारतीय ऑलराउंडर श्रीरंगा वासुदेव सोहोनी को कैप उपहार में दी थी। वह स्वतंत्र भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट दौरा था। ब्रैडमैन के युग की बची हुई अधिकांश बैगी ग्रीन कैप विभिन्न संग्रहालयों या निजी संग्रहों में रखी गई हैं लेकिन इस कैप को कभी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित नहीं किया गया या बिक्री के लिए नहीं रखा गया।

## पेरी-सदरलैंड ने छोड़ा डब्ल्यूपीएल

**मुंबई।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की एलिस पेरी और दिल्ली कैपिटल्स की अनाबेल सदरलैंड ने मंगलवार को निजी कारणों का हवाला देते हुए अगले महीने होने वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) से नाम वापस ले लिया। ऑस्ट्रेलिया की पेरी के स्थान पर भारत की सायली सतघरे आरसीबी में और सदरलैंड के स्थान पर दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया की लेग स्पिनर अलाना किंग शामिल होंगी।

# भारतीय महिलाओं ने किया क्लीन स्वीप

## शृंखला के पांचवें और अंतिम टी-20 मैच में भी श्रीलंका परास्त

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

कप्तान हरमनप्रीत कौर के जुझारू अर्धशतक के बाद गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने पांचवें और अंतिम महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में मंगलवार को यहां श्रीलंका को 15 रन से हराकर पांच मैच की शृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। भारत ने किसी द्विपक्षीय शृंखला में स्वदेश में पहली और कुल तीसरी बार 5-0 से किसी टीम का सूपड़ा साफ किया है। श्रीलंका को पहली बार इस अंतर से हार का सामना करना पड़ा है।

भारत के 176 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की टीम हसिनी परेरा (65 रन, 42 गेंद, 8 चौके, 1 छक्का) और इमेशा दुलानी (50 रन, 39 गेंद, 8 चौके) के अर्धशतक और दोनों के बीच दूसरे विकेट की 79 रन की साझेदारी के बावजूद 7 विकेट पर 160 रन ही बना सकी। भारत की तरफ से दीप्ति शर्मा, अरुंधति रेड्डी, स्नेह राणा, वैष्णवी शर्मा, श्री चरणी और अमनजोत कौर ने एक-एक विकेट चटकाया।

हरमनप्रीत ने 43 गेंद में 9 चौकों और 1 छक्के से 68 रन की पारी खेलने के अलावा अमनजोत (21) के साथ छठे विकेट के लिए 61 रन जोड़कर भारत को 7 विकेट पर 175 रन के चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। अरुंधति ने अंत में 11 गेंद में 4 चौकों और 1 छक्के से नाबाद 27 रन बनाए। श्रीलंका की ओर से कविशा दिलहारी, कप्तान चामरी अटापट्टू और रश्मिका सेवांडी ने दो-दो विकेट चटकाए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे श्रीलंका ने दूसरे ओवर में ही कप्तान चामरी (2) का विकेट गंवा दिया, जिन्होंने अरुंधति की गेंद पर दीप्ति शर्मा को कैच थमाया। हसिनी और इमेशा ने पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 48 रन तक पहुंचाया। इमेशा ने दीप्ति पर लगातार दो चौकों के अलावा अरुंधति और स्नेह की गेंद को भी बाउंड्री के दर्शन कराए। इमेशा और हसिनी ने पावर प्ले के बाद स्ट्राइक रोटेट करने को तरजीह दी। दोनों ने हालांकि खराब गेंदों को सबक सिखाने में भी कोताही ही नहीं बरती। इमेशा ने वैष्णवी पर लगातार दो चौकों और फिर एक रन के साथ सिर्फ 38 गेंद में अपना पहला टी20 अर्धशतक पूरा किया।

हरमनप्रीत ने इसके बाद गेंद अमनजोत को थमाई जिन्होंने पहली ही गेंद पर इमेशा को शेफाली के हाथों कैच कराके भारत को बड़ी सफलता दिलाई। श्रीलंका के रनों का शतक 14वें ओवर में पूरा हुआ, लेकिन इसी ओवर में दीप्ति ने निलाक्षिका सिल्वा (3) को पगबाधा कर दिया। वैष्णवी ने अगले ओवर में कविशा दिलहारी (5) को बोल्ड करके श्रीलंका को चौथा झटका दिया। श्रीलंका को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 64 रन की दरकार थी। हसिनी ने अमनजोत की गेंद पर एक रन के साथ अपने 89वें मैच में पहला अर्धशतक पूरा किया। हसिनी ने श्री चरणी की लगातार गेंदों पर चौका और छक्का मारा लेकिन अगली गेंद पर बोल्ड हो गईं।

श्रीलंका ने विकेटकीपर बल्लेबाज कौशिनी नुथ्यानग्ना (1) और हर्षिता समरविक्रम के विकेट लगातार गेंद पर गंवाए, जिससे उसकी जीत की उम्मीदें टूट गईं। टीम को अंतिम दो ओवर में 34 रनों की जरूरत थी जो उसके लिए पहाड़ जैसा लक्ष्य साबित हुआ।

इससे पहले चामरी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद भारत ने फॉर्म में चल रही शेफाली वर्मा (5) का विकेट दूसरे ओवर में ही गंवा दिया जिनका लॉन्ग ऑन पर इमेशा दुलानी ने शानदार कैच लपका। पदार्पण कर रही सलामी बल्लेबाज जी कमालिनी (12) और हरलीन देओल ने माल्की मदारा और निमाशा मीपागे पर चौके जड़े। कविशा ने कमालिनी को पगबाधा करके भारत को दूसरा झटका दिया। भारत ने पावर प्ले में दो विकेट पर 40 रन बनाए। रश्मिका ने हरलीन (13) को बोल्ड करके भारत का स्कोर तीन विकेट पर 41 रन किया। हरमनप्रीत ने इनोका रणवीरा पर तीन चौकों के साथ आठवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया लेकिन ऋचा घोष सिर्फ पांच रन बनाने के बाद चामरी की गेंद पर विकेटकीपर कौशिनी नुथ्यानग्ना को कैच दे बैठीं। चामरी ने दीप्ति शर्मा (7) को निमाशा के हाथों कैच कराके भारत को पांचवां झटका दिया। अमनजोत कौर (21) ने 14वें ओवर में निमाशा पर चौके के साथ 31 गेंद के बाउंड्री के सूखे को खत्म किया जबकि हरमनप्रीत ने भी गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए।

हरमनप्रीत ने अगले ओवर में चामरी पर लगातार दो चौकों और 1 रन के साथ 35 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और टीम का स्कोर 100 रनों के पार पहुंचाया। हरमनप्रीत ने इनोका की लगातार गेंदों पर भी छक्का और चौका मारा। अमनजोत ने रश्मिका पर छक्का मारा, लेकिन अगली गेंद पर कविशा को कैच दे बैठीं। कविशा ने अगले ओवर में हरमनप्रीत को बोल्ड करके भारत को बड़ा झटका दिया। अरुंधति ने अंतिम ओवर में मदारा की लगातार गेंदों पर तीन चौके और एक छक्के के साथ टीम का स्कोर 170 रन के पार पहुंचाया।




टी-20 शृंखला जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ जश्न मनातीं भारतीय महिला खिलाड़ी।

### भारत

**175/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| शेफाली का दुलानी बो निमाशा | 05 |
| जी कमालिनी पगबाधा को कविशा | 12 |
| हरलीन देओल बो रश्मिका | 13 |
| हरमनप्रीत कौर बो दिलहारी | 68 |
| ऋचा घोष का कौशिनी बो चामरी | 05 |
| दीप्ति शर्मा का निमाशा बो चामरी | 07 |
| अमनजोत का दिलहारी बो रश्मिका | 21 |
| अरुंधति रेड्डी नाबाद | 27 |
| स्नेह राणा नाबाद | 08 |

**गेंदबाजी :** मदारा 4-0-37-0, निमाशा 3-0-25-1, कविशा 2-0-11-2, इनोका 4-0-39-0, रश्मिका 4-0-42-2, चामरी 3-0-21-2

### श्रीलंका

**160/7** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| हसिनी परेरा बो चरणी | 65 |
| अटापट्टू का दीप्ति बो अरुंधति | 02 |
| इमेशा का शेफाली बो अमनजोत | 50 |
| निलाक्षिका पगबाधा बो दीप्ति | 03 |
| कविशा दिलहारी बो वैष्णवी | 05 |
| समरविक्रम का हरलीन बो स्नेह | 08 |
| कौशिनी नुथ्यानग्ना रन आउट | 01 |
| रश्मिका सेवांडी नाबाद | 14 |
| माल्की मदारा नाबाद | 05 |

**गेंदबाजी :** दीप्ति 4-0-28-1, अरुंधति 2-0-16-1, स्नेह 4-0-31-1, वैष्णवी 4-0-33-1, चरणी 4-0-31-1, अमनजोत 2-0-17-1

आईसीसी महिला टी-20 रैंकिंग

# शेफाली-रेणुका ऊपर दीप्ति नंबर 1 पर कायम

दुबई, एजेंसी

भारत की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा आईसीसी महिला टी-20 खिलाड़ियों की रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गई हैं। 21 वर्ष की शेफाली ने श्रीलंका के खिलाफ टी-20 शृंखला के दूसरे मैच में 34 गेंद में नाबाद 69, तीसरे मैच में 42 गेंद में 79 और चौथे में 46 गेंद में 79 रन बनाए।

चौथे टी-20 में 80 रन बनाने वाली उपकप्तान स्मृति मंधाना तीसरे स्थान पर है जबकि जेमिमा रौड्रिग्स एक पायदान खिसककर 10वें स्थान पर हैं। अनुभवी हरफनमौला दीप्ति शर्मा गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं जबकि रेणुका सिंह ठाकुर शीर्ष दस में पहुंची हैं। तीसरे मैच में चार विकेट लेने वाली रेणुका आठ पायदान चढ़कर संयुक्त छठे स्थान पर हैं। भारत की बाएं हाथ की स्पिनर श्रीचरणी 17 पायदान चढकर 52वें और वैष्णवी शर्मा 390 पायदान चढ़कर 124वें स्थान पर है। श्रीलंका के लिए खब्बू सलामी बल्लेबाज हसिनी परेरा 114 पायदान चढ़कर 71वें स्थान पर पहुंच गई हैं।

## क्रिकेट में आपको ज़ीरो से शुरू करना होता है : स्मृति मंधाना

**त्रिवेंद्रम।** भारत की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने कहा कि क्रिकेट में हर पारी शुरू से शुरू होती है और पिछला प्रदर्शन भविष्य में सफलता की गारंटी नहीं देता, उन्होंने सभी फॉर्मेट में संतुलित सोच की जरूरत पर जोर दिया। बीसीसीआई के शेयर किए वीडियो में मंधाना ने कहा कि क्रिकेट में आपको जीरो से शुरू करना होता है। स्कोरबोर्ड हमेशा जीरो पर होता है। यह कभी नहीं होता जो आपने पिछले मैच या पिछली सीरीज में किया हो। अलग-अलग फ़ॉर्मेट में उम्मीदें अलग होती हैं, टी-20 में वनडे और टेस्ट की तुलना में अलग मानसिक नजरिए की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि टी20 थोड़ा इस तरह का है जहां आप आउट होने के बाद खुद पर बहुत ज्यादा सख़्त नहीं हो सकते क्योंकि आप ऐसी रफ़्तार से खेल रहे होते हैं जहां कुछ दिन ऐसे होते हैं जब यह कामयाब होगा और कुछ दिन ऐसे होते हैं जब यह नहीं होगा। मैं वनडे क्रिकेट और टेस्ट क्रिकेट को लेकर खुद पर बहुत सख़्त हूं, क्योंकि आपके पास बहुत समय होता है। अगर आप वहां आउट होते हैं, तो यह मेरे लिए पाप जैसा लगता है। जहां कुछ खास दिनों में काबिलियत से मैच जिताए जा सकते हैं, वहीं खिलाड़ियों को बिना सोचे नाकामियों को स्वीकार करना चाहिए।



# विश्व ब्लिट्ज शतरंज : कार्लसन ने रिकॉर्ड नौवां खिताब जीता, एरिगैसी को कांस्य

दोहा, एजेंसी

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए रिकॉर्ड तोड़ नौवां विश्व ब्लिट्ज शतरंज का खिताब अपने नाम कर लिया। दो दिन पहले ही उन्होंने रैपिड चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी सेमीफाइनल में हार गए और उन्हें मंगलवार को आयोजित विश्व ब्लिट्ज चैंपियनशिप में कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

युवा उज्बेक ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ निर्णायक मुकाबले में कार्लसन ने एक अनोखी चाल चलते हुए 2.5-1.5 से जीत हासिल की और ब्लिट्ज़ में अपना दबदबा कायम रखा। पहले तीन गेम के बाद दोनों खिलाड़ी 1.5 अंकों के साथ बराबरी पर थे। क्वालिफाइंग (स्विस राउंड) में लगातार हार के बाद नॉर्वेजियन खिलाड़ी के लिए यह जीत काफी संतोषजनक थी, जहां उन्हें नॉकआउट सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा था। इससे पहले एरिगैसी ने अन्य शीर्ष ग्रैंडमास्टर नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव को भी मात देकर तीन अन्य गेम ड्रॉ किए। एरिगैसी ने पहले दिन 10 अंक हासिल किए और मैक्सिम वाचियर लाग्रेव और अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं।

### कार्लसन ने गुस्से में मेज पर मारा मुक्का




भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी से हारने के बाद मैग्नस कार्लसन अपना आपा खो बैठे। कार्लसन अपना गुस्सा नहीं छिपा सके और उन्होंने मेज पर मुक्का मारकर उसे हिला दिया। कार्लसन ने इसी साल नॉर्वे शतरंज प्रतियोगिता में डी गुकेश से हारने के बाद मेज पर इसी तरह हाथ पटका था।

### महिला वर्ग में हंपी नहीं दोहरा सकीं प्रदर्शन

महिला वर्ग में दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हंपी रविवार को रैपिड वर्ग में कांस्य पदक जीतने के दौरान दिखाए प्रदर्शन को दोहरा नहीं सकीं और 10 राउंड के बाद संयुक्त रूप से 61वें स्थान पर खिसक गईं। उनका दिन पांच अंकों के साथ समाप्त हुआ, जहां उनके साथ चीन की ग्रैंडमास्टर टैन झोंगयी भी हैं। महिला विश्व कप विजेता दिव्या देशमुख छह अंकों के साथ संयुक्त रूप से 30वें स्थान पर हैं जबकि ग्रैंडमास्टर डी हरिका और आर वैशाली के समान 5.5 अंक हैं। महिला वर्ग में पांच और राउंड होंगे, जिनमें से शीर्ष चार खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचेंगे और उसके बाद फाइनल होगा।

2025

# खेलों में नारी शक्ति ने दिखाया जलवा

भारतीय खेल प्रतिस्पर्धाएं

## डोपिंग और प्रशासनिक समस्याएं बरकरार

नई दिल्ली, एजेंसी


चाहे वह क्रिकेट के मैदान की गहमागहमी हो या मुक्केबाजी का क्रूर रिंग या फिर शतरंज के बोर्ड पर दिमागी खेल हो या निशानेबाजी और तीरंदाजी में सटीक लक्ष्य लगाना, 2025 में महिला खिलाड़ियों ने हर खेल में अपनी खास छाप छोड़ी।

शतरंज में 19 वर्षीय खिलाड़ी दिव्या देशमुख भारत की पहली महिला विश्व कप विजेता बनीं। हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली क्रिकेट टीम ने मुश्किल दौर से उबरकर महिला वनडे विश्व कप जीतकर इतिहास रचा। निशानेबाजी में 19 वर्षीय सुरुचि सिंह ने 10 मीटर एयर पिस्टल में तीन व्यक्तिगत पदकों सहित चार विश्व कप स्वर्ण पदक जीतकर उस स्पर्धा में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई, जिसमें अब तक दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर का दबदबा रहा था। तीरंदाजी में 18 वर्षीय शीतल देवी न केवल बिना हाथ वाली पहली पैरा विश्व चैंपियन बनीं, बल्कि उन्होंने सक्षम शरीर वाले खिलाड़ियों की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए राष्ट्रीय टीम में भी जगह बनाई।

भारतीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट टीम भी श्रीलंका से विश्व चैंपियन बनकर लौटी। दीपिका टीसी के नेतृत्व में इन महिलाओं ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद सफलता हासिल की। मुक्केबाजी में पुरुष खिलाड़ियों को साल भर संघर्ष करना पड़ा लेकिन महिला खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया। जैस्मीन लैंबोरिया और मीनाक्षी हुडा ने विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतकर मनोबल बढ़ाया। फुटबॉल के मैदान पर जहां पुरुष टीम झटके झेलती रही, वहीं महिला टीम ने अगले साल के एएफसी एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करके आशा की किरण जगाई।




### मीराबाई चानू ने दी चुनौतियों को मात



भारोत्तोलन में मीराबाई चानू की श्रेष्ठता को इस साल भी कोई चुनौती नहीं दे सका। तोक्यो ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाली मणिपुर की यह खिलाड़ी भले ही अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन इसके बावजूद वह इस खेल में भारत की अग्रणी खिलाड़ी बनी हुई हैं। पीठ की लगातार समस्या से जूझने के बावजूद मीराबाई ने राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक के साथ-साथ विश्व चैंपियनशिप में रजत पदक भी जीता। उनका पसंदीदा 49 किलोग्राम वर्ग अब ओलंपिक सूची का हिस्सा नहीं है। ऐसे में यह देखना बाकी है कि वह 2028 में लॉस एंजिल्स खेलों के लिए किस तरह से तैयारी करती हैं।

### अंतिम पंघाल ने भी दिखाया दम



कुश्ती में महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने यह सुनिश्चित किया कि ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सेहरावत का निराशाजनक प्रदर्शन ही इस वर्ष चर्चा का एकमात्र विषय न हो। अंतिम ने विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता जो इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि इस साल कुश्ती डोपिंग विवादों और कुछ पहलवानों के अधिक वजन वर्ग के कारण प्रतियोगिताओं से बाहर होने के लिए अधिक चर्चा में रही थी।

### पुरुष क्रिकेट और हॉकी टीम में मची रही गहमागहमी

भारतीय महिला टीम ने जहां वनडे विश्व कप जीता वहीं पुरुष टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप अपने नाम किया। भारतीय पुरुष टीम हालांकि टेस्ट क्रिकेट में जूझती नजर आई। ऐसा ही कुछ भाला फेंक के धुरंधर नीरज चोपड़ा के साथ भी देखने को मिला। उन्होंने लंबे इंतजार के बाद दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर के जादुई आंकड़े को पार किया, लेकिन विश्व चैंपियनशिप में वह अप्रत्याशित रूप से आठवें स्थान पर रहे। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में परेशानी की शुरुआत इस साल दो दिग्गज खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के साथ हुई। भले ही देश को शुभमन गिल के रूप में एक नया कप्तान मिल गया हो, फिर भी ये दोनों खिलाड़ी प्रशंसकों के लिए सबसे बड़े आकर्षण बने रहे। ऐसा तब हो रहा है जबकि रोहित और कोहली दोनों अब केवल वनडे प्रारूप में खेलते हैं। आलोचनाओं से घिरे मुख्य कोच गौतम गंभीर और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने इन दोनों खिलाड़ियों के 2027 विश्व कप में खेलने की संभावनाओं पर सीधे जवाब देने से परहेज किया। पुरुष हॉकी टीम के लिए भी यह साल काफी अच्छा रहा। सीनियर टीम ने एशिया कप जीतकर 2026 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया और जूनियर टीम ने घरेलू धरती पर खेले गए विश्व कप में कांस्य पदक जीता। भारत ने अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी जीवंत उपस्थिति दर्ज कराई लेकिन इस साल भी खेल प्रशासन प्रमुख चिंता का विषय बना रहा, जैसा कि एआईएफएफ के वाणिज्यिक साझेदार खोजने के संघर्ष से स्पष्ट होता है।

सलाह

अभिनव बिंद्रा की अध्यक्षता वाले कार्यबल ने 170 पन्नों की रिपोर्ट खेल मंत्री को सौंपी

# कार्यबल ने बताईं कमियां, मांडविया बोले- करेंगे सुधार

नई दिल्ली, एजेंसी

अभिनव बिंद्रा की अध्यक्षता में खेल मंत्रालय द्वारा गठित कार्यबल ने भारत में खेल प्रशासन की कमियों को रेखांकित करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों समेत खेलों के विशेष पेशेवर कैडर को ट्रेनिंग देने के लिए एक स्वायत्त वैधानिक ईकाई के गठन की सिफारिश की है। कार्यबल ने 170 पन्नों की रिपोर्ट खेलमंत्री मनसुख मांडविया को सौंप दी है जिन्होंने मंगलवार को कहा कि भारत के खेल इकोसिस्टम को पेशेवर बनाने के प्रयास के तहत कार्यबल की सभी सिफारिशों को लागू किया जाएगा।

ओलंपिक 2036 तक भारत को शीर्ष दस खेल देशों में शामिल करने के लक्ष्य के तहत खेल मंत्रालय ने भारतीय खेल प्राधिकरण, राष्ट्रीय खेल महासंघों और प्रदेश संघों के मौजूदा प्रशासनिक ढांचे की समीक्षा करने, कमियों को तलाशने और सुधार के उपायों के लिए कार्यबल का गठन किया था। कार्यबल ने खेल शिक्षा और सामर्थ्य निर्माण राष्ट्रीय परिषद (एनसीएसईसीबी) के गठन की अनुशंसा की है जो खेल मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत्त ईकाई के रूप में काम करेगी और इसके जिम्मे खेल प्रशासन ट्रेनिंग को विनियमित करने, मान्यता देने और प्रमाणित करने की जिम्मेदारी होगी। नौ सदस्यीय कार्यबल इस साल अगस्त में बनाया गया था, जिसमे ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज बिंद्रा के अलावा आदिले सुमरिवाला और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना के पूर्व सीईओ कमांडर राजेश राजगोपालन भी थे।

कार्यबल ने रिपोर्ट में कहा है कि खेल प्रशासकों में पेशेवर कैडर का अभाव है और संस्थागत निरंतरता भी कमजोर है। ट्रेनिंग के मौके व्यवस्थित और आधुनिक नहीं है, जिसमे निरंतर पेशेवर विकास पर फोकस सीमित है। इसमें कहा गया कि खिलाड़ियों के रिटायर होने के बाद खेल प्रशासन में आने के रास्ते सीमित हैं चूंकि अधिकांश खिलाड़ियों में इसके लिए जरूरी कौशल का अभाव है।





### एनआईएस पटियाला को अकादमी बनाने का सुझाव खारिज

**नई दिल्ली।** पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान को खेल प्रशासकों की ट्रेनिंग के लिए अकादमी बनाने के प्रस्ताव को कार्यबल ने खारिज कर दिया है और इसे प्रतिबंधात्मक और अस्थिर बताया। कार्यबल से समीक्षा के लिए कहा गया था कि पटियाला स्थित नेताजी सुभाषचंद्र बोस खेल संस्थान को क्या खेल प्रशासकों के सामर्थ्य निर्माण के लिए अकादमी बनाया जा सकता है । एनआईएस पटियाला में मुक्केबाजी, भारोत्तोलन और एथलेटिक्स में ट्रेनिंग दी जाती है। इसके अलावा देश में कोचिंग डिप्लोमा देने वाला भी यह प्रमुख संस्थान है। कार्यबल ने कहा कि एक राष्ट्रीय अकादमी का सुझाव अच्छा है।